आज का मौसम

29.0° अधिकतम तापमान

26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.45 सूर्यास्त 06.37

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 11:48 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

रविवार, 24 अगस्त 2025, वर्ष 4, अंक 12, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये





क्या विपक्ष भ्रष्टाचार के पक्ष में है : मेघवाल - 13





चावल सस्ता गेहूं और चीनी महंगी - 13





अमेरिका से व्यापार समझौते में भारत के समक्ष है कुछ सीमाएं : जयशंकर - 13





विश्व कप में भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ महिला टीम : रीमा मल्होत्रा- 14


## कालिदास संस्कृत विवि के वीसी, पत्नी की हादसे में मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मऊ के दोहरीघाट में शनिवार सुबह सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकराई इनोवा
- परिवार संग जा रहे थे कुशीनगर के चकिया स्थित अपने पैतृक गांव

**अमृत विचार :** मऊ जिले के दोहरीघाट में वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर शनिवार सुबह खड़े ट्रेलर में इनोवा घुस गई। हादसे में कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय रामटेक नागपुर के कुलपति (वीसी) प्रो. हरेराम त्रिपाठी व उनकी पत्नी बादामी देवी की मौत हो गई। वहीं घायल चालक को सीएचसी दोहरीघाट पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक मूलतः कुशीनगर के फाजिलनगर स्थित चकिया निवासी प्रो. हरेराम त्रिपाठी संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। वह वर्तमान में कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय रामटेक नागपुर के कुलपति थे। शनिवार को वह पैतृक गांव चकिया जा रहे थे। इनोवा से नागपुर से निकले थे। गोपालगंज निवासी चालक वैभव मिश्रा के मुताबिक उसे नींद आने लगी तो खुद प्रो. त्रिपाठी गाड़ी चलाने लगे। बगल की सीट पर पत्नी बादामी देवी बैठी थीं। मऊ दोहरीघाट के अहिरानी के पास पेट्रोल पंप के सामने खड़े ट्रेलर में इनोवा जा घुसी। एसओ दोहरीघाट राजकुमार सिंह ने बताया कि परिजन को सूचना दे दी गई है।

## न्यायिक व्यवस्था सुगम और सुलभ होगी तभी सुशासन : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारी न्यायिक व्यवस्था सुगम, त्वरित और सुलभ हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण आवश्यक है और इसके लिए मजबूत और त्वरित न्यायिक व्यवस्था अनिवार्य है। योगी ने न्यायिक सेवा संघ के लिए 50 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड देने की घोषणा भी की।

सीएम योगी शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच परिसर में आयोजित उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के



मुख्यमंत्री योगी को पौध भेंट करतीं महिला न्यायिक अधिकारी।

- उप्र न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन में मुख्यमंत्री ने संघ के लिए 50 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड देने की घोषणा की

42वें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संघ की स्मारिका का अनावरण भी किया। सीएम ने जिला न्यायालयों में लंबित मामलों के निस्तारण के लिए डिस्पोजीशन क्लर्क की नियुक्ति के लिए आउटसोर्सिंग पर सैद्धांतिक सहमति देने की जानकारी भी दी। योगी ने कहा कि संविधान की मूल थीम 'न्याय, स्वतंत्रता और बंधुता' इस आयोजन का आधार है। कहा कि देश का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय प्रदेश का गौरव है। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयासों का विस्तार से उल्लेख किया। डिजिटल बुनियादी ढांचे और आधुनिक तकनीक को न्यायिक व्यवस्था में शामिल करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा कि ई-कोर्ट, ई-पुलिसिंग, ई-प्रिजन, ई-प्रॉसीक्यूशन और ई-फोरेंसिक के एकीकरण के लिए इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम पर काम चल रहा है।

डेटा-बेस्ड विश्लेषण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से लंबित मामलों को कम करने और न्याय प्रक्रिया को तेज करने की योजना है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति राजन राय, न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान, सभी जिलों न्यायाधीश समेत अवकाश प्राप्त न्यायमूर्ति गण आदि मौजूद रहे।

### 1.15 करोड़ से अधिक लंबित मामले चुनौती

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक वर्ष में 72 लाख मामलों का निस्तारण बड़ी उपलब्धि है। लेकिन 1.15 करोड़ से अधिक मामले लंबित होना एक चुनौती भी है। कहा कि हमारी गति जितनी तेज होगी, आम जनमानस में विश्वास उतना ही मजबूत होगा। सरकार सहयोग को तैयार है।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, डिजिटल युग में महिला समानता के मायने व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## अनिल अंबानी और आरकाम पर बैंक धोखाधड़ी का मामला दर्ज

### सीबीआई ने कंपनी और अंबानी के आवासीय परिसर की ली तलाशी

- 2929.05 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामले में की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने भारतीय स्टेट बैंक से 2929.05 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में मामला दर्ज करने के बाद शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के निदेशक अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आवास की तलाशी ली। सीबीआई ने कहा कि एजेंसी की टीम ने शनिवार को मुंबई में दो जगहों-रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड (आरकॉम) के आधिकारिक परिसर और अनिल अंबानी के आवासीय परिसर पर तलाशी ली।

सीबीआई ने गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर आरकॉम मुंबई, इसके निदेशक अनिल अंबानी, अज्ञात लोक सेवकों और अज्ञात अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। यह छापेमारी मुंबई के कफ परेड स्थित अंबानी के आवास सी विंड पर हुई। सीबीआई ने बताया कि अंबानी और आरकॉम पर कथित तौर पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सीबीआई ने कहा कि यह मामला बैंक के साथ धोखाधड़ी करने और इस तरह बैंक को 2929.05 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोपों में दर्ज किया गया। सीबीआई की प्रवक्ता ने कहा कि आरोप है कि आरोपियों ने आपराधिक साजिश के तहत गलत जानकारी दी और आरकॉम के पक्ष में एसबीआई से ऋण सुविधाएं स्वीकृत करवाईं। यह भी आरोप है कि ऋण की राशि का दुरुपयोग किया गया और इसमें हेरफेर की गई। प्रवक्ता ने कहा कि सीबीआई ने 22 अगस्त 2025 को मुंबई में विशेष अदालत से तलाशी वारंट प्राप्त किया और उसके बाद, आज (23 अगस्त) मुंबई में दो स्थानों पर तलाशी ले रही है, जिनमें रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड का आधिकारिक परिसर और अनिल अंबानी का आवासीय परिसर शामिल हैं। एसबीआई ने 10 नवंबर 2020 को कंपनी के खाते और प्रवर्तक अनिल अंबानी को धोखाधड़ी करने वाले की श्रेणी में रखा था और पांच जनवरी 2021 को सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई थी।

हालांकि, दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से छह जनवरी 2021 को पारित यथास्थिति आदेश के मद्देनजर शिकायत वापस कर दी गई थी। बैंक ने दो सितंबर 2023 को खाते के लिए धोखाधड़ी से संबंधित वर्गीकरण रद्द कर दिया। धोखाधड़ी से संबंधित वर्गीकरण प्रक्रिया को फिर से चलाया गया और 15 जुलाई 2024 के आरबीआई परिपत्र के अनुसार उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद खाते को फिर से धोखाधड़ी करने वाले के रूप में वर्गीकृत किया गया।



मुंबई के कफ परेड स्थित अनिल अंबानी का आवास सी विंड, जहां हुई छापेमारी।

### दिवाला प्रक्रिया की भी चल रही सुनवाई

आरकॉम दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुज़र रही है। समाधान योजना को एक समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था और छह मार्च 2020 को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), मुंबई में दायर किया गया था। बैंक ने अनिल अंबानी के ख़िलाफ़ दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के तहत एक व्यक्तिगत दिवाला समाधान प्रक्रिया भी शुरू की है, सुनवाई एनसीएलटी मुंबई कर रही है।

## अंतरिक्ष के गहन अन्वेषण के लिए तैयार रहें वैज्ञानिक

### राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने किया आह्वान



नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरिक्ष वैज्ञानिकों से मानवता के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े रहस्यों से पर्दा उठाने के लिए एक गहन अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन की तैयारी करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक वीडियो संबोधन में मोदी ने घोषणा की कि भारत भविष्य के मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों का एक समूह बनाने की तैयारी कर रहा है और उन्होंने युवाओं से इस समूह का हिस्सा बनने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम चंद्रमा और मंगल तक पहुंच चुके हैं। अब हमें गहरे अंतरिक्ष में झांकना है, जहां मानवता के भविष्य के लिए लाभकारी कई रहस्य छिपे हुए हैं।

मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद दूसरी उपलब्धि हासिल करना अब भारत और उसके वैज्ञानिकों की स्वाभाविक विशेषता बन गई है। प्रधानमंत्री ने देश भर के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, छात्रों और नीति निर्माताओं को संबोधित करते हुए कहा, हमारा क्षितिज आकाशगंगाओं से भी परे है। अनंत ब्रह्मांड हमें बताता है कि कोई भी सीमा अंतिम सीमा नहीं है।

### अंतरिक्ष...निजी क्षेत्र भी आगे आएं

उन्होंने कहा कि आप वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत की बदौलत, भारत जल्द ही गगनयान मिशन लॉन्च करेगा और अपना अंतरिक्ष स्टेशन भी बनाएगा। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से यह प्रश्न किया कि क्या अगले पांच वर्षों में पांच स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन सकते हैं। उन्होंने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से कहा कि मैं चाहूंगा कि निजी क्षेत्र आगे आएं... क्या हम उस मुकाम तक पहुंच सकते हैं जहां हम हर साल 50 रॉकेट प्रक्षेपित कर सकें? मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के पास इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक अगली पीढ़ी के सुधारों को लागू करने की मंशा और इच्छाशक्ति दोनों हैं। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को न केवल वैज्ञानिक अन्वेषण के एक साधन के रूप में बल्कि इसे जीवन सुगमता के साधन के रूप में भी देखता है।

### अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी शासन का अभिन्न अंग

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी भारत में शासन का एक अभिन्न अंग बनती जा रही है। उन्होंने फसल बीमा योजनाओं में उपग्रह आधारित मूल्यांकन, मछुआरों के लिए उपग्रह आधारित सूचना और सुरक्षा, आपदा प्रबंधन अनुप्रयोगों और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान में भू-स्थानिक डेटा के उपयोग का हवाला दिया। मोदी ने कहा कि तीन दिन पहले उन्होंने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और हर भारतीय को गर्व से भर दिया। उन्होंने कहा कि जब शुक्ला ने उन्हें तिरंगा दिखाया तो वह नि:शब्द हो गए।

## ब्रीफ न्यूज

### कर्नाटक के विधायक केसी वीरेंद्र गिरफ्तार



बेंगलुरु। कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र पप्पी को अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत शनिवार को सिक्किम से गिरफ्तार किया गया। ईडी ने शुक्रवार को कई राज्यों में छापेमारी शुरू की थी जिसमें 12 करोड़ रुपये, छह करोड़ के सोने के आभूषण, लगभग 10 किग्रा चांदी और चार वाहन जब्त किए। ईडी द्वारा जारी की गई तस्वीर में कैसीनो की मेज पर नोटों की बड़ी-बड़ी गड्डियां रखी हुई दिखाई दे रही हैं।

### दिल्ली से नवीन बाली गिरोह के तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बाहरी-उत्तरी दिल्ली के बवाना स्थित एक होटल से नवीन बाली गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। यहां एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस बरामदगी और गिरफ्तारी से पुलिस ने गैंगवार को टाल दिया। अधिकारी ने बताया कि राजेश बवानिया और नवीन बाली गिरोहों के बीच मौजूदा समय में प्रतिद्वंद्विता है, जिसके तहत आरोपी हत्या की साजिश रच रहे थे।

## मां ने दो बच्चों के साथ जहर खा जान दी

चित्रकूट कार्यालय

- गृह कलह के बाद विवाहिता ने उठाया आत्मघाती कदम

**अमृत विचार :** मारकुंडी थाना क्षेत्र के इटवां डुडैला गांव में शनिवार को एक विवाहिता ने गृहकलह से ऊबकर अपनी तीन संतानों के साथ जहर खा लिया। इससे मां और दो पुत्रियों की मौत हो गई, जबकि बेटा सतना के अस्पताल में भर्ती है।

गांव में बब्बू अपनी पत्नी ज्योति यादव (38) और तीन बच्चों के साथ रहता है। बब्बू किसी की गाड़ी चलाता है। दंपती में रोज कलह होती थी। शनिवार सुबह बब्बू काम पर चला गया तो ज्योति ने जहरीला पदार्थ खा लिया, अपने तीन बच्चों दीपचंद्र (8), चंद्रमा (6), बुलबुल (1) को भी जहर खिला दिया। शाम को बब्बू लौटा तो दरवाजा काफी देर खटखटाने के बाद भी नहीं खुला। इस पर वह बगल के घर से अपने घर की छत पर गया तो अंदर आंगन में चारों लोग बेसुध पड़े थे। सभी को मझगवां अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मां और दोनों बेटियों को मृत घोषित कर दिया। बेटे को सतना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारकुंडी थाना प्रभारी के अमावस्या मेले में व्यस्त होने की वजह से बात नहीं हो सकी।

## कार और टेंपो की टक्कर, 5 की मौत, सात घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर जहानाबाद क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर कार और सवारियों से भरे टेंपो की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

शनिवार दोपहर पीलीभीत से एक टेंपो सवारियां लेकर अमरिया की तरफ जा रहा था, बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर गांव सरदार नगर पेट्रोल पंप के पास अमरिया की ओर से आ रही कार से उसकी टक्कर हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर घायलों को सीएचसी जहानाबाद भिजवाया। वहां टेंपो चालक जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम दलेलगंज निवासी विजय (30), सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव नौगवां पकड़िया निवासी राजिदा



(40), उसकी नाती हमजा (3), पश्चिम बंगाल के मदनापुर निवासी जानेसार (10), फरीदा बी (32) को मृत घोषित कर दिया गया। सात अन्य घायल हुए। सभी को मेडिकल कॉलेज पीलीभीत भेजा गया। वहां से एक घायल को गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी आदि अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। हादसे की वजह वाहनों की तेज रफ्तार बताई जा रही है। फिलहाल इसे लेकर पड़ताल कराई जा रही है।

## चमोली में बादल फटा, युवती की मौत, बुजुर्ग लापता, कई घायल

संवाददाता, चमोली

**अमृत विचार :** चमोली जिले में बादल फटने से फिर तबाही का मंजर देखने को मिला है। तहसील थराली में अतिवृष्टि के कारण बरसाती नाले टूनरी गधेरे में आई बाढ़ से बाजारों और मकानों में मलबा भर गया। इस आपदा में एक युवती की मौत हो चुकी है जबकि एक बुजुर्ग लापता है।

कई लोग घायल हुए हैं। छह गंभीर घायलों को हेलीकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है जबकि दो दर्जन से अधिक का उपचार किया गया। मुख्यमंत्री धामी ने युद्ध स्तर पर बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। घटना शुक्रवार मध्यरात्रि के बाद की है। अतिवृष्टि के कारण बरसाती नाला उफान पर आ गया जिससे थराली के तहसील, चेपड़ों बाजार, कोटदीप बाजार तथा आसपास के क्षेत्रों के कई मकानों में दो फीट तक मलबा भर गया। सागवाड़ा गांव में मलबा में दबकर कविता नाम की युवती की मौत हो गई। चेपड़ों बाजार में लापता बुजुर्ग की तलाश की जा रही है। कुछ वाहन दब गए, एसडीएम आवास भी क्षतिग्रस्त हो गया।



प्रभावित क्षेत्र में बचाव कार्य में जुटी पुलिस और अन्य लोग।

- अतिवृष्टि से बरसाती नाले में आई बाढ़ बाजारों-मकानों में मलबा भरा
- मुख्यमंत्री धामी ने दिए युद्ध स्तर पर बचाव अभियान चलाने के निर्देश

असमंजस

अमेरिकी सीमा शुल्क नियमों में स्पष्टता के अभाव में कंपनियों का डाक ले जाने से इनकार

## टैरिफ का असर... अमेरिका की डाक सेवा रोकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 100 अमेरिकी डॉलर तक की वस्तुओं के लिए सेवाएं जारी रहेंगी

संचार मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी नए मानदंडों में स्पष्टता के अभाव के कारण हवाई वाहक कंपनियों ने अमेरिका जाने वाली डाक ले जाने से इनकार कर दिया है। इस वजह से अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। हालांकि, 100 अमेरिकी डॉलर तक के पत्रों, दस्तावेजों और उपहार वस्तुओं के लिए सेवाएं जारी रहेंगी।

अमेरिकी प्रशासन ने 30 जुलाई, 2025 को जारी एक कार्यकारी आदेश में कहा था कि 100 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के सामान पर 29 अगस्त से अमेरिका में सीमा शुल्क लागू होगा। कार्यकारी आदेश के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय डाक नेटवर्क के जरिए खेप पहुंचाने वाले परिवहन वाहकों को डाक पर शुल्क लेना और उसका भुगतान करना आवश्यक है। मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा ने 15 अगस्त, 2025 को कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे, लेकिन योग्य पक्षों के पदनाम और शुल्क संग्रह व प्रेषण से संबंधित कई प्रक्रियाएं अनिर्धारित हैं। ऐसे में अमेरिका जाने वाली एयरलाइनों ने परिचालन तैयारी कमी का हवाला देते हुए 25 अगस्त, 2025 के बाद डाक खेप स्वीकार करने में असमर्थता जताई है। इसके बाद, डाक विभाग ने 25 अगस्त, 2025 से अमेरिका जाने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।



### वस्तुएं न भेज पाने पर ग्राहकों के शुल्क वापस कर रहा डाक विभाग

मंत्रालय ने कहा कि सीबीपी और संयुक्त राष्ट्र डाक सेवा से आगे स्पष्टीकरण के आधार पर इन छूट प्राप्त श्रेणियों को स्वीकार किया जाएगा और अमेरिका भेजा जाएगा। डाक विभाग उन ग्राहकों को डाक शुल्क वापस कर रहा है, जिनकी वस्तुएं नहीं भेजी जा सकीं। जिन ग्राहकों ने पहले ही ऐसी सामग्री बुक कर ली है, और जो इन परिस्थितियों के कारण अमेरिका नहीं भेजी जा सकती, वे डाक शुल्क वापसी की मांग कर सकते हैं। डाक विभाग ने कहा कि अमेरिका के लिए पूर्ण सेवाएं जल्द से जल्द बहाल करने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं।

### नई व्यवस्था के तहत आने वाले सभी पार्सल पर लगेगा शुल्क

आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था के तहत सभी आने वाले पार्सल पर शुल्क लगेगा, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय डाक खेप तब तक शुल्क मुक्त रहेगी, जब तक कि अमेरिकी सीबीपी एक नई प्रवेश प्रक्रिया स्थापित करके उसे प्रकाशित नहीं कर देता। उन्होंने कहा कि इस निलंबन से वाशिंगटन के नए व्यापार उपायों से होने वाले तत्काल असर का पता चलता है, जिनसे वैश्विक ई-कॉमर्स बाधित हो सकता है। साथ ही भारत तथा अन्य देशों के निर्यातकों पर असर पड़ सकता है।

# अब यूपी में हावी नहीं हो सकती माफिया प्रवृत्ति : योगी

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में दो कल्याण मंडपम का किया लोकार्पण, कहा- बहनों और व्यापारियों के लिए खतरा नहीं बन सकते गुंडे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आठ वर्ष पूर्व तक कोई सोच भी नहीं सकता था कि यूपी दंगामुक्त और माफियामुक्त होगा। पर, आज दंगामुक्त, माफियामुक्त यूपी हकीकत है। अब यहां माफिया प्रवृत्ति हावी नहीं हो सकती। माफिया प्रवृत्ति को जड़मूल से उखाड़ दिया गया है। अब गुंडे यहां बहन, बेटियों और व्यापारियों के लिए खतरा नहीं बन सकते और न ही यहां के नौजवानों को रोजगार के लिए भटकना पड़ता है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर में दो कल्याण मंडपम (मानबेला व राप्तीनगर विस्तार योजना) का लोकार्पण करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। कहा कि उत्तर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव इसलिए आया है कि 2017 से जनता ने अच्छी सरकार चुनी। अच्छी सरकारें अच्छे के लिए सोचती हैं। मुख्यमंत्री ने जनता के बीच कुछ सवाल रखे और फिर उसका जवाब भी दिया। कहा कि प्रदेश में निवेश, फोरलेन कनेक्टिविटी, बंद खाद कारखाने को दोबारा चलाने, नए उद्योग लगवाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। पर आज देश में सबसे ज्यादा निवेश यूपी में हो रहा है। बड़े-बड़े उद्योग लग रहे हैं। हर तरफ फोरलेन सड़कों की कनेक्टिविटी हो रही है। गोरखपुर का बंद खाद कारखाना दोबारा चालू हो गया है।


गोरखपुर में कल्याण मंडपम के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान जनसमूह को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### बीमार मानसिकता का भी किया इलाज

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ वर्ष पूर्व इस सीजन में नवकी बीमारी (इंसेफेलाइटिस) से बहुत सारे बच्चे काल के गाल में समा जाते थे। सरकार ने इंसेफेलाइटिस और उसके कारकों का इलाज तो किया ही, प्रदेश को बीमार हाल पर छोड़ देने वाली बीमार मानसिकता का भी इलाज किया। यहां उनका इशारा पूर्व की सरकार की तरफ था। वे मानबेला में इंसेफेलाइटिस के दौर को याद कर भावुक हो उठे। कहा कि पूर्व की सरकार में योजनाओं का लाभ चेहरा देखकर दिया जाता था। पर, अब योजनाओं का लाभ चेहरा देखकर नहीं बल्कि सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के अनुरूप सबको दिया जाता है।

### योगी सरकार में बने रिकॉर्ड 39 कल्याण मंडपम

**अमृत विचार :** प्रदेश में अब तक 66 कल्याण मंडपम् परियोजनाओं को 260 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इनमें से रिकॉर्ड 39 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि 27 निर्माणाधीन हैं, जिन्हें जल्द ही जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इससे कमजोर वर्ग के परिवारों को महंगे मैरिज हॉल या बैंक्वेट हॉल की बुकिंग का भारी भरकम बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

## मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर तक चलेगा विशेष सफाई अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से 2 अक्टूबर तक प्रदेश भर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने अगले तीन माह तक व्यापक सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सफाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी दंडित किये जाएंगे। नगर विकास मंत्री शनिवार को विभाग की वर्चुअल समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। नगर विकास मंत्री ने सभी बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 'फ्लड मैनुअल' तैयार करने के निर्देश दिए ताकि बाढ़ प्रबंधन व राहत कार्य समयबद्ध और प्रभावी ढंग से किए जा सकें। उन्होंने कहा कि सभी नगर निकाय डोर-टू-डोर शत-प्रतिशत कचरा संग्रहण सुनिश्चित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### आईएटीओ सम्मेलन में यूपी बना आकर्षण का केंद्र

**अमृत वितार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पर्यटन ने एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। ओडिशा के पुरी में चल रहे भारतीय पर्यटन ऑपरेटर संघ (आईएटीओ) के 40वें वार्षिक सम्मेलन में कन्नौज की सैकड़ों साल पुरानी इत्र बनाने की परंपरा, काशी-अयोध्या-प्रयागराज का आध्यात्मिक त्रिकोण और दीपोत्सव व रंगोत्सव जैसे भव्य आयोजन की झलक प्रस्तुत की गई। कन्नौज के इत्र और परफ्यूम टूरिज्म ने प्रतिनिधियों का मन मोह लिया। 22 से 25 अगस्त तक आयोजित इस सम्मेलन का विषय "रीजुवेनेट इनबाउंड @2030" है और इसमें लगभग 1000 प्रतिनिधि (टूर ऑपरेटर, ट्रैवल मीडिया, होटल उद्योग और नीति निर्माता) शामिल हुए हैं। इस मौके पर यूपी के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे विविधतापूर्ण पर्यटन गंतव्य बनाया जा रहा है।

### विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** 31 अगस्त को लखनऊ के गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में 'विमुक्त जाति दिवस' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से विमुक्त जाति समुदाय के लोग हिस्सा लेंगे, जो सामाजिक समावेश और सशक्तीकरण का प्रतीक होगा। 'विमुक्त जाति दिवस' का ऐतिहासिक महत्व है। 31 अगस्त 1952 को भारत सरकार ने अंग्रेजों द्वारा थोपे गए काले कानून 'क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट' को समाप्त किया था, जिसने कई समुदायों को अपराधी घोषित कर उनके अधिकार छीन लिए थे।

### एमडीएस में 27 तक छोड़ सकते हैं सीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट पीजी 2025 की संपन्न तीन काउंसिलिंग अंतर्गत एमडीएस में सीट प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी अगर सीट छोड़ना चाहते हैं तो वह 27 अगस्त शाम 5 बजे तक छोड़ सकते हैं। इसके लिए उन्हें संबन्धित नोडल सेंटर जाना होगा, अन्यथा धरोहर राशि वापस नहीं होगी। यह निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

### कांग्रेस गठित करेगी रैपिड एक्शन फोर्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग में रैपिड एक्शन फोर्स का गठन किया जाएगा। यह पूरे प्रदेश में गरीबों व प्रताड़ित किए जा रहे लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करेगी। मतदाता सूची की देखरेख भी करेगी। राष्ट्रीय महासचिव शनिवार को प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय 'विधि विभाग प्रतिनिधि चिंतन कार्यशाला' को संबोधित कर रहे थे।

### दिनेश गुप्ता को विशिष्ट राष्ट्रीय सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वर्ग विभा परिवार, मुंबई की ओर से हिन्दी साहित्य सेवा के लिए उप्र सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के मुख्यालय में उप संपादक हिंदी दिनेश कुमार गुप्ता को डॉ. तारा सिंह विशिष्ट राष्ट्रीय सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। उप संपादक के सम्मानित होने पर प्रदेश की विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं, लेखकों, कवियों व पत्रकारों ने हार्दिक बधाई दी है।



## छात्रवृत्ति घोटाले में ऑपरेटर गिरफ्तार

- ईओडब्ल्यू के आपरेशन शिकंजा के तहत 50वीं गिरफ्तारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत 50वीं गिरफ्तारी शनिवार को की। गिरफ्तार कंप्यूटर ऑपरेटर नोएडा में हुए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली 11.33 करोड़ की छात्रवृत्ति घोटाले का आरोपी है। उसके खिलाफ 2014 में नोएडा के सूरजपुर थाने में एफआईआर दर्ज थी। इस मामले में कुल 34 आरोपी थे। जिनमें एक की मौत हो गई थी। वहीं, 24 आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके हैं। 9 की तलाश की जा रही है।


चंद्रमणि सिंह

ईओडब्ल्यू अधिकारी के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी चंद्रमणि सिंह लखनऊ में चिनहट के पूर्वांचल एन्क्लेव सिमरा में रहता है। वह पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौतमबुद्धनगर कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात था। ईओडब्ल्यू अधिकारी के मुताबिक, बैंक अधिकारियों से मिलीभगत कर फर्जी खाते खोलकर अपात्र लोगों को रुपये बांट दिये गये।

## सीएमओ पर प्रताड़ना का आरोप, दिया इस्तीफा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखीमपुर-खीरी में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (डीसीएमओ) पद पर तैनात डॉक्टर ने अपने ही सीएमओ डॉ.संतोष गुप्ता पर न केवल प्रताड़ना व अत्याचार के आरोप लगाए, बल्कि अधीनस्थ चिकित्सक द्वारा सार्वजनिक रूप से बदसलूकी व जाति सूचक शब्दों से अपमानित कराने का आरोप लगाते हुए नौकरी से त्याग पत्र दे दिया है। लखीमपुरी-खीरी में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. लाल जी पासी ने, सीएमओ डॉ.संतोष गुप्ता को त्याग पत्र भेजा है। उक्त संबन्ध में लखीमपुरखीरी सीएमओ डॉ.संतोष गुप्ता ने चुप्पी साध ली, वहीं स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.रतन पाल सिंह सुमन से संपर्क नहीं हो सका।

## एसटीएफ से मुठभेड़ में एक लाख का इनामी ढेर

- आजमगढ़ के जहानागंज थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के हुई मुठभेड़
- शंकर कनौजिया पर दर्ज हैं हत्या लूट, अपहरण के 10 मामले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसटीएफ और आजमगढ़ पुलिस से शनिवार को जहानागंज इलाके में हुई मुठभेड़ में इनामी बदमाश शंकर कनौजिया की गोली लगने से मौत हो गई। उसके पास से एक कार्बाइन, पिस्टल, खुखरी और कारतूस बरामद किए गए हैं। एक लाख के इनामी कनौजिया पर हत्या, लूट, हत्या के प्रयास जैसे 10 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक, वाराणसी यूनिट के इंस्पेक्टर पुनीत परिहार की टीम रौनापार के हाजीपुर गांव निवासी एक लाख के इनामी बदमाश शंकर कनौजिया की तलाश में जुटी थी। टीम को सूचना मिली कि कनौजिया जहानागंज इलाके में वारदात को अंजाम देने आने वाला है। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर उसे पकड़ने का ऑपरेशन शुरू किया। सुबह 4 बजे नरेहथा पुलिया के पास बाइक से दो लोग आते दिखे। रुकने का इशारा करने पर फायरिंग करने लगे। टीम की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में कनौजिया घायल हो गया, जबकि साथी भाग निकला। कनौजिया को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर के मुताबिक, कनौजिया हत्या कर पिकप लूटने की वारदात के बाद से फरार था। कनौजिया पर वाराणसी के एडीजी पीयूष मोर्डिया ने एक लाख रुपये इनाम घोषित किया था।


शंकर कनौजिया

### दो चालकों का सिर काटकर लूटी थीं दो पिकअप

एसटीएफ अधिकारी के मुताबिक 11 जुलाई 2024 को आजमगढ़ के रौनापार में सिर कटी लाश मिली। मृतक की पहचान शैलेंद्र के रूप में हुई। एक वर्ष बाद भी सिर नहीं मिला। हत्या में शामिल तीन में दो आरोपियों रामछवि उर्फ दबिया और छांगुर को पुलिस ने 15 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया था। कनौजिया फरार था। आरोपियों ने गोरखपुर से फर्जी कागजों के सहारे पिकअप बुक कर वारदात की साजिश रची थी। 3 जुलाई को शैलेंद्र को लाटघाट बुलाकर खाद्य पदार्थ में जहरीला पदार्थ खिलाया कर अचेत कर दिया था। वहीं, वर्ष 2011 में कनौजिया ने अनिरूद्ध व अरविंद यादव के साथ मिलकर विंध्याचल पांडेय का सिर काट कर हत्या कर लोडर लूटा था। विंध्याचल का धड़ घाघरा नदी में फेंका था। कनौजिया फरार हो गया था, जबकि उसके साथी अनिरुद्ध व अरविंद गिरफ्तार कर लिए गए थे।

## अपना दल कमेरावादी ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपना दल (कमेरावादी) विधायक पल्लवी पटेल ने महिला उत्पीड़न और अपना दल के नेता सोनेलाल पटेल की हत्या की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर राजधानी में शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन बर्लिंगटन चौराहे से शुरू किया और विधानभवन की ओर प्रदर्शन करते हुए बढ़ने लगे, कुछ दूरी ही रास्ता तय किया था कि रतन स्क्वायर के पास से पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। उनके साथ प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लेकर ईको पार्क में छोड़ दिया।



महिला उत्पीड़न और अपना दल के नेता सोनेलाल पटेल की हत्या की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर राजधानी लखनऊ में कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन करतीं अपना दल (कमेरावादी) की विधायक पल्लवी पटेल। • अमृत विचार

## अनियमितता में रायबरेली के क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी निलंबित

- ईंट-भट्ठा संचालन में अनियमितता का आरोप
- पांच साल का शुल्क लेकर महज दो साल भट्ठा संचालन की सहमति दी
- तीन सदस्यीय टीम रिपोर्ट पर बोर्ड के अध्यक्ष ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईंट-भट्ठों के संचालन के लिए सहमति दिए जाने में अनियमितता करने के आरोप में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रायबरेली के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार विश्वकर्मा को निलंबित कर दिया गया है।

क्षेत्रीय अधिकारी रायबरेली के खिलाफ अनिमितता की शिकायतें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मिली थीं। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए बोर्ड के अध्यक्ष ने इसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। समिति में पर्यावरण अभियंता प्रवीण व राधेश्याम और मुख्य विधि अधिकारी अनुज चौबे शामिल थे। जांच टीम ने पिछले तीन महीने में क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी द्वारा निस्तारित किए गए 35 मामलों की पड़ताल की। इसमें पांच मामलों में अनियमितता की पुष्टि हुई।

जांच में पाया गया है कि इन्होंने ईंट-भट्ठा मालिकों से पांच साल का शुल्क लेकर महज दो साल भट्ठा संचालन की सहमति दी। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र प्रताप सिंह ने विश्वकर्मा को निलंबित कर दिया है। बोर्ड के सदस्य सचिव संजीव कुमार ने निलंबन का आदेश जारी किया है।

## अंतरराष्ट्रीय खरीदार देखेंगे 'मेड इन यूपी' की ताकत

- उप्र. इंटरनेशनल ट्रेड शो में 75 देशों के 340 से ज्यादा बायर्स ने कराई बुकिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की समृद्ध परंपरा, उद्यमिता और कारीगरों का हुनर अब वैश्विक मंच पर और अधिक चमकने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में करीब 80 देशों से 500 से अधिक बायर्स के आने की उम्मीद है। इनमें से अब तक 75 देशों के 340 से ज्यादा बायर्स ने आने की पुष्टि भी कर दी है। यूरोप, एशिया, अमेरिका और अफ्रीका समेत दुनियाभर में फैला यूपीआईटीएस का नेटवर्क है।

योगी सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना पहले ही प्रदेश को अलग पहचान दिला चुकी है। यूपीआईटीएस में इन उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी लगाकर इन्हें वैश्विक खरीदारों से सीधे जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर आयोजित यह शो उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय व्यापार का हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इस मेगा इंटरनेशनल शो को खास बनाने के लिए 17 प्रमुख सेक्टर्स के उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## बलिया में बिजली अभियंता पर हमला

- अभियंता की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई
- अभियंता संघ ने की पर्याप्त सुरक्षा की मांग
- लंबित 'इंजीनियर प्रोटेक्शन एक्ट' को लागू किए जाने की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलिया में कार्यालय में घुसकर बिजली के अधीक्षण अभियंता पर जानलेवा हमला किया गया। इस मामले में अभियंता की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने इस जानलेवा हमले का कड़ा विरोध किया है। साथ ही, सरकार व प्रबंधन से अभियंताओं को समुचित सुरक्षा देने व आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि विभाग में अधीक्षण अभियंता जिले पर सबसे बड़े अधिकारी होते हैं। अगर अभियंता के साथ कार्यालय में घुसकर जानलेवा हमला होता है तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने इस घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए हमलावरों के खिलाफ एफआईआर तत्काल दर्ज कर गिरफ्तार कराए जाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि इससे पूर्व कुशीनगर में 24 जुलाई को सरकारी कार्यालय में कार्य कर रहे उपखंड अधिकारी (विद्युत) शुभम अग्रहरी पर हमला हुआ था और कार्यालय में तोड़फोड़ हुई थी। उपखंड अधिकारी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट का वीडियो प्रदेश भर में वायरल होता रहा। उपखंड अधिकारी की ओर से प्रार्थना पत्र देने के बाद अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। संघ के महासचिव ने ऊर्जा निगमों में लगातार बिजली अभियंताओं पर उनके कार्यालयों में घुसकर हो रही मारपीट की घटनाओं में शामिल हमलावरों पर कठोर कार्रवाई करने व शासन स्तर पर लंबित 'इंजीनियर प्रोटेक्शन एक्ट' को लागू किये जाने की मांग की।

## लोगों के अधिकार छीन रही भाजपा सरकार : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों के अधिकार छीन रही है। वोट की चोरी की, चुनावी प्रक्रिया पर डकैती डाली है। जनता के वोट की लूट की। आने वाला चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। यह फिर एक बार आजादी का चुनाव है। संविधान और अधिकार बचाने का चुनाव है।

सपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए पीडीए समाज के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में सभी की भागीदारी रहेगी। सभी को न्याय और सम्मान मिलेगा। प्रदेश में अवरुद्ध हुए विकास के कार्य फिर से शुरू किए जाएंगे। प्रदेश और केन्द्र की भाजपा सरकार ने सब कुछ बर्बाद कर दिया है। केन्द्र सरकार ने अर्थव्यवस्था बर्बाद कर दिया। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। विदेश नीति फेल हो गयी है।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार बड़े-बड़े दावे करती थी कि दुनिया में डंका बज रहा है, लेकिन जब जरूरत पड़ी तो कोई देश भारत के साथ नहीं खड़ा हुआ।

पेंच — स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर सेवाएं देने में डॉक्टरों की आयु सीमा बढ़ाने का मामला

## सही प्रस्ताव की कमी से अटका चिकित्सकों का पुनर्नियोजन

- विशेषज्ञ पदों का विवरण स्वास्थ्य विभाग भेजे तो 70 वर्ष आयु सीमा पर बने बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार सेवानिवृत्त होने वाले चिकित्सकों को संविदा (पुनर्नियोजन) पर सेवाएं देने के लिए अधिकतम उम्र 65 से बढ़ाकर 70 वर्ष करना चाह रही है, मगर स्वास्थ्य विभाग से सही से प्रस्ताव नहीं मिल रहा है। शासन द्वारा दोबारा स्वास्थ्य विभाग से ग्रेड वन से ग्रेड सात तक विशेषज्ञों के रिक्त पदों के सापेक्ष विवरण मांगा जा रहा है, जबकि प्रशासनिक पदों पर डटे विशेषज्ञ चिकित्सक अधिकारी मामले को ठंडे बस्ते में डाले हैं।

स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव अनिल कुमार सिंह द्वारा स्वास्थ्य महानिदेशक को जारी आदेश से स्पष्ट है कि विभाग विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त 4331 पदों को भरने के लिए प्रयासरत है, कैबिनेट में स्वीकृत प्राप्त करने के लिए उसे मजबूत प्रस्ताव चाहिए, जिसकी अपेक्षा स्वास्थ्य महानिदेशक से की गयी थी, मगर विभाग द्वारा बिना विस्तृत विवरण प्रस्तुत किए, पुनर्नियोजन पदों के लिए आयु सीमा 70 वर्ष किए जाने का प्रस्ताव भेज दिया गया है। जिसे शासन द्वारा न केवल खारिज कर दिया गया है, बल्कि प्रस्ताव को सतही बताते हुए एक सप्ताह में लेवलवार रिक्त पदों को भरने के लिए फ्लो चार्ट की कार्य योजना संबन्धी प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। शासन के उक्त पत्र के बाद निदेशालय में तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों को पसीना आना शुरू हो गया है, महानिदेशालय समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकांश कार्यालयों में प्रशासनिक पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सक ही तैनात हैं, ग्रेडवार रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती दिखाने पर, तैनाती पर संकट भी आ सकता है, क्योंकि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में निर्देश जारी हो चुके हैं कि विशेषज्ञ चिकित्सकों को किसी भी सरकारी अस्पताल में सप्ताह में दो दिन चिकित्सकीय सेवाएं देनी होंगी।

### 273 विशेषज्ञों की बनी रहेगी उपलब्धता

पुनर्नियोजन के 1000 पद के सापेक्ष मात्र 349 डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं, गौरतलब है कि इनमें 273 विशेषज्ञ चिकित्सक हैं, जिनमें हर माह 65 साल आयु पूरी करने वाले चिकित्सक सेवामुक्त हो रहे हैं। इन्हें सेवाओं में बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य महानिदेशालय ने पुनर्नियोजन के पदों पर आयु की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष से बढ़ाकर 70 साल किए जाने का प्रस्ताव भेजा था।

> पुनर्नियोजन के पद पर आयु सीमा बढ़ाकर 70 साल किए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था, दोबारा पत्र में ग्रेड वार फ्लो चार्ट, यानि ग्रेड वन में चार साल की सेवाएं देने के बाद ग्रेड दो में प्रमोशन दिया जाता है, इसी तरह ग्रेड दो में छह साल सेवाएं देने के बाद, ग्रेड थ्री में पदोन्नति मिलती है। यही क्रम ग्रेड सात तक निर्धारित है। जिसे दोबारा के प्रस्ताव में अंकित करते हुए भेजा जाएगा।
>
> -डॉ.रतन पाल सिंह 'सुमन' स्वास्थ्य महानिदेशक उप्र.

## खाद की किल्लत को लेकर प्रदर्शन

### आम आदमी पार्टी ने किया प्रदेशव्यापी आंदोलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में खाद की भारी किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राजधानी में स्वास्थ्य भवन चौराहे समेत प्रदेशभर के सभी तहसील मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश में किसानों को अविलंब खाद उपलब्ध हो, इसके लिए जिलाधिकारी कार्यालय में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे लखनऊ के जिलाध्यक्ष इरम रिजवी ने बताया कि किल्लत के कारण किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है। यह सरकार की घोर नाकामी और किसानों के साथ किया जा रहा अन्याय है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की लापरवाही ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेती का मौसम चल रहा है और किसानों को खाद उपलब्ध न कराना सीधे-सीधे उनकी आजीविका पर हमला है। यह शर्मनाक है कि किसान अपनी ही धरती पर अन्न उपजाने के लिए बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं।



लखनऊ में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते आप पार्टी के कार्यकर्ता।

## न्यूज ब्रीफ

### दीपोत्सव व कार्तिक मेले को लेकर बैठक 26 को

अयोध्या, अमृत विचार। प्रांतीयकृत दीपोत्सव मेला 2025 दिनांक 17 से 20 अक्टूबर व परिक्रमा, कार्तिक पूर्णिमा मेला 30 से पांच नवंबर तक संपन्न होगा। मेले की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में 26 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक होगी। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (नगर) व मेलाधिकारी योगानंद पांडेय ने दी।

### त्योहारों में नई परंपरा को अनुमति नहीं

सोहावल, अमृत विचार। जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी व गणेश पूजा को लेकर रौनाही थाना प्रभारी की अध्यक्षता में शनिवार को शांति कमेटी की बैठक हुई। थाना प्रभारी संदीप सिंह ने कहा सभी त्योहार हंसी-खुशी व शांति से मनाए। त्योहारों में कोई नई परंपरा नहीं स्थापित करने दी जाएगी। इस मौके पर निरीक्षक अपराध अब्दुल रहमान, जलालुद्दीन कादरी, मुफ्ती गुलाम मुर्तुजा खान, हाजी जावेद, मौलाना शाहिद आदि मौजूद रहे।

### मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन कल

अयोध्या, अमृत विचार। मंडलायुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में 25 अगस्त को आयुक्त सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन अपरान्ह दो बजे से किया गया है। राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा दो बजे 03:15 बजे तक, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा 03:30 बजे से छह बजे तक व कानून व्यवस्था की समीक्षा छह बजे से सात बजे तक की जाएगी। यह जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त राजेश कुमार झा ने दी।

### गमछे के सहारे लटका मिला अधेड़ का शव

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार: पूराकलंदर थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में गांव निवासी राज बहादुर पांडेय उर्फ पतालू (50) का शव दालान में छत के हुक से गमछे के सहारे लटकता मिला। वह शुक्रवार रात खाना खाकर घर के बाहर दालान में सोने गया था। रात करीब ढाई बजे उनकी पत्नी जगी वह बाहर गई तो इसकी जानकारी हुई। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। जांच की जा रही है।

### नौ दिवसीय चंडी महायज्ञ का समापन

बीकापुर, अमृत विचार: बीकापुर तहसील के खजुराहट में स्थित ज्योतिषाचार्य राधेश्याम मिश्रा के संरक्षण व प्रवीण कृष्णा प्रभु महाराज की देखरेख में भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए नौ दिवसीय चंडी महायज्ञ का आयोजन 15 अगस्त से अयोध्या धाम के पांच वेदपति ब्राह्मणों द्वारा किया जा रहा था। यज्ञ का समापन शनिवार को हुआ। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि सनातन धर्म से ही विश्व का कल्याण संभव है।

### सड़कों के निर्माण से ही चहुमुखी विकास संभव

पूराबाजार, अमृत विचार: सड़कों के निर्माण से ही क्षेत्र का चहुमुखी विकास संभव है। यह बात शनिवार को नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के चेयरमैन मोहम्मद राशिद ने वार्ड नंबर 4 में छतिरवां भदरसा मार्ग से हफीम के घर तक 205 मीटर सीसी सड़क का शिलान्यास करते हुए कही। कहा कि सीसी सड़क का अनुमानित लागत 26 लख रुपए है। अली आबिद, शब्बू भाई, आलमदार हुसैन, शब्बू, समरजीत निषाद, राजीव कुमार, अलखचंद्र गुप्ता, पुरुषोत्तम मौर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

### घटतौली को लेकर आपूर्ति निरीक्षक को दिया शिकायती पत्र

सोहावल, अमृत विचार: सरकारी राशन की दुकान पर घटतौली और राशन न देने के आरोप को लेकर दर्जनों की संख्या में महिला व पुरुषों ने आपूर्ति कार्यालय सोहावल पहुंचकर



आपूर्ति निरीक्षक को शिकायती पत्र दिया। आरोप लगाया कि मसौधा ब्लाक के कादीपुर गांव के कोटेदार मालती यादव के द्वारा राशन कार्ड धारकों को अंगूठा लगवा लिया जाता है, लेकिन बीते कई माह से राशन नहीं दिया है। शिकायत करने वालों में राम नारायण, रवि शंकर, सुशील पांडेय, कांति देवी सहित लगभग 85 लोगों हस्ताक्षर किए हैं। आपूर्ति निरीक्षक पूजा सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है, सोमवार को जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक की पिटाई से बेहोश हुई इंटर की छात्रा

**बीकापुर के भारती इंटर कॉलेज का मामला**

**बीच-बचाव कर रहीं दो अन्य छात्राओं से भी बदसलूकी का आरोप**

## सीएचसी से मेडिकल कालेज रेफर, कॉलेज ने आरोपी को किया बर्खास्त

बीकापुर अयोध्या

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के प्रतिष्ठित भारती इंटर कॉलेज में शनिवार सुबह 10 बजे एक संविदा अध्यापक ने इंटरमीडिएट की छात्रा को बुरी तरह से पीट दिया। आरोप है कि इस दौरान बीच-बचाव के लिए आईं दो अन्य छात्राओं से भी बदसलूकी की। पिटाई से बेहोश छात्रा को आनन-फानन में सीएचसी ले जाया गया। जहां से दर्शननगर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। मामले की जानकारी होने पर एसडीएम बीकापुर श्रेया भी कॉलेज पहुंच गईं। घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानाचार्य अमृत लाल सरोज से तत्काल आरोपी शिक्षक को हटाए जाने को कहा। पीड़ित छात्रा को हर संभव सहायता के लिए कहा। मीडिया से बातचीत में भी एसडीएम ने घटना को दुखद बताते हुए कार्रवाई की बात कही। कॉलेज प्रशासन का दावा है कि आरोपी शिक्षक को बर्खास्त कर दिया है।

पीड़ित छात्रा के भाई अरुण कुमार साहू द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि उसकी बहन सुहानी साहू पुत्री अरविंद साहू निवासी मलेथू कनक भारती इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा है। उसे शनिवार सुबह कॉलेज में संविदा अध्यापक इंद्रसेन यादव ने इतना मारा कि वह बेहोश हो गई। सूचना पर वह कॉलेज पहुंचा और बहन को सीएचसी ले गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया है कि बहन को अभी तक होश नहीं आया है। पीड़ित छात्रा के भाई ने कोतवाल बीकापुर से केस दर्ज कर आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



बेहोश छात्रा सुहानी साहू।



घटना के बाद कालेज पहुंचकर छात्राओं से जानकारी लेतीं एसडीएम बीकापुर श्रेया।

### डीआईओएस ने गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.पवन कुमार तिवारी ने बताया कि घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्य से भी वार्ता हुई और जिस शिक्षक पर पिटाई का आरोप है तत्काल प्रभाव से उसे बर्खास्त कर दिया गया है। डीआईओएस ने बताया कि समिति के सदस्य डॉ. बसंत कुमार और जीआईसी रुदौली की प्रधानाचार्य आफरीन फातमा को दो सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। जांच समिति के सदस्य सोमवार को भारती इंटर कॉलेज जायेंगे। उन्होंने कहा जांच रिपोर्ट आने तक घटना के बारे में सत्यता नहीं पता लग सकती है। फिलहाल किसी भी शिक्षक को विधार्थियों के साथ मारपीट या उन्हें मारने का अधिकार नहीं है। इसे लेकर कड़े नियम हैं।

### कॉलेज प्रशासन ने छात्रा को पहले से ही बीमार बताते हुए पिटाई से किया इंकार

पूरे घटनाक्रम को लेकर कॉलेज प्रशासन ने छात्रा को पहले से ही बीमार बताते हुए पिटाई से इंकार किया है। कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारियों का कहना है कि सुहानी कक्षा नौ से यहां पढ़ रही है। वह कई बार बेहोश हो जाया करती है। उसे कभी अस्पताल ले जाने पर तो कभी विद्यालय में पानी का छींटा देने से स्वस्थ हो जाया करती थी। एक अध्यापक ने कहा कि विद्यालय में शिक्षण कार्य अच्छा होने के चलते लगभग तीन हजार छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिससे प्राइवेट विद्यालय व उनसे जुड़े कुछ लोग विद्यालय के प्रति द्वेष भावना को रखकर विद्यालय की छवि को धूमिल करने की साजिश कर रहे हैं।

> आरोपी शिक्षक ने केवल डांटा फटकारा था, पिटाई का आरोप गलत है। परिजनों की शिकायत के बाद तत्काल संविदा शिक्षक इंदुसेन यादव को हटा दिया गया है। कॉलेज में अध्ययन अध्यापन सुचारू रूप से होता है। **-अमृत लाल सरोज, प्रधानाचार्य, भारती इंटर कॉलेज, बीकापुर।**

> पीड़ित छात्रा के भाई कोतवाली आए थे। कहा की घरवालों से बात कर तहरीर दूंगा। तहरीर मिलती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। **-लालचंद सरोज, कोतवाल बीकापुर।**

### शहीद भगत सिंह ट्रस्ट व बीएसएनएल यूनियन ने की निंदा

शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी और बीएसएनएल यूनियन के प्रांतीय सचिव तिलक राज तिवारी ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। जिला प्रशासन से टीचर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया कि छात्रा और उनके परिवार से मिलकर हाल चाल जाना। दावा किया कि छात्राओं ने उन्हें बताया कि कई शिक्षकों ने अपनी कोचिंग खोल रखी हैं। वहाँ पढ़ने के लिए मजबूर और प्रताड़ित करते हैं।

## परिवार के 3 लोग सर्पदंश के शिकार, एक की मौत

**रानी बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** रानीबाजार के निकट स्थित उसरू अमौना गांव में तीन दिन में एक परिवार के तीन लोग सर्पदंश के शिकार हुए। इनमें एक बालक की मौत हो गई जबकि दो का इलाज चल रहा है। गांव निवासी प्रदीप कुमार उर्फ़ छत्रपाल का पुत्र युवराज (12) बुधवार को चारपाई पर अपनी दो बहनों के साथ सो रहा था। इस दौरान सांप ने उसे डस लिया, गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। उसके दूसरे दिन उसकी चाची को भी सांप ने डस लिया। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं शनिवार सुबह इसी परिवार के सत्यनारायन के पुत्र शिवा (17) को भी सर्प ने डस लिया, उस समय वह चारपाई पर बैठकर फोन पर व्यस्त था। उसका भी जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# विकास प्राधिकरण के जेई से अभद्रता व मारपीट

अयोध्या कार्यालय।

**जनौरा इलाके में भवन निर्माण की जांच करने गए थे, मकान मालिक समेत आठ-दस अज्ञात पर केस**

**अमृत विचार।** कोतवाली नगर अंतर्गत जोगीतारा जनौरा इलाके में एक मकान निर्माण की जांच करने गए विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता के साथ मकान मालिक, मकान का निर्माण करा रहे ठेकेदार व आठ-दस लोगों ने अभद्रता की व जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। जेई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

अवर अभियंता चंदन गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 20 अगस्त को जनौरा के जोगीतारा में राजेश कुमार सिंह द्वारा निर्मित मकान निर्माण की जांच करने गए थे। वहां पर बेसमेंट व भूतल का निर्माण हो चुका था। प्रथम तल का निर्माण चल रहा था। जांच के दौरान वहां मौजूद ठेकेदार नाम अज्ञात से जब उन्होंने प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मानचित्र मांगा तो वह नहीं दिखा सका। काम रोकने का निर्देश देने पर ठेकेदार ने उनसे अभद्रता की व राजेश को बुला लिया। इस पर राजेश अपने आठ-दस साथियों के साथ पहुंचा व अभद्रता करने लगा। उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भगा दिया। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि राजेश व ठेकेदार समेत आठ-दस लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# तिलैया मेले के साथ ग्रामीण उत्सव का आगाज

अयोध्या कार्यालय

**तिलोदकी तट व ऋषि रमणक की तपस्थली पर मेले का आयोजन**

**अमृत विचारः** सीजन के पहले मेले के साथ ग्रामीण क्षेत्र में उत्सव की श्रृंखला शुरू हो गई। शनिवार को तिलोदकी गंगा के तट व ऋषि रमणक की तपस्थली पंडितपुर में कुशोत्पाटनी अमावस्या के मेले से इसकी शुरुआत हो गई। रिमझिम की बारिश में मेले का सौंदर्य निखर आया। यह स्थल अयोध्या के 84 कोस के अंदर 136वां पौराणिक स्थल है।

उत्सवधर्मिता भारतीय संस्कृति के मूल में हैं। गांवों में लगने वाले मेले-ठेले इसके वाहक रहे हैं। बारिश की समाप्ति के साथ ही सीजन के इस पहले मेले से सांस्कृतिक उत्सवों की श्रृंखला भी शुरू होती है। चमक-दम वाली शहर की संस्कृति से इतर कास और सरपत के झुरमुटों के बीच मैदान से सड़क तक चाट, कचालू, गरमा-गरम जलेबी की दुकानों पर भीड़ रही। तपस्थली के मंदिर में दर्शन के लिए लाइन दिखी। गांव की आवश्यकता के अनुसार कुदाल, खुरपी, हंसिया की खरीदारी के बीच झूलों पर बच्चों की किलकारी, महिला पुरुषों की खुशी आकर्षित कर रही थी। पं. गिरजा प्रसाद, रोहित, विनय, हरिश्चंद्र, अशोक सिंह, शिव बहादुर, डब्बू, जग प्रसाद, प्रधान रहे बैजनाथ को मेले के साथ अपने बचपन की यादें ताजा हो गई। मेला प्रबंधक रमाकांत पांडेय ने बताया कि देर रात मेला सकुशल संपन्न हो गया।



तिलैया मेले में पहुंचे लोग।

# जिले में 28 को खुलेंगे रोजगार के दरवाजे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** जिले में 28 अगस्त को सोहावल स्थित भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में एक विशाल रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

सेवायोजन विभाग के सहायक निदेशक देवव्रत कुमार ने इसमें टाटा, एमआरएफ, बीकेटी, ब्लिंकिट, महिंद्रा, फ्लिपकार्ट, एलएंडटी जैसी नामी 50 कंपनियां भाग लेंगी। यह कंपनियां आईटी, विनिर्माण, सेवा और तकनीकी क्षेत्रों में युवाओं को नौकरी का अवसर प्रदान करेंगी। आठ हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां होनी हैं। खास बात यह है कि इसमें आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, डिप्लोमा और स्नातक के सभी संकायों के युवा शामिल हो सकते हैं। उम्मीदवारों को केवल अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और बायोडाटा साथ लाना होगा। साथ ही सेवायोजन विभाग ने rojgaarsangam.up.gov.in ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई है, जिससे पंजीकरण की प्रक्रिया आसान और समय की बचत करने वाली होगी। युवाओं से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।

## राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में 69 पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी है। कुलपति आचार्य सत्यकाम के निर्देश पर प्रवेश प्रभारी ने यह निर्णय लिया। क्षेत्रीय केंद्र के प्रभारी डॉ. शशि भूषण राम त्रिपाठी ने बताया कि प्राइवेट माध्यम से पढ़ाई करने के इच्छुक सरकारी व निजी क्षेत्र के कर्मचारी, रेगुलर डिप्लोमा, बीटीसी, बीएड कर रहे विद्यार्थी व सामान्य छात्र-छात्राएं इस विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा माध्यम से बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीएलआइएस, एमएलआइएस, एमबीए, एमसीए, एमए, एमएससी, एमकॉम, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट एवं जागरूकता पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय इस सत्र में 69 पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया अपनी वेबसाइट www.uprtou.ac.in के माध्यम से करा रहा है।



**31 अगस्त तक बढ़ी प्रवेश की अंतिम तिथि**

# सात से 14 दिन के लिए बंद होंगे शुभ कार्य

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** पितृपक्ष इस वर्ष सात सितम्बर से प्रारम्भ हो रहा है, जिसके बाद से 14 दिन के लिए सभी शुभ कार्य रुक जाएंगे। इस दौरान शुभ कार्य व धार्मिक अनुष्ठान नहीं होंगे। पितृ पक्ष के मौके अपने पूर्वजों की मोक्ष प्राप्ति के लिए श्राद्ध और तर्पण करने का कार्य किया जाएगा। वैसे तो बिहार के गया में तर्पण और श्राद्ध का महत्व माना जाता है, लेकिन धार्मिक नगरी अयोध्या में भी अपने पूर्वजों को जल से तर्पण देने और श्राद्ध करने से आत्मा को शान्ति के साथ मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी मनोकामना को लेकर लोग सरयू नदी में पिंडदान करने अपने दिवंगत माता पिता और पूर्वजों की आत्मा की शान्ति के लिए अयोध्या आते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार अयोध्या में दो प्रमुख ऐसे स्थान भरतकुंड व सहस्त्रधारा लक्ष्मण घाट है क्योंकि सहस्त्रधारा लक्ष्मण घाट के पास ही भगवान लक्ष्मण ने अपना प्राण त्यागा था। जब भगवान श्रीराम को मालूम हुआ कि लक्ष्मण ने अपने प्राण त्याग दिए तो श्रीराम वहां पर गए और वहां पर गुरु वशिष्ठ ने ही कहा कि अब इनका शरीर तो नहीं है, लेकिन अब उनकी आत्मा की शांति के लिए पिंड दान करिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की आज से जो भी व्यक्ति इस स्थान पर पिंडदान करेगा उसके पूर्वजों की आत्मा की शांति मिलेगी और वह सीधे स्वर्ग में प्रस्थान करेंगे।

जगद्गुरु राम दिनेशाचार्य ने बताया कि वर्ष में भादो माह के समाप्त होते ही पितृपक्ष की शुरुवात हो जाती है, जो कि 15 दिन तक रहता है। इस पक्ष में लोग अपने मृत पूर्वजों के लिए तर्पण व श्राद्धकर पिंडदान करते हैं। अयोध्या में पिंडदान करने से पूर्वजों को शान्ति मिलती है। सभी पूर्वज प्रेतयोनि से मुक्त कर होकर पृत्रयोनि में जाते हैं जो कि हमारे परिवार की रक्षा भी करते हैं। इसके साथ पूर्वजों की आत्मा को शान्ति के तर्पण भी किया जाता है।



**पितृपक्ष में भरतकुंड व सहस्त्रधारा लक्ष्मण घाट पर भी होता है तर्पण**

# बहन की तहरीर पर भाभी व उसके प्रेमी पर केस दर्ज

सोहावल, अयोध्या

**19 अगस्त को भाई ने ट्रेन के आगे कूदकर की थी आत्महत्या**

**अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहावल रेलवे स्टेशन से चंद कदम दूरी पर रेलवे ट्रैक के पास मिले युवक के क्षतविक्षत शव को लेकर नया मामला सामने आया है। मृतक की बहन ने भाभी और उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी प्रेमी व भाभी की तलाश में जुटी है।

रौनाही थाने पर दी गई तहरीर में मृतक रोहित कुमार पुत्र नान्हू की बहन पूजा देवी ने बताया कि उनके भाई की शादी सीमा निवासी माधवपुर शुक्ल थाना कूड़ेभार जिला सुल्तानपुर के साथ वर्ष 2016 में हुई थी। उसके भाई ने 19 अगस्त को सोहावल स्टेशन के करीब ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि उसके भाई आत्महत्या से पहले अपने बयान के दो वीडियो बनाये थे, जिसमें उसने कहा था कि मेरी पत्नी सीमा व उसका प्रेमी मोहित निवासी कुमारगंज मेरी मौत के जिम्मेदार हैं। सीमा और उसके प्रेमी मोहित दोनों ने मिलकर मुझे बर्बाद किया है। मेरे लगभग दो लाख रुपये व कुछ जेवर गायब कर दिया। प्रशासन से अपील है कि मेरा पैसा वापस दिलवाकर मेरे परिवार वालों को दिया जाए जो मेरी बहन की शादी में काम आ सके और इन दोनों दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह ने बताया मृतक की बहन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश की जा रही है।

## कर्ण, प्रियम व अंशुल ने लिया रामलला का आशीर्वाद



अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: लखनऊ में आयोजित यूपी टी20 क्रिकेट मैच खेलने पहुंचे भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कर्ण शर्मा, भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के वर्तमान कप्तान बल्लेबाज प्रियम गर्ग व अंशुल चौधरी शनिवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी व राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान वह मंदिर की भव्यता को देख आकर्षित हुए व जय श्रीराम का जयकारा लगाया। विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि भगवान श्रीराम के प्रति लोगों में आस्था बढ़ी है। इसके पहले भी कई क्रिकेटर राम मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंच चुके हैं।



## रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार: राम मंदिर में दर्शन करने के लिए शनिवार को अयोध्या पहुंचे भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने रामलला और राम दरबार के दर्शन किए। उन्होंने कुबेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक भी किया। मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने उन्हें मंदिर की भव्यता और अन्य मंदिरों के निर्माण की भी जानकारी दी।

# हैंगिंग की पुष्टि, चप्पल तक उठा ले गई फॉरेंसिक टीम

**अमृत विचार Follow UP**

अयोध्या कार्यालय

**मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र सागर ने की थी आत्महत्या, अब मौत के कारणों की शुरू हुई तलाश**

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा परिसर में एमबीबीएस 2024 बैच के छात्र सागर पटेल की मौत के राज से भले ही अभी पर्दा न उठा हो, लेकिन यह जरूर तय हो गया है कि उसने फंदा लगाकर आत्महत्या की थी। प्लास्टिक की रस्सी के फंदे से पंखे के सहारे लटककर मौत को गले लगा लिया था। फॉरेंसिक टीम ने रात 11 बजे के करीब इंटर्न मेल छात्रावास के कमरा नंबर 106 से देर रात नमूने एकत्र किए। जांच के लिए चप्पल समेत छोटी से छोटी चीजें भी अपने साथ ले गई। कमरे से सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव का शनिवार सुबह पांच बजे के करीब वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद परिजन शव को लेकर रवाना हो गए। इसके बाद यहां मल्टीपर्पज हॉल में दोपहर को शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संकाय सदस्यों के अलावा, जेआर व विद्यार्थी भी पहुंचे थे। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा की मौजूदगी में विद्यार्थियों ने बारी-बारी से अपनी बातें रखीं। परेशानियां भी बताईं। थोड़ी देर बाद प्राचार्य डॉ.सत्यजीत वर्मा ने विभागाध्यक्षों की बैठक बुलाई। घंटों वार्ता चली। बता दें कि शुक्रवार को सागर पटेल का कमरे में शव लटका मिला था। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। रात में ही परिजन चिकित्सालय पहुंच गए थे। उस दौरान यह बातें सामने आई थीं कि सागर दिमागी तौर पर परेशान चल रहा था। उसकी दवा भी चल रही थी। कुछ छात्रों ने बताया था कि अटेंडेंस शॉर्ट होने के कारण भी वह परेशानियों से घिरा था।



मल्टीपर्पज हॉल में शोक सभा के दौरान प्राचार्य डॉ.सत्यजीत वर्मा के समक्ष अपनी समस्या रखते विद्यार्थी।

### मेरे बेटे से अच्छा कॉलेज में कोई लड़का नहीं था : पिता

जौनपुर के मछलीशहर तहसील स्थित निकामुद्दीनपुर गांव निवासी समर बहादुर पटेल बेटे सागर की मौत के बाद से बहुत ही परेशान हैं। उन्होंने बताया कि मेरा बेटा बहुत होनहार था। दो वर्ष की तैयारी के बाद उसे मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि रात भर मेरे पास मेडिकल कॉलेज का कोई भी जिम्मेदार नहीं था। चार बेटियों के बाद सागर पैदा हुआ था। मेरे बेटे जैसा मेडिकल कॉलेज में कोई छात्र नहीं था। छह फीट लंबा, चौड़ी छाती और अच्छा मिजाज था। वो मुझे बता देता तो अपने पास बुला लेता। मेडिकल लाइन छुड़वा देता। कोई भी बिजनेस करा देता। आज यह दिन तो न देखना पड़ता।

### जेआर के खिलाफ विद्यार्थियों ने चढ़ाई आस्तीन

गंजा परिसर में शोक सभा के बाद विद्यार्थी एक जेआर के खिलाफ लामबंद हो गए। सूत्रों की मानें तो सभा में बड़ी-बड़ी बातें करने वाला जेआर बाहर आकर विद्यार्थियों को कुछ अटपटा बोल रहा था। विद्यार्थियों ने सुन लिया। बताया जाता है कि विद्यार्थियों ने जेआर के खिलाफ आस्तीनें चढ़ा ली। जेआर के खिलाफ लामबंद होकर बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्राचार्य के कक्ष बाहर एकत्र हो गए। वह जेआर कर्नाटक का बताया जा रहा है। मामले की सभी ने प्राचार्य को जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने सुलह-समझौते की पुष्टि की है।

> सागर की मौत के मामले में शोक सभा की है। कैंडल मार्च भी निकालेंगे। सोमवार को एक कमेटी का गठन करेंगे, ताकि दोबारा ऐसे मामले सामने न आएं। **-डॉ. सत्यजीत वर्मा, प्राचार्य।**

> शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आई है। स्पष्ट है कि उसने आत्महत्या की है। सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस संदर्भ में उनके परिवार वालों ने कोई शिकायत नहीं दी है। **- आशुतोष तिवारी, सीओ, अयोध्या**

## सरोवर में नहाते समय डूबने से अधेड़ की मौत

**हैदरगंज। अमृत विचार :** थाना हैदरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत सराय मनोधर में स्थित सरोवर में डूबने से अधेड़ की मौत हो गई। शनिवार दोपहर तीन बजे गांव निवासी महेंद्र पांडेय (55 वर्ष) पुत्र रमेश पांडेय सरोवर में नहाने गए थे। नहाते समय अचानक वह डूब गए। स्थानीय लोगों ने उनकी चीख-पुकार सुनकर उन्हें बचाने का प्रयास किया और किसी तरह बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगंज ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामानंद पांडेय के अनुसार मृतक महेंद्र पांडेय के परिवार की स्थिति काफी दयनीय है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

**न्यूज ब्रीफ**

### देयकों के भुगतान के लिये लड़ाई जारी

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** सीएचसी से सेवानिवृत्त हुए स्वास्थ्य पर्यवेक्षक देवराज तिवारी 21 वर्षों से अपने देयकों के भुगतान के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि भुगतान से जुड़े मामले को लेकर हाईकोर्ट लखनऊ में एक याचिका दायर की थी। जिसमें कोर्ट ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुशील बनियान को उनके प्रत्यावेदन पर विचार करने का आदेश दिया था। मेरी द्वितीय अपील पर राज्य सूचना आयोग ने महालेखाकार प्रयागराज को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 11 सितंबर को महालेखाकार प्रयागराज और अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन को आयोग के समक्ष उपस्थित रहने के लिए आदेश जारी किया हैं।

### किशोरी को लेकर भागा युवक पकड़ा

**रानी बाजार, अमृत विचार।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को पड़ोसी गांव का युवक बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने ढूंढ निकाला है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई ने तहरीर दी थी कि सरियावां निवासी राज निषाद 20 अगस्त को उनकी बहन को भगा ले गया। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर दोनों की तलाश की जा रही थी। बताया कि दोनों को ढूंढ कर थाने लाया गया है। किशोरी का न्यायलय में बयान की कार्रवाई की जा रही है।

### समाधान दिवस में आईं 27 शिकायतें

**बीकापुर, अयोध्या :** बीकापुर कोतवाली में थाना समाधान दिवस एसडीएम न्यायिक गजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र से जुड़े हुए सभी लेखपाल कानूनगो पुलिस की उपस्थिति में मौजूद रहे। कुल 27 शिकायत जनता द्वारा दिया जाना बताया गया है। इन सभी शिकायतों में एक पुलिस विभाग की और 26 शिकायत राजस्व विभाग से संबंधित है। काफी प्रयास के बाद भी समाधान दिवस पर किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका है। सभी शिकायतों का निस्तारण करने के लिए एसडीएम न्यायिक गजेंद्र सिंह की उपस्थिति में अलग-अलग टीम गठित की गई है।

### 25 तक अच्छी बारिश की संभावना

**अयोध्या।** जिले में 25 अगस्त तक अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम विभाग के अनुसार 26 अगस्त से मौसम में उल्लेखनीय बदलाव आएगा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्रा ने बताया किसानों के लिए यह रिमझिम बारिश फायदेमंद साबित हो रही है। सब्जी उत्पादक किसानों का कहना है कि यदि तेज बारिश नहीं होती है तो फसलों को नुकसान से बचाया जा सकेगा।

# खाद के लिए महिलाएं भी कतार में लगने को मजबूर

**साधन सहकारी समितियों पर लंबी लाइन**
**कृषि विभाग का दावा नहीं है कमी**

मवई, अयोध्या।

**अमृत विचार :** रुदौली में यूरिया वितरण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। साधन सहकारी समितियों और एग्री जंक्शन केंद्रों पर किसानों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कृषि विभाग का दावा है कि खाद की कोई कमी नहीं है। रुदौली तहसील क्षेत्र की विभिन्न सहकारी समितियों में शनिवार को खाद वितरण के दौरान महिलाएं और पुरुष गर्मी में लंबी लाइनों में खड़े रहे। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में वितरण हुआ।

किसानों का आरोप है कि फिंगरप्रिंट लेने के बाद एक या दो बोरी खाद दी जाती है। समिति कर्मचारी किसानों के आधार पर अधिक बोरी दर्ज कर काला बाजारी करते हैं। जिला कृषि अधिकारी अयोध्या ओपी मिश्रा ने बताया कि जिले में 43,995 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। 22 अगस्त को सलारपुर से 1,300 मीट्रिक टन यूरिया विभिन्न केंद्रों पर भेजा गया है। जल्द ही 700 मीट्रिक टन अतिरिक्त यूरिया की आपूर्ति होगी। बताया कि कृषि विभाग ने प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया की सिफारिश की है। विकल्प के रूप में गोबर की खाद, हरी खाद जैसे कैंचा, सनई, उड़द, मूंग का प्रयोग सुझाया है। जीवामृत, धन जीवामृत और बीजामृत का उपयोग भी बताया गया है। कहा कि प्रशासन ने यूरिया जमाखोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। अधिक मात्रा में खरीद और डंपिंग करने वाले किसानों पर एफआईआर होगी। दुकानदारों का लाइसेंस निलंबित किया जाएगा।


बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति पर बी पैक्स मांजनपुर में यूरिया का इंतजार करतीं महिलाएं।

### तारुन में पहुंची खाद, किसानों को राहत


तारुन समिति पर नैनो यूरिया दिखाते एडीओ अमित सिंह व अन्य।

**तारुन, अमृत विचार :** क्षेत्र की अलग-अलग समितियों पर खाद की खेप शनिवार को पहुंचने से किसानों ने राहत की सांस ली है। जाना बाजार, हैदरगंज, नेतवारी चतुरपुर, गरौली, चरावां, जजवारा और टिकरी में नई खेप ट्रक से पहुंची है। यादवपुर समिति के सचिव आशीष सोनी ने बताया कि स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में किसानों को 450 रूपये प्रति बोरी यूरिया खाद वितरित की गई। एडीओ को-ऑपरेटिव अमित सिंह ने बताया कि सभी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध है। उन्होंने सभी सचिवो को निर्देशित किया है कि रोस्टर के अनुसार समिति पर पहुंचकर किसानों से खतौनी लेकर खाद वितरित करें।

### खाद वितरण में लगाया मनमानी का आरोप

**रुदौली, अमृत विचार:** भाकियू प्रदेश सचिव दिनेश दुबे ने सहकारी समिति के सचिवों पर प्रशासनिक निगरानी के बावजूद खाद वितरण में मनमानी की शिकायत एआर कोऑपरेटिव राजकुमार शुक्ला से की है। आरोप लगाया कि बिना खतौनी के वितरण से छोटे और मझौले किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। भेलसर समिति व शाहपुर समिति मेरामऊ समिति वजीरगंज समिति में जितनी खाद का वितरण हुआ है, उसका सत्यापन सही तरीके से कर दिया जाए तो अभी सभी कर्मचारियों की व सचिवों की पोल खुल कर जनता के सामने आ जाएगी।

## यूरिया के लिए किसानों की लगी लंबी कतार

**मिल्कीपुर, अमृत विचार:** हैरिंग्टनगंज बाजार में स्थित साधन सहकारी समिति सेमरा में यूरिया खाद की कमी से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूरिया का स्टॉक लगातार आ रहा है लेकिन समिति पर सैकड़ों किसानों की कतार लगी ही रहती है। समिति प्रभारी बीरेंद्र कुमार पाठक के अनुसार वर्तमान में यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। पूरी सीजन का आंकड़ा निकले तो अब तक 1382 किसानों को 175.455 मीट्रिक टन खाद वितरित की जा चुकी है। अभी गोदाम में 400 बोरी का स्टाक मौजूद है।

### गन्ना विकास समिति की बैठक में उठा खाद का मुद्दा

**रुदौली, अमृत विचार :** गन्ना विकास समिति गनौली की बैठक शनिवार को चेयरमैन निर्मल शर्मा की अध्यक्षता में समिति सभागार में हुई। बैठक में किसान प्रतिनिधि डॉ राम भवन रावत ने यूरिया खाद की कमी का मुद्दा उठाया। समिति के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि अधिकारियों से बातचीत हो गई है। आगामी दो-तीन दिनों में यूरिया का उठान कर समिति मुख्यालय पर वितरण किया जाएगा। बैठक में समिति गोदाम भेलसर का विस्तारीकरण, दुकान आवंटन में पगड़ी व्यवस्था और आय-व्यय आदि पर भी चर्चा की गई। बैठक में गन्ना डायरेक्टर सुरेश निषाद, राम प्रेस यादव समेत कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### अचारी का सगरा के पास ट्रक से लोगों ने जबरन उतारी खाद

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के दर्शननगर स्थित अचारी का सगरा गांव के पास एक ट्रक से यूरिया खाद की बोरियां उतारे जाने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो भी वायरल हुआ। एसडीएम सदर राम प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि यह खाद समिति पर जा रही थी, लेकिन कुछ लोगों ने जबरन ट्रक रोककर खाद उतरना शुरू कर दिया। इनके खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए एडीओ कोऑपरेटिव को निर्देश दिए हैं। अयोध्या कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि एसडीएम सदर के स्टेनो से इस संबंध में फोन पर सूचना प्राप्त हुई थी। शिकायत पत्र मिलने पर केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### खाद की किल्लत को लेकर आप ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन


नायब तहसीलदार गौरी शंकर वर्मा को ज्ञापन देते आप के जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति व कार्यकर्ता।

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश में खाद की किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी ने शनिवार को तहसील सदर पर प्रदर्शन किया व नायब तहसीलदार गौरीशंकर वर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है। यह सरकार की नाकामी और किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराए व इसकी कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। इस दौरान मोहम्मद इसराइल, यूके द्विवेदी, सुनील मौर्य, गायत्री मिश्रा, विद्या वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## 4 सितंबर को निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

**अयोध्या, अमृत विचार :** अंजुमन मुहाफिज मसाजिद व मकाबीर कमेटी के बैनर तले हाजी महबूब साहब के आवास पर जुलूस-ए-मोहम्मदी के आयोजन को लेकर एक बैठक हुई। अध्यक्षता कर रहे अंजुमन के सदर जनाब हाजी महबूब ने कहा कि 4 सितंबर को अयोध्या में निकलने वाला जुलूस-ए-मोहम्मदी अपने परंपरागत तरीके से बक्सरिया टोला स्थित हजरत शेख समसुद्दीन फरियाद रस रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह से शुरू होगा। नायब सदर हाजी असद ने जुलूस में किसी भी तरह की राजनीतिक नारेबाजी से बचने और अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी। बैठक में सेक्रेटरी जनरल मोहम्मद आजम कादरी हाजी महबूब, हाजी असद, जुनैद वारसी, मोहम्मद आजम कादरी, सुल्तान अंसारी (पार्षद) सहित अन्य प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।


जुलुसे मोहम्मदी को लेकर बैठक करते अंजुमन मुहाफिज व मकाबिर कमेटी के पदाधिकारी।

## पूर्वदशम छात्रवृत्ति दो अक्टूबर व दशमोत्तर छात्रवृत्ति का वितरण 15 दिसंबर से

- अवध विवि के सभागार में उप निदेशक समाज कल्याण ने लगाई कार्यशाला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग द्वारा पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में इस वर्ष 31 अगस्त तक के अंतिम किए गए डाटा के सापेक्ष दो अक्टूबर 2025 को छात्रवृत्ति वितरित किए जाने की योजना बनायी गई है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति भी 15 दिसंबर 2025 से वितरित होनी शुरू हो जाएगी।

शुक्रवार को अवध विश्वविद्यालय के सभागार में उप निदेशक समाज कल्याण राकेश रमन की अध्यक्षता में निदेशालय लखनऊ से आए छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी, सहायक निदेशक सिद्धार्थ मिश्र ने अयोध्या मंडल के विभिन्न विश्वविद्यालयों, संस्थाओं, छात्रों के साथ-साथ संबंधित पटल सहायक व कम्प्यूटर आपरेटर के साथ कार्यशाला की। कार्यशाला में छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के कार्यक्रम किए गए। सभी की जिज्ञासाओं का निराकरण किया गया। पावर पाइंट प्रजेंटेशन से दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा, न्यूनतम उपस्थिति के बारे में बताया गया। बताया गया कि अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए 2.50 लाख वार्षिक व सामान्य, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग के लिए 2 लाख वार्षिक है। न्यूनतम उपस्थिति 75 प्रतिशत है। मैनेजमेन्ट कोटा में छात्रवृत्ति अनुमन्य नहीं है, छात्रा का उप्र का मूल निवासी होना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता, माता-पिता या अभिभावक के नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र, गत वर्ष का परीक्षा परिणाम संबंध अंकपत्र व जाति प्रमाण पत्र आवश्यक है। कार्यशाला में विवि के प्रतिनिधि, उप निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अयोध्या मण्डल तपस्वी लाल, मंडल के सभी जिलों के डीआईओएस, जिला समाज कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेता ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

**रुदौली, अमृत विचार:** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य दयानन्द शुक्ला ने शनिवार को बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा कर पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित की। उन्होंने महंगू का पुरवा, सल्लाहपर, सैंडरी पसैया, सराय नासिर, कैथी, नूरपुर आदि गांवों का भ्रमण किया। रामहरक, समई, शिवम, मेवालाल, आशाराम, राजित राम, राम तिलक, राम प्रकाश आदि बाढ़ प्रभावित लोगों ने कांग्रेस नेता को बताया कि हर बार सरकार द्वारा बाढ़ आने पर राहत सामग्री में खाद्य पदार्थ पीड़ितों को मिलता था, लेकिन इस बार लगभग एक हजार परिवारों में लगभग सौ परिवारों को किट, भूसा, चारा आदि दिया गया। कांग्रेस नेता ने सरकार से मांग की है कि जिनकी बाढ़ से जमीन या फसल की क्षति हुई है तत्काल ऐसे पीड़ितों को मुआवजा दिया जाय। जिला पंचायत सदस्य बलराम यादव, संजय तिवारी, मुजतबा खां, राम आशीष तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## शिक्षकों और कर्मचारियों को जल्द मिलेगा महानगर भत्ता

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रयासों से जल्द ही इन्हें महानगर भत्ता प्रदान किया जाएगा। अगर यह व्यवस्था लागू होती है तो माध्यमिक और बेसिक के 26 हजार शिक्षकों समेत करीब 61 हजार कर्मचारियों को सीधा लाभ होगा।

संघ के जिला अध्यक्ष राकेश पांडेय, जिला मंत्री आलोक तिवारी और महानगर अध्यक्ष अनूप पांडेय ने गोरखपुर-फैजाबाद के शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षा सचिव सीबी सिंह से लखनऊ उनके कार्यालय में मुलाकात की। कहा कि अयोध्या को महानगर का दर्जा मिले कई साल बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक यहां कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों को महानगर का नहीं सी-श्रेणी का भत्ता दिया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि जल्द से जल्द शासन जारी होने की संभावना है।


लखनऊ में माध्यमिक शिक्षा सचिव सीबी सिंह से भेंट करते माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

## बकचुना जंगल में गोकशी का प्रयास विफल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** खंडासा थाना क्षेत्र के बकचुना जंगल में गोकशी का प्रयास विफल हुआ। मवेशी चराने वालों ने ग्रामीणों को जंगल में कुछ लोगों द्वारा गोवंश को पकड़ने की सूचना दी। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी है।

शनिवार की दोपहर बाद ग्रामीणों ने जंगल के बाहर एक मोटरसाइकिल के पास खड़े युवक से पूछताछ की। युवक ने अपना नाम मनीष निवासी पकड़पुर बताया। उसने बताया कि वह सिधारी बाजार निवासी संतोष कुमार, खण्डासा के गुड्डू और एक अज्ञात व्यक्ति के साथ आया था। ग्रामीणों के पूछने पर मनीष ने कहा कि उसे अन्य लोगों की जानकारी नहीं है। ग्रामीणों के कहने पर वह उन्हें खोजने गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। ग्रामीणों को बेतवा नाले के पास जंगल में एक गाय रस्से से बंधी मिली। वहां लकड़ी का ठिहा, गोवंश की हड्डियां, मल-मूत्र और जबड़े भी पड़े थे। यह स्थान पहले भी गोकशी के लिए प्रयोग किया जाता रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनकर और चौकी प्रभारी मनोज कुमार त्रिपाठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गोवंश की जान बच गई आरोपियों की धर पकड़ के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

## कान्हा के छठ उत्सव पर सजी भजनों की संध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नाका हनुमानगढ़ी में आयोजित छठ महोत्सव की संध्या भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम बन गई। शुक्रवार की रात्रि को भजन गायकों ने कान्हा के गुणगान किए तो पूरा वातावरण कृष्णमय हो उठा। इस अवसर पर संतों ने भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित भजन सोहर गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया।

सत्यप्रकाश मिश्र व मानस दास की जुगलबंदी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मधुकरी संत मिथिला विहारी दास और राम नंदन दास ने भी सोहर गीत प्रस्तुत किया। दीपमालाओं की झिलमिलाहट और भक्तों की ताली की थाप से गूंजते प्रांगण में भजनों की स्वर-लहरियां कभी बाल गोपाल की लीलाओं को सजीव कर देतीं तो कभी राधा-कृष्ण के रास की छवि जगातीं। भक्तगण झूमते, गुनगुनाते और हर सुर में कृष्ण के प्रति अपनी आस्था उड़ेलते नज़र आए। सांसद अवधेश प्रसाद ने भी इसका रसपान किया। नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास ने बताया कि इससे पहले मंदिर में विराजमान बजरंग बली व श्रीकृष्ण को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर आरती की गई। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। महंत मैथिली रमण शरण, राजकुमार दास, महंत गिरीश दास, परमानंद मिश्र, उग्रसेन मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


नाका हनुमानगढ़ी पर भजन प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार


प्रतिमा विसर्जन के लिए निकली शोभायात्रा का स्वागत करते दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी।

### धूमधाम से निकली श्रीकृष्ण प्रतिमा की विसर्जन यात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार :** हाथी घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की ...के जयकारे लगाते हुए शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के पश्चात प्रतिमा विसर्जन हेतु शोभायात्रा निकाली गई। 40 स्थानों से निकली यह यात्रा फतेहगंज चौराहा, सुभाषनगर, चौक, रिकाबगंज, नियावां होते हुए गुप्तारघाट पहुंची। यहां पूजन अर्चन के पश्चात सरयू नदी में विसर्जन किया गया। इन शोभा यात्राओं का स्वागत शुभम हाट सुभाषनगर पर केन्द्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल, संयोजक गगन जायसवाल के नेतृत्व मे किया गया। समिति के प्रेमनाथ राय, जेएन चतुर्वेदी, केशव बिगुलर, सुप्रीत कपूर, राजेश गौड़, बजरंगी साहू, अतुल सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

**दौरा** | जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मांझा जमथरा के एसटीपी का किया निरीक्षण

# सितंबर तक पूरी होगी नालों की टैपिंग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनपद में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित 33 एमएलडी क्षमता के सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी), मांझा जामथरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संयंत्र का संपूर्ण भ्रमण किया। शोधित जल की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

वर्तमान में कुल 15 नालों में से 8 नालों का टैपिंग कार्य पूरा हो चुका है। शेष सात नालों का कार्य प्रगति पर है। मंत्री ने अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को कई निर्देश दिए। शेष नालों का टैपिंग कार्य सितम्बर 2025 तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। संयंत्र परिसर में व्यापक पौधरोपण किया जाए, ताकि पर्यावरणीय संतुलन एवं सौंदर्यीकरण सुनिश्चित हो। परिसर की स्वच्छता और नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्थानीय स्तर पर जन-जागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जाएं ताकि नमामि गंगे के उद्देश्यों की जानकारी समाज तक पहुंचे। इस परियोजना के पूर्ण होने पर सरयू नदी में बिना शोधन का सीधा नाला प्रवाह पूर्णतः रोका जाएगा।


एसटीपी के निरीक्षण के दौरान जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

### बेटे को प्रोटोकॉल दिए जाने के मामले पर स्वतंत्र देव ने दी सफाई

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा में शामिल होने अयोध्या पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि नदियां खतरे के निशान पर कहीं-कहीं हैं। पूजा पाल के प्रकरण पर उन्होंने कहा कि देखो उनको भय तो है। क्योंकि सदन में जब आवाज उठाने के बाद उनको पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। यूपी में योगी की सरकार है। मीडिया से बातचीत करते हुए अपने बेटे अभिषेक को निजी सचिव द्वारा प्रोटोकॉल दिए जाने पर सफाई दी। स्वतंत्र देव ने कहा इस बारे में ज्यादा चर्चा नहीं होनी चाहिए थी। यह बीजेपी है। अलग पार्टी है। यह वंशवाद जातिवाद परिवारवाद से ऊपर उठकर काम करती है। आठ वर्षों में कभी ऐसी हरकत नहीं हुई। यह पहली बार कैसे हुई उसको देखा गया। ऐसा नहीं होना चाहिए था। हम लोगों को 40 साल हो गया राजनीति में। जब यह बात संज्ञान में आई तो हमने कार्रवाई की है। वहीं कार्यक्रम में पहुंचीं अपना दल (एस) की नेता अनुप्रिया पटेल ने संविधान संशोधन विधेयक को लेकर अपना पक्ष रखा। कहा कि 130वां संविधान संशोधन बिल गृहमंत्री ने मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किया है। नैतिकता की राजनीति की दिशा में संविधान संशोधन विधेयक बहुत बड़ा कदम है।

## आपातकालीन देखभाल विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के स्वास्थ्य कर्मियों के लिए आपातकालीन व आघात देखभाल पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण नई दिल्ली स्थित एम्स के विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। जिसमें डॉ. चारु मल्होत्रा, डॉ. सूर्य सुरेश, डॉ. कार्तिकेय शामिल रहे। परियोजना को आईसीएमआर द्वारा वित्तपोषित किया गया है। मेडिकल कॉलेज के टीम लीड प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट-1 आदर्श कुमार मिश्रा द्वारा सीएमओ कार्यालय के सहयोग से समन्वय किया गया। छह दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र के कर्मियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव व जिला एपीडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने लोगों को प्रमाणपत्र दिए।


प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले को सर्टिफिकेट देते डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव व डॉ. अरविंद श्रीवास्तव।

# अवध विवि से संबद्ध 150 महाविद्यालयों की संबद्धता पर संकट

## विभिन्न विषयों पर ब्योरा न देने पर जारी हुई नोटिस, विवि प्रशासन ने दी एक सप्ताह की मोहलत

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध 150 महाविद्यालयों की संबद्धता पर अब तलवार लटक रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन महाविद्यालयों को पाठ्यक्रमों में प्रवेश का ब्योरा न देने के कारण नोटिस जारी की है। इन कॉलेजों को जवाब देने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी गई है। यदि इस अवधि में संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो इनकी संबद्धता रद्द हो सकती है। विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की आगामी बैठक में इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस स्थिति ने इन महाविद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है।

### नोटिस का कारण और विश्वविद्यालय का रुख

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने इन 150 महाविद्यालयों से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश, शिक्षक-छात्र अनुपात, बुनियादी सुविधाओं और अन्य आवश्यक जानकारी मांगी थी। इन कॉलेजों ने समय पर जानकारी उपलब्ध नहीं कराई, जिसके चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए नोटिस जारी की। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर जवाब नहीं दिया गया, तो संबद्धता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

### छात्र-छात्राओं के भविष्य पर मंडराता खतरा

इन महाविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। यदि संबद्धता रद्द होती है, तो उनकी डिग्री और शैक्षणिक भविष्य अनिश्चितता के घेरे में आ सकता है। कई छात्रों ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वे पहले ही अपनी पढ़ाई के लिए काफी निवेश कर चुके हैं। संबद्धता रद्द होने से उनकी मेहनत और भविष्य दांव पर लग सकता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ सकता है, जहां वैकल्पिक शैक्षणिक संस्थानों की कमी है।

### विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, विश्वविद्यालयों को अपने संबद्ध कॉलेजों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करनी होती है। अवध विश्वविद्यालय भी इस दिशा में सक्रिय है और नियमों का उल्लंघन करने वाले कॉलेजों के खिलाफ कार्रवाई करने को तैयार है। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह कदम शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने और छात्रहित को प्राथमिकता देने के लिए उठाया गया है।

### कहां के कितने महाविद्यालय

प्रतापगढ़ के 12, सुल्तानपुर के 22, अम्बेडकरनगर के 12, गोंडा के 15, बहराइच के 22, श्रावस्ती के 12, अमेठी के 10, बाराबंकी के 25 और अयोध्या जनपद के 20 महाविद्यालय शामिल हैं।

"गत दिनों विभिन्न बिंदुओं पर सूचना मांगी गई थी। अभी तक संबंधित कॉलेजों ने कोई जवाब नहीं दिया है। इसलिए नोटिस जारी की गई है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं आता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। **-विनय कुमार सिंह, कुलसचिव /परीक्षा नियंत्रक, अवध विश्वविद्यालय।**"



अवध विवि में समर्थ पोर्टल को लेकर चल रहे प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक व कालेज का स्टाफ। अमृत विचार

## समर्थ पोर्टल को लेकर अवध विवि में हुआ प्रशिक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में संबद्ध महाविद्यालयों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिले के 30 महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं तकनीकी स्टाफ ने भाग लिया। सत्र 2025-26 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन किए जा रहे हैं। जिसमें यह पाया गया कि प्रवेश के लिए कुछ छात्रों को तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए तकनीकी समाधान के लिए जिले के 30 संबद्ध महाविद्यालयों को तकनीकी स्टाफ को साथ बुलाया गया था। इस बैठक में उन्हें प्रशिक्षित किया गया। संबद्ध महाविद्यालय के विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि 30 अगस्त तक बढ़ा दी गई है।

**न्यूज ब्रीफ**

### त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मक्का प्रदर्शन

हैरिंगटनगंज। हैरिंगटनगंज के ग्राम मुबारकपुर उमरानी में किसान कृष्ण कुमार मिश्र के खेत में शनिवार को त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन आयोजित की गई। कृषि विभाग से प्राविधिक सहायक रविंद्र नाथ पांडे और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के जनपद सलाहकार राजपाल यादव ने खेत का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी वंश भूषण सिंह भी मौजूद रहे। राजकीय कृषि बीज भंडार हैरिंगटनगंज के प्रभारी उमाशंकर यादव, प्राविधिक सहायक छोटेलाल मौर्य और एटीएम सुरेश पांडे व अमित यादव ने भी हिस्सा लिया। स्थानीय किसानों में सूर्य प्रकाश मिश्रा, मानिकलाल, लाल बहादुर, मोहनलाल, उमेश कुमार तिवारी, श्यामू और सालिकराम सहित कई अन्य किसान भी उपस्थित रहे।

# गमगीन माहौल में निकला नाना नवासे का शबीहे ताबूत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** रसूले खुदा और बड़े नवासे इमाम हसन अल.मुज्तबा अलैहिस्सलाम का यौमे शहादत होने से आज 28 सफर का दिन अत्यंत शोकपूर्ण और दर्दनाक है। हुजूरे अकरम इस्लाम धर्म के अंतिम पैगंबर व रहमतुललिल आलमीन थे जिनकी शिक्षा से पूरी इंसानियत को हिदायत और नजात का रास्ता मिला। उक्त विचार मौलाना सैयद मोहम्मद अब्बास ने व्यक्त किया।

वह मोहल्ला मीरानपुर में अंजुमन अकबरिया के तत्वावधान में शनिवार को पैगंबर मोहम्मद साहब और उनके नवासे इमाम हसन के बलिदान दिवस पर निकले परंपरागत जुलूस के मध्य जामिन अब्बास तथा मिर्जा अफगन के अजाखाने में लोगों को संबोधित कर रहे थे। सुबह पांच बजे बड़े इमामबाड़े से अंजुमन के अध्यक्ष रेहान जैदी, सचिव इम्तियाज हुसैन जाफरी की देखरेख व हाजी सैयद सज्जाद हुसैन, मिर्जा परवेज, अरशद आदि की उपस्थिति में नाना-नवासे का शबीहे ताबूत अलम मुबारक के साथ निकला। जो नौहे मातम के संग कर्बला पहुंचा। जहां फूल इत्यादि दफन किए गए। रास्ते में असरार, नुसरत, मसर्रत, सादिक, साहिल, हैदर आदि ने शायर आकिल फैजाबादी का लिखा नौहा पढ़ा। हसन-ए-मुज्तबा सब्ज कबाए आप को हाए दिया जहर-ए-दगा और दानिश, रजी, अदनान, अज्तबा ने पढ़ा कैद से छूटकर शह की खाहर चली आजाद हुसैन ने पढ़ा अलविदा या हुसैन ऐ हुसैन अलविदा।



मीरानपुर में गमगीन माहौल में निकला 28 सफर का मातमी जुलूस। अमृत विचार

# छात्रा से छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** बीते दिवस विद्यालय से पढ़कर घर जा रही छात्रा से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने छात्रा की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए शांति भंग में चालान किया है। बता दें कि बीते दिवस मालीपुर थाना क्षेत्र की एक गांव की छात्रा दो दिनों से जब स्कूल से घर जाती थी तो उसे एक युवक द्वारा रास्ते में परेशान किया जाता था, जिस पर छात्रा ने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी। जब बीते दिवस वह स्कूल से घर जा रही थी तभी युवक रास्ते में परेशान करने लगा। जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को पकड़कर पिटाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। इस मौके पर तमाम ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए थे। पुलिस ने छात्रा की मां की तहरीर पर युवक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए शांति भंग के में चालान कर दिया है। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्रवाई की गई है।

# सीएचसी पर हुए विवाद के मामले में अधिवक्ता पर मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** पखवारा भर पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर में अधिवक्ता व फार्मासिस्ट के बीच हुए विवाद में पुलिस ने अधीक्षक की तहरीर पर अधिवक्ता के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि पूर्व में अधिवक्ता ने भी असपताल के फार्मासिस्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर के अधीक्षक डॉ. जय प्रकाश ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बीते सात अगस्त को ग्राम कांदीपुर थाना मालीपुर निवासी अंजेश यादव अपनी पुत्री को एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने के लिए आये थे। अधीक्षक ने बताया कि उस समय वहां मौजूद फार्मासिस्ट ने पर्चा देकर उन्हें बाहर लगी कुर्सी पर बैठ जाने को कहा। जिसको लेकर अधिवक्ता अंजेश यादव नाराज हो गए और मोबाइल से वीडियो बनाने लगे और लगभग आधा घन्टे तक बहस व हंगामा करते रहे। जिससे सरकारी कार्य में बाधा आयी और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पूर्व में अधिवक्ता अंजेश कुमार ने भी अस्पताल के फार्मासिस्ट मनोज यादव के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मी लामबंद हो गए थे। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# गोवंश आश्रय स्थल पर लगे सौर ऊर्जा

**डीएम का निरीक्षण**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** डीएम अनुपम शुक्ला ने सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला संग गोवंश आश्रय स्थल पटौहा गानेपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान आश्रय स्थल पर 192 गोवंश संरक्षित पाए गए। डीएम ने स्टॉक रजिस्टर, भूसा उपलब्धता और हरे चारे की व्यवस्था देखी। ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि संरक्षित पशुओं के लिए किसानों से हरा चारा क्रय किया जाता है। इस पर जिलाधिकारी ने उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि भूसा और हरे चारे की आपूर्ति में हरे चारे की मात्रा को और बढ़ाया जाए तथा भूसा खरीद बिल के साथ स्टॉक रजिस्टर को ऑनलाइन फीड करना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा विद्युत आपूर्ति में समस्या की जानकारी दिए जाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को आश्रय स्थल को सौर ऊर्जा से ऊर्जीकृत करने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गोबर बिक्री की रसीद प्रस्तुत न किए जाने पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव को कड़ी चेतावनी दी और निर्देशित किया कि गोबर बिक्री का बिल अवश्य रखा जाए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



गोवंश आश्रय स्थल पटौहा गानेपुर का निरीक्षण करते डीएम अनुपम शुक्ला व अन्य।

# खाद की किल्लत को लेकर आप ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** आप के जलालपुर विस संगठन प्रभारी विनय पटेल के नेतृत्व में पांच सूत्रीय मांग को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी साधू राम दूबे को सौंपा है। संगठन प्रभारी विनय पटेल ने मांग किया कि प्रदेश में खाद की किल्लत से किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है। खेती का मौसम चल रहा है और किसानों को खाद उपलब्ध न कराना सीधे-सीधे उनकी आजीविका पर हमला है। यह बेहद शर्मनाक है कि किसान अपने ही धरती पर अन्न उपजाने के लिए बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। प्रदेश सरकार सिर्फ बड़े उद्योगपतियों की जेब भरने में लगी है, जबकि अन्नदाता दर-दर भटकने को मजबूर है। किसानों को खाद न मिल पाने के कारण आम आदमी पार्टी ने शनिवार को प्रदेश के सभी तहसीलों पर सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। खाद वितरण में भारी भ्रष्टाचार और कालाबाजारी पर रोक लगे और खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए, संबधित दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो। खाद की कमी से बोआई बाधित किसानों को राहत देने के लिए विशेष सहायता पैकेज घोषित किया जाए।

# गोवंश संरक्षण से जुड़े कार्यों को गंभीरता से लें

**संवाददाता, अंबेडकरनगर:** उप्र गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में गो-आश्रय स्थलों की स्थापना, संचालन, नीति और व्यवस्थाओं के अनुश्रवण आदि को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इसमें में गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश एवं गो-आश्रय पोर्टल पर अद्यतन स्थिति, भरण-पोषण फंड रिक्वेस्ट, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत विकास खण्डवार जीवित गोवंश, गोचर आदि विषयों पर चर्चा की गई। सीवीओ ने बताया जिले में कुल 38 गोवंश आश्रय स्थल हैं जिनमें 34 अस्थायी व 04 वृहद गो संरक्षण केंद्र संचालित हैं। दो वृहद केंद्र निर्माणाधीन हैं। संचालित आश्रय स्थलों में कुल 5097 गोवंश संरक्षित हैं। जिले में 29 हेक्टेयर भूमि पर हरे चारे की बुवाई की गई है और हरे चारे की पूरी आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। सभी आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर जिलास्तर पर कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। जिले के शेष विकासखंडों में भी वृहद गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण की प्रक्रिया प्रगति पर है। उपाध्यक्ष महेश कुमार ने निर्देशित किया कि गोवंश संरक्षण एवं पशुओं की देखभाल से जुड़े कार्यों को पूरी गंभीरता से किया जाए।



सईद आलम का स्वागत करते ग्रामीण। अमृत विचार

## प्रो वालीबॉल लीग खिलाड़ी सईद का स्वागत

**आजमगढ़, अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा में आयोजित उप्र प्रो वालीबॉल लीग के समापन के बाद आजमगढ़ के बम्हौर गांव निवासी सईद आलम के आगमन पर स्वागत किया गया। जैसे ही वे ट्रेन से यहां पहुंचे पूर्व जिपं प्रत्याशी अब्दुल्ला शेख बम्हौरी और ग्राम प्रधान ने उनका अभिनंदन किया। सईद ने इस बार मथुरा योद्धा टीम की ओर से शानदार खेल दिखाया। टीम फाइनल तक पहुंची जहां रोमांचक पांच सेट के मैच में मुजफ्फरनगर लायंस ने 3-2 से जीत दर्ज की। हार के बावजूद सईद के खेल और जज्बे की सभी ने सराहना की। इस मौके पर अब्दुल्ला शेख बम्हौरी, अब्दुर्रहमान प्रधान, नोमान शेख, अबु तलहा शेख, मोहम्मद अली, अफसर बाबा, मिस्टर जोरर, सुरेंद्र यादव, मास्टर जावेद और सलमान आदि मौजूद रहे।

# कल जिले के दौरे पर रहेंगी राज्यपाल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदी बेन 25 अगस्त को जिले के दौरे पर रहेंगी। वह विखं जहांगीरगंज में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यक्रम में शामिल होंगी। उनके कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। डीएम अनुपम शुक्ला ने सीडीओ व अन्य अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यपाल के कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा, स्थलीय व्यवस्थाओं, सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा व्यवस्था, स्वच्छता, स्वागत और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां समयबद्ध और उच्चस्तरीय गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण संवेदनशीलता एवं सक्रियता से करें, ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। बैठक में उप जिलाधिकारी आलापुर, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपनिदेशक कृषि, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग, परियोजना अधिकारी नेडा, सहायक श्रमायुक्त, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी आदि रहे।



राज्यपाल के आगमन को लेकर तैयारी बैठक करते डीएम अनुपम शुक्ला व अन्य।

**बैठक** पंचायत कार्यों व फॉर्मर रजिस्ट्री की हुई समीक्षा, प्रगति खराब पाए जाने पर संबंधित एडीओ का वेतन रोकने के दिए निर्देश

# पात्र लाभार्थियों का बनाएं गोल्डन कार्ड और पेंशन : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** डीएम अनुपम शुक्ला ने विखं जलालपुर सभागार में सीडीओ समेत अन्य अफसरों के साथ बैठक की। फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति के जानकारी पर कुछ पंचायत सहायकों ने बताया कि अभी एग्री स्टैक का कार्य आईडी लॉगिन नहीं होने के कारण कार्य नहीं प्रारंभ किया गया। जिस पर डीएम ने उपनिदेशक कृषि अश्विनी कुमार सिंह को निर्देशित किया कि शीघ्र आईडी लॉगिन उपलब्ध कराएं। सहायक विकास अधिकारी पंचायतों को ग्रामीण क्षेत्र, बाजार, गांव में जल जमाव वाले क्षेत्र, स्थान चिन्हित कराने तथा रोस्टर बनाकर सफाई कर्मचारियों की ब्लॉक गैंग लगाकर जल भराव की प्रत्येक समस्या का निदान कराने व सफाई कर्मियों की कमी हो तो जरूरत अनुसार आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई कर्मी लगाया जाए। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले प्रत्येक नागरिक से समन्वय कर गोल्डन कार्ड बनवाने तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को पेंशन योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। तमसा नदी के जीर्णोद्धार का एस्टीमेट अब तक न बनाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा चेतावनी देते हुए एडीओ पंचायत, टीए, सचिव को नदी के जीर्णोद्धार का एस्टीमेट शीघ्र बनवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीडीओ को टीए को एस्टीमेट नहीं बनाए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



सीएचसी नगपुर में मातहतों के साथ बैठक करते डीएम अनुपम शुक्ला व अन्य।

### केयर टेकरों का मानदेय भुगतान करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने 12 सितंबर को खंड विकास परिसर में लगने वाले दिव्यांग चिन्हांकन शिविर प्रत्येक दिव्यांग को चिन्हित कराने के लिए सचिव और ग्राम पंचायत सहायक को निर्देशित किया। सामुदायिक शौचालय के संचालन और केयरटेकरों के मानदेय भुगतान की स्थिति की समीक्षा पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा जानकारी दी गई। वहीं 115 केयर टैंकरों में से 80 केयर टेकरों का मानदेय दिया गया, जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सचिवों को मानदेय भुगतान करने के निर्देश दिए।

### एएनएम का मानदेय रोकने के दिए निर्देश

डीएम ने सीएचसी नगपुर जलालपुर में आशा, आशा संगिनियों, सीएचओ, एएनएम के साथ बैठक कर स्वास्थ्य विभाग के कार्य की समीक्षा की। सीएचओ से आरोग्य मंदिरों पर चिकित्सीय उपकरणों व दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। एएनएम से महिला डिलीवरी संबंधित किट की उपलब्धता की जानकारी ली गई। टीकाकरण से अच्छादित और ओवर ड्यू बच्चों की जानकारी ली तथा सभी बच्चों का समय से टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा ओवर ड्यू बच्चों का शिविर लगाकर टीकाकरण करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक द्वारा मेडिको लीगल जहां क्षेत्र डाटा ऑपरेटर की आवश्यकता बताए, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को डाटा ऑपरेटर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## अंबेडकरनगर डायरी

### पेशी पर लाए गए पूर्व विधायक

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** फतेहगढ़ कारागार में निरुद्ध पूर्व विधायक पवन कुमार पांडेय को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच न्यायालय में पेश किया गया। वह जानलेवा हमले के मामले में सजायाफ्ता कैदी हैं। बता दें कि पूर्व विधायक को गत दिनों अंबेडकरनगर जिला कारागार से फतेहगढ़ कारागार स्थानांतरित किया गया था। न्यायालय पर मामले के सुनवाई के दौरान पूर्व विधायक ने वादी किरन सिंह को धमकी दिया था। इस मामले में पुलिस ने तत्समय मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया है। सुनवाई के दौरान पूर्व विधायक की पेशी थी। कड़ी सुरक्षा के बीच उनहें कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के बाद फतेहगढ़ की पुलिस उन्हें अपने साथ लेकर रवाना हो गई।

### संगोष्ठी आयोजित कर जीएसटी से संबंधित सुविधाओं की दी जानकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** देश की सबसे बड़ी अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर कंपनी टैली ने संगोष्ठी का आयोजन एक होटल में किया। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर के रीजनल मैनेजर सौरभ श्रीवास्तव व उनकी टीम ने जीएसटी से संबंधित सुविधाओं की जानकारी इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को विस्तृत रूप से दी गई। इस सॉफ्टवेयर के द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओ की जानकारी भी लोगों को दी गई। कार्यक्रम में जीएसटी में कार्य कर रहे जनपद के सीएए जीएसटी के अधिवक्ता, जनपद के लेखाकारों का मार्ग दर्शन किया गया। आयोजन पेस कंप्यूटर के संयोजक संजीव कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया।

### सड़क हादसे में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। बीते 15 अगस्त को मालीपुर रेलवे स्टेशन पर चचेरे भाई को छोड़ने आए युवक की सडक़ दुर्घटना में मौत के मामले में मालीपुर पुलिस ने भाई की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया है। श्रवण कुमार विश्वकर्मा पुत्र राम उजागिर विश्वकर्मा ग्राम मदनपुर खुर्द पोस्ट कामतागंज थाना दोस्तपुर तहसील कादीपुर जिला सुल्तानपुर का स्थाई निवासी है। उन्होंने बताया कि मेरा भाई मोनू पुत्र राम उजागिर उम्र करीब 31 वर्ष जो मोटरसाइकिल वाहन से अपने चचेरे भाई गणेश कुमार को छोड़ने मालीपुर रेलवे स्टेशन गया था। वापस लौटते समय करीब शाम 03 .30 बजे रास्ते में गुवावा जमालपुर गांव के पास स्थित लल्लन की बेल्डिंग की दुकान के सामने पहुंचा ही था कि उसी दौरान नेमपुर-धवरुआ रोड की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक चालक ने मेरे भाई की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे मेरा भाई मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। मेरे भाई की गंभीर हालत को देखते हुए आनन-फानन में एबुंलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर में भेजा गया। जहां इलाज के दौरान डाक्टरों द्वारा मेरे भाई मोनू को मृत घोषित कर दिया। मालीपुर पुलिस ने भाई के तहरीर पर बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया। इस संबंध से मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र मौर्य ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### आर्य कन्या महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मीना आर्या धर्मार्थ न्यास के तत्वाधान में आर्य कन्या महाविद्यालय टांडा में शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के संरक्षक मुख्य अतिथि आनंद कुमार आर्य ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मनीष आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान एक सर्वश्रेष्ठ दान है। यह महादान अनेक जीवन बचाने का कार्य करता है। हमें नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। प्राचार्य अरुण कुमार आर्य ने कहा रक्तदान किसी जरूरतमंद की जान बचाने के साथ-साथ समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करता है। वहीं डीएवी एकेडमी की प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल ने रक्तदान के बाद कहा कि सभी को आगे बढक़र रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि यह सबसे बड़ी मानव सेवा है। शिविर में 42 लोगों ने पंजीकरण कराया। जिनमें से 24 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। कार्यक्रम में सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले मनीष आर्य, अमिताभ आर्य, चंद्रगुप्त मौर्य, दिवाकर मौर्या, विनय कुमार मौर्या, जैद खान, कृष्णचंद्र पांडेय, अरुण कुमार आर्य, रितिका, अनिल सोनी, देवेश कुमार चौरसिया, श्याम प्रकाश मिश्र, विवेक कुमार, गौतम सोनी, संदीप जायसवाल, कमल, प्रेरणा अग्रवाल, मिर्जा सलीम बेग, फहीम, मनिका खन्ना, रुचि अग्रवाल, गोविंद कुमार, सार्थक जायसवाल एवं भूपेश जायसवाल शामिल रहे। मेडिकल कॉलेज के रक्त कोष विभाग के डॉ. महेश यादव, काउंसलर दीपक नाग, लैब टेक्नीशियन राजकुमार आदि रहे।

### स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर :** राजकीय हाईस्कूल जहांगीरगंज में स्काउट गाइड प्रशिक्षण के तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के तीसरे और अन्तिम दिन प्रशिक्षक गौरव गोस्वामी द्वारा प्रारम्भ के दो घण्टे स्काउट गाइड के नियमों के सन्दर्भ में पूर्व प्रशिक्षण का अभ्यास कराया। इसके बाद स्काउट गाइड दलों द्वारा बिना बर्तन के भोजन बनाया गया। मध्याह्न में आयोजित समापन समारोह में विभिन्न विद्यालयों से आये हुए अतिथियों की उपस्थित में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

### एसपी ने थानाध्यक्ष और महिला उपनिरीक्षक को लिया लाइन हाजिर

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** जनपद में पुलिस विभाग की कार्यशैली को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कटका थाने में तैनात थानाध्यक्ष प्रेमचंद और महिला उपनिरीक्षक पूजा वर्मा को लाइन हाजिर किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक को कटका थानाध्यक्ष की कार्यशैली को लेकर लगातार शिकायत मिल रही थी। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों पर रिपोर्ट मांगी। जांच में दोनों अधिकारियों की कार्यशैली संदिग्ध पाई गई। एसपी ने तत्काल दोनों को लाइन हाजिर करने का आदेश दिया। अभी कटका थाना प्रभारी पद पर नई तैनाती नहीं की गई है। इस कार्रवाई से जिले के अन्य थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों में सतर्कता बढ़ी है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को अगवा करने का आरोप, केस

**कादीपुर, सुलतानपुर :** कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी को 13 अगस्त को गांव का ही युवक बहला-फुसलाकर ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इस पर किशोरी के पिता ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर सूरज नामक युवक के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है।

### भौगोलिक अध्ययन कर लौटे विद्यार्थी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग के बीए पंचम सेमेस्टर के 65 विद्यार्थी शनिवार को आगरा भ्रमण से लौटे। विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार ने बताया असिस्टेंट प्रो. डॉ. संतोष सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों ने आगरा की जलवायु, भू-आकृति व ऐतिहासिक धरोहरों का अध्ययन किया। छात्राओं ने बताया ताजमहल व लाल किला का अवलोकन उनके भौगोलिक ज्ञान में वृद्धि करने वाला रहा।

### घर में घुसकर जेवर व नकदी चोरी, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर :** कोतवाली क्षेत्र के देऊपारा गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए आभूषण और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद सहित कुछ अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। देऊपारा निवासी कुसुम देवी का आरोप है कि बीते एक अगस्त की रात करीब 12 बजे चोर घर में घुस आए और आभूषण एवं नगदी चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान में कान का झाला, लॉकेट, कील, छागल, दो पायल, आठ जोड़ी मीना, हाथ की मेहंदी, करधन तथा 5,500 रुपए शामिल हैं। वहीं, उनकी ननद के गहनों में लॉकेट, पायल, छागल और 1,000 रुपए चोरी हो गए। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि गांव के ही कल्लू, किशन, गिरजा शंकर व कुछ अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### अखिल नेवी में चयनित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट अखिल कुमार मौर्य का चयन नेवी में मेडिकल असिस्टेंट पद पर हुआ है। एनसीसी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार वर्मा ने बताया कि दूबेपुर ब्लॉक के रामपुर निवासी अखिलेश ने स्नातक के साथ एनसीसी सी सर्टिफिकेट प्राप्त किया था। उनकी सफलता पर प्रबंध समिति, प्राचार्य व कॉलेज परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

# किसान समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

## अभिषेक सिंह राणा ने कहा, किसान विरोधी नीतियां अपना रही भाजपा, यूरिया की कालाबाजारी का आरोप

संवाददाता, सुलतानपुर


प्रदर्शन के बाद कांग्रेस ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिले में यूरिया, डीएपी खाद की किल्लत और कालाबाजारी समेत अन्य समस्याओं को लेकर कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में निकला जुलूस जिला कार्यालय से शुरू होकर कलेक्ट्रेट पहुंचा। कार्यकर्ताओं ने मुख्य गेट पर घंटों विरोध प्रदर्शन किया और सरकार पर किसान विरोधी रवैये का आरोप लगाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं को लगातार अनदेखा कर रही है। अन्नदाता सुबह से समितियों पर खाद के लिए लाइन में लगते हैं, लेकिन निराश होकर लौट जाते हैं। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समितियों पर खाद की आपूर्ति नहीं की गई और कालाबाजारी पर रोक नहीं लगी, तो कांग्रेस बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मुख्य अतिथि एआईसीसी सदस्य बी.पी. सिंह ने कहा कि भाजपा को किसानों की याद केवल चुनाव के समय आती है। चुनावी मंचों पर बड़े-बड़े वादे करने के बाद चुनाव जीतते ही किसानों की अनदेखी की जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी। राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने भी खाद की कालाबाजारी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जिले में यूरिया की भारी किल्लत है और यह तिगुने दाम पर बेची जा रही है। इस अवैध कारोबार में सरकारी अफसरों की मिलीभगत है। ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों को समय से यूरिया, डीएपी व अन्य उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों पर कठोर कार्रवाई हो, किसानों को मुफ्त सिंचाई हेतु बिजली सुनिश्चित की जाए तथा शहर में विद्यालयों की छुट्टी के समय लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। इस मौके पर निकलेश सरोज, स्वेच्छा सिंह, नफीस फारूकी, मनोज तिवारी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, सलाहुद्दीन हाशमी, अपरबल सिंह, ओम प्रकाश त्रिपाठी, आवेश अहमद, सुब्रत सिंह, ममनून आलम, उमाकांत त्रिपाठी, विनय त्रिपाठी, मोहित तिवारी आदि रहे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से ठगी, 2.30 लाख रुपये हड़पे

**कादीपुर, सुलतानपुरः** नौकरी का झांसा देकर युवती से दो लाख 30 हजार हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने तीन नामजद व कुछ अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

पदारथपुर उपाध्याय गांव निवासी हिमांशी पुत्री अरविंद की तहरीर के अनुसार 20 अप्रैल 2025 को दो युवक उनसे मिले व नौकरी दिलाने की बात कह पैसों की मांग की। विश्वास में आकर पीड़िता ने 23 मई को 39 हजार और 24 मई को 29 हजार एक ही नंबर पर ऑनलाइन भुगतान किया। एक अन्य क्यूआर कोड के माध्यम से 45 हजार दिए। इसी तरह अलग-अलग किश्तों में कुल दो लाख 30 हजार आरोपियों को सौंपे। जब युवती ने नौकरी दिलाने या पैसा लौटाने का दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगे। पीड़िता ने बताया रकम उसने अपने मामा व अन्य रिश्तेदारों से उधार लेकर दी थी। जब उसने पैसे लौटाने की बात कही तो आरोपी ने धमकी दी कि फांसी लगा लो या कह दो पैसा कहीं गिर गया है। युवक ने अनुसूचित जाति का हवाला देते हुए फर्जी एससीएसटी एक्ट में फंसा देने की धमकी दी। हिमांशी ने पूरी बात की रिकॉर्डिंग रखी है। मामले में पुलिस ने शेरपुर लखनी निवासी दीपक, ओमकार व दीपक के चाचा सहित अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया मामले की जांच जारी है।

# विद्यार्थियों ने दिखाई स्टार्टअप चेतना

जिला संवाददाता सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्युत इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पुनर्जीवित 'इलेक्ट्रम फोरम' के तहत आयोजित तकनीकी कार्यक्रम "आवेश 2025" में छात्रों ने नवाचार और स्टार्टअप के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह मंच विद्यार्थियों को तकनीकी विशेषज्ञता, उद्योग की समकालीन प्रवृत्तियों और उद्यमिता से जोड़ने का उद्देश्य रखता है। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. सौरभ मणि त्रिपाठी के उद्घाटन भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं बल्कि रोजगार सृजनकर्ता और स्टार्टअप लीडर बनें। इस अवसर पर छात्रों ने यूएवी प्लेटफॉर्म (स्वदेशी शील्ड), पोर्टेबल माइक्रोग्रिड, क्यूआर आधारित प्रोडक्ट ऑथेंटिसिटी, मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक अपसाइक्लिंग और स्वचालित कृषि समाधान जैसी परियोजनाएं प्रस्तुत की।


केएनआईटी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

विद्यार्थियों ने संवाद और चर्चाओं के माध्यम से इन विचारों को व्यवहारिक क्रियान्वयन व बाज़ार की जरूरतों से जोड़ने के उपायों पर भी विचार किया। फाइनल ईयर के अंश्रृत सिंह, उत्कर्ष साहू, प्रद्युम्न तिवारी, रिया सोनकर और थर्ड ईयर के म्रदुल अवस्थी, राजेश्वरी, अतुल कटारिया, आदित्य यादव ने स्वयंसेवक के रूप में भूमिका निभाई। अंत में प्राध्यापकगण ने छात्रों की रचनात्मकता, तकनीकी आत्मविश्वास और उद्यमिता की भावना की सराहना की। प्रतिभागियों ने कहा कि "आवेश 2025 ने हमें अपने विचार साझा करने और स्टार्टअप की वास्तविकताओं को समझने का अवसर दिया।"

# खिलाड़ियों को खेल किट वितरित

**दोस्तपुर, सुलतानपुरः** शनिवार को दोस्तपुर विकास खंड परिसर में प्रादेशिक विकास विभाग और युवक मंगल दल के सहयोग से ग्रामीण खिलाड़ियों को खेल कूद के किट वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय लक्ष्मी शुक्ला रही। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में स्वस्थ और अनुशासित बनाए रखते हैं और महिला खिलाड़ी भी अब देश का नाम रोशन कर रही हैं। खंड विकास अधिकारी ने खिलाड़ियों से मेहनत और अभ्यास करने का आह्वान किया।

# आल्हा गायन में वीर रस से श्रोता सराबोर

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के ग्राम परसपुर बरासिन स्थित जालपा माता मंदिर प्रांगण में शनिवार को भव्य आल्हा गायन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ग्राम पंचायत बरासिन के समाजसेवी युवा शिवम शुक्ला 'मोनू' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र भर से सैकड़ों लोग शामिल हुए।

प्रसिद्ध आल्हा सम्राट रमाशंकर दुबे ने अपने दमदार स्वर और वीर रस से ओतप्रोत गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से "कजरिया तीज प्रसंग" का गायन सुनकर पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और जयघोष से गूंज उठा। आल्हा-ऊदल की शौर्य गाथाओं को इस अंदाज़ में प्रस्तुत किया गया कि उपस्थित लोग झूमने पर मजबूर हो गए। जब सुनाया, ''कटा नकाशा है खंभा मां, दुई दुई मूरत परय देखाय'' तालियों से प्रांगण गूंज उठा। कार्यक्रम में रामदयाल शुक्ला, राजकुमार तिवारी, संतोष पांडेय, अमरनाथ पांडेय, प्रभाशंकर, रामकुमार, मुकेश, रुद्रनारायण, दिनेश, रामकिशोर, राकेश, भोला, लक्ष्मी नारायण, प्रदीप सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।


बल्दीराय के परसपुर में आल्हा गाते गायक रमाशंकर दुबे। अमृत विचार


ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जोर-आजमाइश करते खिलाड़ी। अमृत विचार

## ताइक्वांडो स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में मधुसूदन विद्यालय इंटर कॉलेज के संयोजन में आयोजित मंडल स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य सच्चिदानंद मिश्र ने किया। प्रतियोगिता में सुलतानपुर, अयोध्या और अंबेडकर नगर के बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। सीनियर बालक वर्ग में विनोद कुमार, जूनियर में पीयूष चंद्र शुक्ला और अक्स यादव, सब जूनियर में दिव्यांश ने स्वर्ण पदक जीते। बालिकाओं में रागिनी, कृतिका चौहान और अयोध्या की दिव्यांशी भट्ट सहित कई खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल किया। समापन पर क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह और मंडलीय शिक्षक राहुल तिवारी ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता की कामना की।

## महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**भदैंया, सुलतानपुरः** देहात कोतवाली क्षेत्र के अलहदादपुर गांव में ममता (32) पत्नी दुर्गेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतका के मायके ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया है। मृतका लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के राजापुर हिम्मत गांव के बाबूलाल विश्वकर्मा की पुत्री थीं। उनका विवाह 10 वर्ष पहले अलहदादपुर निवासी दुर्गेश कुमार से हुआ था। उनके दो छोटे बच्चे हैं। शुक्रवार की शाम हुई मौत के बाद मृतका के मायके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच-पड़ताल में जुट गई है।


जुलूस-ए-अमारी में शामिल लोग। अमृत विचार

## अमहट में जुलूस-ए-अमारी का आयोजन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अंजुमन असगरिया कदीम अमहट के तत्वावधान में हाजी मंजूर हुसैन करबलाई की अगुवाई में शनिवार को हुसैनिया नव-तामीर अमहट में जुलूस-ए-अमारी का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गुलरेज़ लखनवी की तिलावत-ए-कुरआन से हुई, इसके बाद मौलाना जीशान आज़मी, मौलाना नदीम रज़ा फैजाबाद, मौलाना कलबे हसनैन और मौलाना कलबे अब्बास ने तकरीर की। जुलूस हुसैनिया नौ तामीर से निकलकर अमहट चौराहे और रायबरेली रोड होते हुए करबला अमहट पहुंचा, जहां दरगाह इमाम हुसैन (अ.स.) और मौला अब्बास (अ.स.) पर मंजरकशी पेश की गई। इसमें स्थानीय और बाहरी अंजुमनों ने नौहाख्वानी और मातम किया। हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हैदर अब्बास खान ने जानकारी दी।

## सुलतानपुर डायरी

### शादी टूटने से आहत युवक की हुई थी मौत, मुकदमा हुआ दर्ज

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** बल्दीराय थाना क्षेत्र के सरैया माफी गांव में शादी तय होने के बाद कन्या पक्ष की तरफ से अचानक विवाह से इंकार किए जाने से आहत युवक जगराम अग्रहरि (29) पुत्र शीतला प्रसाद अग्रहरि की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। युवक अयोध्या जिले के सागर पट्टी पूरे राय का पुरवा, हरंटीनगंज गांव का निवासी था। बुधवार को मंगेतर के घर युवक को मूर्छित अवस्था में पाया गया। जहर खाने की आशंका पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अमीना ताइक्वांडो अकैडमी के तीन खिलाड़ी स्टेट लेवल में चयनित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पंत स्टेडियम में आयोजित मंडलीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अमीना ताइक्वांडो अकैडमी के तीन खिलाड़ी सेजल निषाद, रागिनी निषाद और अक्स यादव ने गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। इनकी जीत से कोच अमीना बानो, माता-पिता और पूरे जनपद में खुशी का माहौल है। अमीना बानो ने बताया कि ये खिलाड़ी आने वाले महीने में राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह, डॉ. सुधाकर सिंह, एडवोकेट मदन सिंह, वरुण मिश्रा, कांति सिंह और सौरभ मिश्रा सहित कई लोगों ने बच्चों को बधाई दी।

### महासंपर्क अभियान का शुभारंभ

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर में संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत महासंपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने आचार्य बंधु-भगिनी एवं भैया-बहनों से इस "महायज्ञ" को सफल बनाने हेतु सक्रिय योगदान का आह्वान किया। संस्कृति बोध परियोजना प्रमुख रणविजय सिंह ने परियोजना के तहत संचालित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य रवींद्र तिवारी, आचार्य राजबहादुर शर्मा, अनिल पांडेय, महेश शुक्ल, श्रद्धा सिंह, शशी द्विवेदी, ज्योति त्रिपाठी, शोभा रानी, सीमा यादव, आरती जी समेत परियोजना के विभिन्न कार्यक्रमों के प्रमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव चतुर्वेदी ने किया।

### फर्जी वैवाहिक दस्तावेज बनाया

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र के अतौला निवासी पैंतीस वर्षीय शादीशुदा दो बच्चों के पिता अजय कुमार ने आरोप लगाया है कि एक किन्नर ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर खुद को उसकी पत्नी साबित किया और अब उससे पांच लाख रुपए की मांग कर रही है। अजय कुमार के अनुसार, कुछ समय पूर्व वह किन्नर सुशीला पुत्री महराज दीन, निवासी मीठेगांव, थाना इनायतनगर, अयोध्या के साथ ढोल बजाने का काम करता था। काम के दौरान सुशीला ने बैंक खाता खोलने के लिए कुछ कागजात पर उसके अंगूठे का निशान लिया। अनपढ़ होने के कारण अजय कुमार ने उसे समझा नहीं। बाद में सुशीला ने फर्जी वैवाहिक अनुबंध पत्र तैयार करवा कर खुद को उसकी पत्नी साबित किया और आधार व गांव का निवास प्रमाण पत्र बनवा लिया। जबकि अजय कुमार की सोलह वर्ष पूर्व शादी हो चुकी है और उनके दो बच्चे अखिलेश व विमलेश हैं। जब यह मामला सामने आया, तो अजय कुमार ने जिलाधिकारी से शिकायत कर फर्जी दस्तावेज रद्द करवाए। नाराज़ सुशीला अब पांच लाख रुपए की मांग कर रही है और न देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है।

### रिटायर्ड शिक्षामित्र को दी विदाई

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर :** ब्लॉक क्षेत्र के शाहपुर नानेमऊ निवासी शिक्षामित्र उमेश पांडेय के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों ने सामूहिक सहयोग से 1 लाख 71 हजार रुपये की राशि एकत्र कर उन्हें भेंट की। बीईओ बलदेव प्रसाद यादव ने उमेश पांडेय को अंगवस्त्र, रामचरितमानस, हनुमान जी का चित्र और नगद धनराशि व चेक प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक पहल न केवल एक सेवानिवृत्त साथी को आर्थिक संबल देने का कार्य है, बल्कि इससे शिक्षकों की आपसी एकजुटता का भी संदेश जाता है।

### रसायन विभाग में फ्रेशर्स पार्टी 'मधुरिमा' का हुआ आयोजन

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के रसायन विभाग में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी 'मधुरिमा' का आयोजन किया गया। एमएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का अभिनंदन किया और गीत, गजल, नृत्य सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार वर्मा और प्राध्यापक डॉ. प्रशांत सिंह ने नए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कार्यक्रम को रचनात्मकता व सहयोग की भावना बढ़ाने वाला बताया। इस अवसर पर सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

## बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले में शिक्षामित्र से अध्यापक बने शिक्षकों ने संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता से मिलकर पुरानी पेंशन विकल्प पत्र भरवाने हेतु ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के आदेश के क्रम में, उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट रूल 1961 के तहत, 28 मार्च 2005 से पहले रिक्त पदों के आधार पर चयनित शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन का विकल्प पत्र भरवाना अनिवार्य है। जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि मुख्य सचिव वित्त एवं शासन तथा विशेष सचिव और सचिव बेसिक शिक्षा परिषद के किसी भी आदेश में विशेष भर्ती के शिक्षकों से विकल्प पत्र लेने का उल्लेख नहीं है, फिर भी शिक्षकों को यह प्रक्रिया पूरी करनी पड़ रही है। महामंत्री राकेश मिश्र ने बताया कि अब तक अयोध्या, अमेठी, प्रयागराज, बस्ती, बलिया, कौशांबी सहित लगभग 35 जनपदों में शिक्षामित्र से शिक्षक बने शिक्षकों का विकल्प पत्र भरवाने का आदेश जारी हो चुका है।

## बेहतर विकल्प है नैनो यूरिया

**सुलतानपुरः अमृत विचारः** केएनआई स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में शनिवार को यूरिया किल्लत को देखते हुए इफको के द्वारा बिक्री प्रभारी कर्मचारियों के लिए नैनो उर्वरक पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को दानेदार यूरिया की तुलना में कम मात्रा में नैनो यूरिया के प्रयोग से बेहतर उपज प्राप्त करने और यूरिया की मारामारी से बचाने के उपाय बताना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी ने सभी बिक्री प्रभारी कर्मचारियों को नैनो उर्वरकों के महत्व और किसानों को इसके प्रयोग की जानकारी देने का निर्देश दिया। इफको के जिला प्रबंधक सानू शुक्ला ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग के तरीकों को विस्तार से समझाया। वहीं, इफको उप महाप्रबंधक एसके वर्मा ने इफको के अन्य उत्पादों और इंसेंटिव स्कीम के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सीके त्रिपाठी ने बताया कि नैनो उर्वरक मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हुए फसल की उपज में सुधार करता है।


बालिकाओं को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

## केशकुमारी की बालिकाओं ने लहराया झंडा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सुलतानपुर जनपद की अंडर-17 वॉलीबॉल बालिका टीम ने मंडलीय प्रतियोगिता में अयोध्या हॉस्टल की टीम को तीनों सेट में हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। पीएमश्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की अंशिका समृद्धि चतुर्वेदी, साक्षी कसौधन, साक्षी गौतम, कशिश प्रिया, छायापाल और शाहनूर बानो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। विद्यालय में प्रधानाचार्य पल्लवी सिंह और क्रीड़ा प्रभारी सुमन यादव ने विजेताओं को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावक संघ के अध्यक्ष जुनैद और शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को बधाई दी।


**बाबा बैजनाथ डॉ0 रामदेव भगौती सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय सराय**
धनेठी मिल्कीपुर अयोध्या

**में आवश्यकता है**

**स्नातक स्तर पर बी0ए0 पाठ्यक्रम में** (गृहविज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र) तथा बी0एस0सी0, पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01-01 पद। **परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में** (गृहविज्ञान, हिन्दी) प्रत्येक विषय में 02-02 पद। **प्राचार्य - 01 पद।**
**योग्यता एवं वेतनमान** - यू0जी0 सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्यदिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्व पता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
**राजेश कुमार सिंह - प्रबन्धक**
**मो0: 8318862644**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
# क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र विक्रांत सिंह के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते समस्त प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिये है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा ,वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **अनिल सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह-ग्राम व पोस्ट-ऐली -थाना-बिधूना-तहसील- बिधूना- जिला -औरैया।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी पुत्री का नाम आधारकार्ड (870145385679) में मनरीत कौर लिखा है जो गलत है। जन्म प्रमाण पत्र में मेहर कौर लिखा है जो कि सही है। अत: मेहर कौर नाम ही सही व सच है। **रंजीत सिंह पुत्र सरदार सिंह, निवासी मोहल्ला सरदार गली, सरायमीरा, कन्नौज।**

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1631184 का प्रमाण पत्र सहअंक पत्र क्रमांक 41377375 वास्तव में खो गया है। **कु0 मोहिनी पुत्री रविदास, नगला कुआं पो0 निलोई जसवंतनगर इटावा**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2022 अंकपत्र अनुक्रमांक 1221360487 वास्तव में खो गया है। अगर किसी को मिले तो मोबाइल 7905862028 पर सूचित करें। **अनुभव पुत्र परशुराम निवासी ग्राम बुढ़ई, पोस्ट सिसोलर जिला हमीरपुर (उ.प्र)**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट नंबर- L5943410 में मेरा नाम बुधराम जगदीश प्रसाद मौर्या है जो कि गलत है मेरा सही नाम बुधराम मौर्या है। मुझे इसी नाम से जाना जाए। **बुधराम मौर्या पुत्र जगदीश मौर्या ग्राम मझारी वांछिल जिला बलरामपुर**

**सूचना**
मै **श्रीमती माधुरी मिश्रा पत्नी श्री सुरेन्द्र नाथ मिश्रा, सेक्टर आई जानकीपुरम, लखनऊ** की निवासिनी हूँ! मेरे प्लाट नं.-9, रकबा 258.50 वर्ग मी., सेक्टर- आई, जानकीपुरम तहसील व जिला-लखनऊ, बही सं.1 जिल्द सं.1760 पृ.सं.245 से 264, क्र.1370 पर दिनांक -21.02.1998 को पंजीकृत है। जिसका मूल बैनामा पत्र कही खो गया। किसी को भी मिले तो कृपया सूचित करे।

**सूचना**
सूचित करना है कि मेरे पासपोर्ट सं0-T0273594 में मेरा नाम ALIZA AZAZ दर्ज था, जोकि गलत है। सही नाम ALIZAH AZAZ है भवष्यि में मुझे ALIZAH AZAZ के नाम से जाना पहचाना जाये। ALIZAH AZAZ **पुत्री एजाज अहमद अंसारी निवासी- मोहल्ला बढ़ढा, पोस्ट-सिकन्दरपुर, बलिया यू0पी0।**

**सूचना**
सूचित करना है कि मेरे पासपोर्ट सं0-T0271739 में मेरा नाम MOHMMAD SHAD ALI दर्ज था, जोकि गलत है। सही नाम MOHAMAD SAAD ALI है भवष्यि में मुझे MOHAMAD SAAD ALI के नाम से जाना पहचाना जाये। MOHAMAD SAAD ALI **पुत्र एजाज अहमद अंसारी निवासी- मोहल्ला बढ़ढा, पोस्ट- सिकन्दरपुर, बलिया यू0पी0।**

**सूचना**
मैं लक्ष्मी सिंह उपाध्याय सहायक प्रबन्धक उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र सीतापुंर सूचित करती हूँ कि सरकारी अभिलेखों में मेरा मूल निवास जनपद लखनऊ अंकित है परन्तु विवाहोपरान्त अब मेरा मूल निवास जनपद बस्ती है।

**NOTICE**
I Keshari son of Bhajanlal Gupta vill/post Ramnagar tarhar surti purwa, pargana/tahseel and district Gonda my name is wrongly written as 'Keshi' in the aadhar card. It should be corrected the aadhar card. Name Keshari should be written in aadhar card.

**बेदखली सूचना**
सूचित हो कि मैं **साबिया खातून पत्नी मो0 सहील अहमद निवासी म.स-557/22 KA- ओम नगर, आलमबाग, लाखनऊ थाना आलमबाग, उत्तर प्रदेश, मो0 न0- 9198771971,** मेरे पुत्र आकिल जावेद ने गुलफ्शा नामक युवती से निकाह कर लिया जिसके बाद आए दिन दोनों मेरे साथ दुरव्यवहार करने लगे व किसी प्रकार का सेवा सत्कार नहीं करते है। मेरे साथ कुठित रवैया अपनाते हुए मेरा साथ तिरस्कार किया करते है जिससे मै मानसिक अवसाद में आ गई है। उन की इन हरकतों से तंग आकर उक्त दोनों को चल-अचल सम्पत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल करती हूँ अब उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

**NOTICE**
I am MADAN KUMAR VERMA F/O ANANYA VERMA resident of 548GHA/29 Tejikhera Manak Ngar Lucknow. My name is MADAN KUMAR VERMA as mentioned in my Adhar card . My name has been wrongly mentioned as MADAN VERMA in school record. My correct and full name is MADAN KUMAR VERMA. MADAN VERMA and MADAN KUMAR VERMA both are the name of same person

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मे मैंने बच्चे के विद्यालय के रिकाड्र्स में अपना नाम त्रुटिवश रीना सिंह लिख दिया था, जिस वजह से बच्चे के विद्यालय के सभी रिकार्ड में रीना सिंह अंकित हो गया है। जब की मेरा सही नाम रीना कुमारी है , जो की मेरे अन्य सभी अभिलेखों में भी रीना कुमारी ही दर्ज है अतएव मेरा नाम रीना सिंह के स्थान पर सभी रिकार्ड में रीना कुमारी करने की कृपा करें व सामान्य जन रीना कुमारी नाम से पढ़कर, बोलकर, लिखकर सम्बोधित करें।

**सूचना**
मैं **रियांशी सिंह पुत्री डा0 अरूण सिंह गौतम निवासिनी-11 गोबिन्द विहार कालोनी, चिनहट, जनपद-लखनऊ, राज्य उत्तर प्रदेश** की हूं, मेरी बीमा पालिसी संख्या-231008586 है उपरोक्त बीमा पालिसी में मेरा नाम रितिका सिंह अंकित है जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में रियांशी सिंह तथा जन्मतिथि 29/11/2002 अंकित है यहकि रियांशी सिंह एवं रितिका सिंह दोनो नामो की एक ही महिला है। अत: उपरोक्त बीमा पालिसी में अंकित नाम रितिका सिंह के स्थान पर मेरा नाम रियांशी सिंह अंकित कर दिया जाये।

# यूरिया की किल्लत को दूर करने में जुटा प्रशासन

## 38 समितियों व 73 निजी विक्रेताओं को भेजी जायेगी 2100 मीट्रिक टन यूरिया, चार दिन बाद फिर 50 हजार बोरी आवंटित होगी

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** खाद किल्लत का सामना कर रहे किसानों को राहत पहुंचाने के लिए जिले को 2100 मीट्रिक टन यूरिया खाद का आवंटन मिला है। इसे 38 साधन सहकारी समितियों व 73 निजी दुकानों पर भेजा जायेगा और उनके माध्यम से खाद किसानों को वितरित की जायेगी। चार दिन बाद फिर से 50 हजार बोरी यूरिया खाद आवंटित होगी। प्रशासन की सख्ती के बाद अब किसानों को यूरिया आसानी से मिल सकेगी।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि इस यूरिया का भंडारण 38 साधारण सहकारी समितियों, 58 आईएफएंफडीसी किसान सेवा केंद्र, इफको ई-बाजार तथा 73 निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से कराया जा रहा है। यह सभी जिले के अलग-अलग विकास खंडों में उपलब्ध रहेगा। किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार नजदीकी समिति या विक्रय केंद्र से ही यूरिया लें।



धानेपुर साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद के लिए लाइन लगाकर खड़े किसान।

यूरिया खरीदते समय आधार कार्ड और भूमि खतौनी लेकर जाना अनिवार्य है। साथ ही खरीद पर किसानों को ई-पॉश मशीन से पर्ची दी जाएगी। यदि कोई विक्रेता पर्ची नहीं देता या अधिक मूल्य लेता है तो उसकी शिकायत कृषि विभाग को दर्ज कराई जा सकती है। इसके लिए किसानों को हेल्पलाइन नंबर 05262 796594, 9140832231 और 7380323333 जारी किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, इसलिए किसानों को किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने बताया कि आने वाले चार दिनों में अतिरिक्त 50,000 बोरी यूरिया और जिले को मिल रही है। कृषि विभाग का दावा है कि समय से उपलब्ध कराई जा रही खाद से किसानों को बोआई कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

## आम आदमी पार्टी ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**मनकापुर, गोंडा :** जिले में खाद की भारी किल्लत को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों को खाद के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है, बावजूद इसके उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। शनिवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र अज्जू पंडित के नेतृत्व में तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि खाद वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार और कालाबाजारी की वजह से किसान परेशान हैं। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए, कालाबाजारी पर रोक लगे, दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो और प्रभावित किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि समय से खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी अजय प्रभाकर, विधानसभा अध्यक्ष शिवम कुमार, रवि, लालमन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




उप जिलाधिकारी को मांग पत्र देते आप के पदाधिकारी। अमृत विचार

### कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग

स्थानीय क्षेत्र में किसानों को यूरिया न मिलने की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एसडीएम जितेंद्र गौतम को राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। विधानसभा प्रभारी अब्दुल मोईन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराया जाए। कालाबाजारी पर रोक लगाने के साथ ही इसमें संलिप्त अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर शिव शरण यादव, योगेश प्रताप सिंह, दीपू पांडेय, गंगाराम, आयुष शुक्ल, दिलीप सिंह, सुभाष मिश्र व रवि मिश्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## टैंकर से टकराई श्रद्धालुओं से भरी कार, 6 घायल

**करनैलगंज :** स्थानीय क्षेत्र में शनिवार दोपहर नैमिषारण्य दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी कार गोंडा-लखनऊ मार्ग पर जहांगीरवा रेलवे क्रॉसिंग के पास टैंकर से टकरा गई। हादसे में आधा दर्जन श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

कार नैमिषारण्य से दर्शन कर वापस लौट रही थी। तभी आगे चल रहे टैंकर ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे से कार टकरा गई। हादसे में ग्राम मथुरा निवासी सरोज देवी (62), ग्राम जयराम जोत निवासी खट विंदु मिश्रा (65), आशीष मिश्रा (25), तारा देवी (60), अनमोल मिश्रा (7) तथा बरौली बड़जोत निवासी कृष्णवती (55) घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी करनैलगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। चौकी प्रभारी भंभुआ अंकित सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 18 उपभोक्ताओं के काटे गए विद्युत कनेक्शन

**रुपईडीह :** बिजली का बकाया न अदा करने के कारण विद्युत उपकेंद्र आर्य नगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में गठित बिजली कर्मियों की टीम ने तेलिया कोट मुरावन पुरवा गाँव में 10 तथा आर्य नगर कस्बे में आठ उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। टीम में जितेंद्र तिवारी, अमरजीत यादव, दिलीप शुक्ल, जव्वाद अहमद, नागेश्वर मौर्य, विनय कुमार व इंदल प्रसाद शुक्ल शामिल रहे।

### समाधान दिवस में आईं नौ शिकायतें

**तरबगंज, अमृत विचार :** स्थानीय थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नायाब तहसीलदार अनुराग पाण्डेय ने किया। समाधान दिवस में नौ शिकायतें दर्ज की गई, लेकिन किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। रास्ते व खतौनी की जमीन पर हुए अवैध कब्जे कों लेकर पीड़ितो ने शिकायत की हैं, जिसको लेकर नायब तहसीलदार अनुराग पाण्डेय ने सम्बंधित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक को निस्तारित करनें का निर्देश दिया है ।इस दौरान थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी सहित सभी राजस्व विभाग के कर्मचारी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### चोरी के सामान के साथ चार गिरफ्तार

**मनकापुर :** बीते शुक्रवार को अवर अभियंता शत्रुघन सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी थी कि उपकेंद्र मनकापुर व नवनिर्मित कुड़ासन बिजली घर से अज्ञात चोरों ने लगभग 1800 मीटर तार समेत भारी मात्रा में विद्युत सामग्री चोरी कर ली। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने शनिवार को ऊंटघाट पुल के पास से चार अभियुक्त उमेश चौहान, सुंदरम निवासी ऐलिमाझा थाना उमरी बेगम गंज सन्तबक्स उर्फ शुभम यादव, प्रदीप यादव निवासी नरसड़ा थाना उमरी बेगमगंज को गिरफ्तार कर लिया। चारों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

### खंड शिक्षा अधिकारी ने की बैठक, दिए निर्देश

**रुपईडीह :** ब्लॉक के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, प्रभारी प्रधानाध्यापको की बैठक खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह की देखरेख में दो चरणों में न्याय पंचायत वार ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित की गई। इस बैठक में उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से विद्यालयों में नामांकित छात्र छात्राओं की यूडायस फीडिंग, चालू सत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं के नामांकन, निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण व मानव संपदा पर सहायक अध्यापकों द्वारा लिए गए विभिन्न अवकाशों के निस्तारण के बारे में जानकारी हासिल करते हुए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बनाए रखना का निर्देश दिया।

### संजय बने सहसंयोजक

**गोंडा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रहे संजय यादव को भारतीय जनता पार्टी ने स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन अभियान का जिले का जिला सहसंयोजक नियुक्त किया है। संजय यादव को यह जिम्मेदारी पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपी गई है। अब वे जिले में युवाओं के बीच इस अभियान को गति देने और वन नेशन वन इलेक्शन के पक्ष में वातावरण तैयार करने का काम करेंगे।

### शोक सभा आयोजित

**गोंडा :** लायंस भवन में आयोजित शोक सभा में लायंस क्लब गोंडा अवध के दिवंगत कोषाध्यक्ष लायन सुदेश मोहन श्रीवास्तव को क्लब के सदस्य एवं पदाधिकारी द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गौरतलब है कि बीते सोमवार को लायन लायन सुदेश मोहन श्रीवास्तव का आकस्मिक निधन हो गया था।

## छात्रों ने राजमार्ग पर किया हंगामा

**गोंडा, अमृत विचार :** शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में यूनीफॉर्म न पहनकर आने वाले छात्रों को कालेज प्रशासन ने शनिवार को गेट से बाहर निकाल दिया। इससे आक्रोशित छात्रों ने कालेज गेट पर जमकर हंगामा किया और बीच सड़क धरने पर बैठ गए।

छात्रों के धरने से गोंडा-लखनऊ राजमार्ग जाम हो गया और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। नाराज छात्रों ने कालेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। हालांकि जाम में फंसे लोगों के समझाने पर छात्र मान गए और सड़क से उठकर अलग हो गए। इस ड्रामेबाजी से करीब 15 मिनट तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

शहर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज में अक्सर बाहरी तत्व पहुंचकर मार पीट करते हैं और कालेज का माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। इससे कालेज का पठन पाठन प्रभावित होता है। जब कालेज इस तरह के शरारती तत्वों पर कार्रवाई करना चाहता है तो उन्हे चिन्हित करने में मुश्किले आती हैं। ऐसे में छात्रों की पहचान के लिये प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को यूनीफॉर्म में कालेज आने का निर्देश जारी किया है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कुछ छात्र ऐसे हैं जो अब भी स्कूल यूनीफॉर्म मैं नही आ रहे हैं।



टॉमसन इंटर कालेज के सामने हंगामा कर सड़क जाम करते छात्र। अमृत विचार

- **यूनीफॉर्म न पहनकर आने पर कॉलेज प्रशासन ने गेट से बाहर किया**

> बीते दिनों कुछ बाहरी तत्व कालेज में चले आए थे और छोटे बच्चों के साथ मारपीट की थी। यूनीफॉर्म में न होने के कारण उन्हे चिन्हित नहीं किया जा सका। इसके बाद सभी को यूनीफॉर्म में आने के लिए निर्देशित किया गया था। पिछले एक सप्ताह से सभी को चेतावनी दी जा रही थी लेकिन कुछ छात्र अब भी यूनीफॉर्म में नहीं आ रहे थे। शनिवार को यूनीफॉर्म व पहनकर आने वाले छात्रों को बाहर किया गया था। कालेज के अनुशासन से समझौता नहीं किया जायेगा। हालांकि छात्रों ने सड़क पर हंगामा किया इसकी जानकारी नहीं मिल सकी।
>
> **-अवध शरण मिश्र,** प्रधानाचार्य

## प्रशासन की पहल से रास्ते का विवाद सुलझा

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** मोहल्ला पटेल नगर केवटहिया स्थित काली माता मंदिर की चारदीवारी निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच कई दिनों से चल रहा विवाद प्रशासनिक हस्तक्षेप से सुलझ गया। मंदिर परिसर के बगल रहने वाले रामगोपाल गुप्ता व विनोद गुप्ता का कहना था कि मंदिर की बाउंड्रीवाल उनके घर के सामने बनने से रास्ता बंद हो जाएगा, इसलिए कम से कम पांच फीट जगह छोड़ी जाए। वहीं गीता सिंह, विजय निषाद सहित अन्य लोगों का कहना था कि मंदिर का जीर्णोद्धार कराना है और इसके लिए मात्र तीन फीट जगह ही रास्ते के लिए दी जाएगी। प्रशासन ने निर्देश दिया कि मंदिर की चारदीवारी निर्माण के दौरान चार फीट जगह छोड़कर दीवार खड़ी की जाए। हल्का लेखपाल प्रेम शंकर को निर्माण कार्य पर नज़र रखने का निर्देश दिया गया है।

## सोनवरसा आश्रम पर अराजक तत्वों ने किया हमला

**गोंडा, अमृत विचार :** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सोनवरसा आश्रम पर शुक्रवार की रात अराजक तत्वों ने हमला कर दिया। जिस वक्त घटना हुई उस समय आश्रम में सत्संग भजन का कार्यक्रम चल रहा था और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। शोर शराबा सुनकर आश्रम पीठाधीश्वर संत छोटे बाबा बाहर निकले तो एक हमलावर ने उन पर भी प्रहार करने की कोशिश की। हालांकि मौके पर पहुंचे सेवादारों ने हमलावरों को खदेड़ा तो वह भाग निकले लेकिन इसी बीच एक हमलावर को सेवादारों ने दबोच लिया। हमलावर की पहचान फैजान के रूप में हुई है। आश्रम पीठाधीश्वर ने जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए देहात कोतवाली पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



आश्रम में अपने समर्थकों के साथ मौजूद संत छोटे बाबा। अमृत विचार

**पहले भी दो बार हो चुका है संत छोटे बाबा पर हमला :** सोनवरसा आश्रम पीठाधीश्वर संत छोटे बाबा पर पहले भी दो बार हमला किया जा चुका है। वर्ष 2020 में उनके साथ कुछ अराजक तत्वों ने मारपीट की थी जिसमें उन्हे गंभीर चोटें आई थी। वह लगभग 20 दिन तक आईसीयू में भर्ती रहे थे। वर्ष 2021में भी फोन पर उन्हे जान से मारने की धमकी दी गयी थी।

## गला घोंटकर हुई थी युवती की हत्या, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** शुक्रवार को पूरे ललक गांव के पास धान के खेत से 18 वर्षीय युवती ज्योति का शव बरामद हुआ था। परिजनों के अनुसार युवती दोपहर करीब दो बजे से लापता थी। घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व अपर पुलिस अधीक्षक मवोज कुमार रावत ने मौका मुआयना किया था और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। शनिवार को मृतका की पीएम रिपोर्ट आ गयी। पीएम रिपोर्ट के मुताबिक युवती की गला घोंटकर हत्या की गयी थी। पीएम रिपोर्ट आने को बाद पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के खुलासे के लिए पांच टीमों को लगाया गया है। कोतवाल देहात संजय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है, जिसमें गला दबाने से युवती के मौत की पुष्टि हुई है। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

## भाजपा सरकार ने समाप्त की भर्ती में घूसखोरी की प्रथा



रोजगार मेले में आए हुए अभ्यर्थियों को संबोधित करते विधायक अजय सिंह।

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** शनिवार को नगर के कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में सेवा योजना और रोजगार संगम की 10 कंपनियों ने स्टॉल लगाए। इसमें 362 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जिनमें से 252 का चयन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। सेवा योजना पोर्टल व रोजगार संगम के माध्यम से युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि अब भर्ती में घूसखोरी की प्रथा समाप्त हो गई है। विधायक ने कॉलेज में अलंकार योजना के तहत हो रहे भवन निर्माण का भी जिक्र किया और छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं दिलाने का आश्वासन दिया। बाद में उन्होंने स्टॉलों का निरीक्षण किया और अभ्यर्थियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान एक विकलांग युवक को नकद सहायता भी प्रदान की। कार्यक्रम में रामजीलाल मोदनवाल, मेजर राजाराम, धर्मेंद्र तिवारी, आशीष गिरि, विवेक सिंह, देवेंद्र दीक्षित, कन्हैया लाल वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## छात्रवृत्ति वितरण के लिए प्रशिक्षित किए गए कर्मचारी

**गोंडा, अमृत विचार :** पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति वितरण में आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए समाज कल्याण विभाग की तरफ से शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। एससीपीएम कालेज में आयोजित इस कार्यशाला में देवी पाटन मंडल के सभी जिलों के 380 शैक्षिक संस्थाओं के छात्र छात्राओं समेत सम्बन्धित संस्थाओं के पटल सहायक व कम्प्यूटर आपरेटर शामिल हुए।

कार्यशाला में छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय सारिणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के कार्यक्रम किये गये। सभी सम्बन्धित प्रश्नों और जिज्ञासाओं का निराकरण किया गया और पावर प्वान्इट प्रजेटेशन से दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा, आयु सीमा, न्यूनतम उपस्थिति के बारे में बताया गया। वर्ष 2025-26 में किए गए बदलाव की जानकारी भी दी गयी।

- **समाज कल्याण विभाग ने तैयार की 2 अक्तूबर को छात्रवृत्ति वितरण की कार्ययोजना**

निदेशालय लखनऊ से आए छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी व सहायक निदेशक सिद्धार्थ मिश्र ने मास्टर डाटा, एआईएसएचई वैलिडेशन, वन टाइम रजिस्ट्रेशन समेत अन्य प्रमुख बिन्दुओं के बारे में जानकारी दी और छात्रवृत्ति के 10 स्टेप प्रोसेस फ्लो चार्ट को विस्तार से बताया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जानकारी के अभाव में छात्रों से और विद्यालयों से तथा एफिलियेटिंग एजेन्सी और विश्वविद्यालयों से त्रुटियां हो जाती है जिसके कारण छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित होना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभाग की तरफ से इस बार 2 अक्टूबर को छात्रवृत्ति वितरित किये जाने की कार्ययोजना बनायी गई हैं। दशमोत्तर छात्रवृत्ति भी 15 दिसम्बर से वितरित होनी शुरू हो जायेगी।

## सिटी डायरी



प्रशिक्षण में मौजूद लाभार्थी व प्रशिक्षक।

### डेयरी हो सकता है स्वरोजगार का सशक्त साधान

**मनकापुर :** महेवा नानकार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय व्यावसायिक डेयरी विषयक प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हुआ। वरिष्ठ पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. डी.के. श्रीवास्तव ने प्रशिक्षणार्थियों को डेयरी व्यवसाय को स्वरोजगार का सशक्त साधन बताते हुए इसे अपनाने का आह्वान किया। इसमें डॉ. रामलखन सिंह ने हरा चारा उत्पादन तकनीक, डॉ. डी.के. श्रीवास्तव ने पशु पोषण, गर्मी में पशुओं की देखभाल, उन्नत नस्ल की गाय-भैंस, नवजात बछड़ों की देखभाल, दुधारू पशुओं हेतु आवास प्रबंधन तथा रोग-निवारण की जानकारी दी। इसी क्रम में डॉ. अजीत सिंह वत्स ने टीकाकरण, डॉ. हनुमान प्रसाद पांडे ने प्राकृतिक खेती व कार्बनिक खाद निर्माण, डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता ने दुग्ध उत्पादों के विपणन और डॉ. दिनेश कुमार पांडे ने पशु बीमा पर विशेष जानकारी दी।

### सुर मिलाप के आयोजन में गीतों की रही धूम

**गोंडा, अमृत विचार :** एमवी म्यूज़िकल ग्रुप ने एक शाम अपनों के नाम सुर-मिलाप संगीतमयी आयोजन जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार संत व्यक्तित्व महाराणा प्रताप 'राही' के आवास पर आयोजित किया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ श्याम सुन्दर तिवारी अपर आयुक्त टैक्स ने दीप प्रज्वलन कर किया। गायक मोनू सिंह और देवेन्द्र कुमार ने मां सरस्वती की वंदना करते हुए ईश भक्ति के भजन गाये। अनंत राम अनुरागी और तिलकराम साहिल के भजन से वातावरण भक्तिमयी हो गया। सुर-मिलाप संगीत संध्या में अयोध्या से आए मदन गोपाल मौर्य, विजय कुमार श्रीवास्तव, ब्रजेश श्रीवास्तव सहित जनपद के डॉ. दिनेश श्रीवास्तव, अनमोल, प्रकाश चंद्र अग्निवेष ने सदाबहार गीतों से समां बांध दिया। ढोलकवादक मनीष श्रीवास्तव, सीनियर कीबोर्डिस्ट सलमान, कीबोर्डिस्ट सजल श्रीवास्तव, गिटारवादक शिवपूजन ने अपने संगीत से मंत्रमुग्ध कर दिया। संयोजक प्रमोद नंदन श्रीवास्तव ने बताया कि सुर-मिलाप का उद्देश्य संगीत ज्ञान को एकदूसरे से साझा करना है। मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करते हुए अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### 11 निर्धन बेटियों को गोद लेगा युवा सोच संगठन

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले के सामाजिक संगठन युवा सोच 11 निर्धन बेटियों को गोद लेकर उनकी पढाई लिखाई के साथ उनके विवाह तक की जिम्मेदारी उठायेगा। शनिवार को संगठन के संस्थापक अनिल सिंह भदौरिया ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए इन बेटियों के माता पिता से सहमति ली गयी है।



अनिल सिंह भदौरिया संस्थापक, युवा सोच संगठन

युवा सोच संगठन पिछले कई वर्षों से शहर में गरीबों को भोजन वितरण का कार्य कर रहा है। संगठन के संस्थापक अनिल सिंह प्रतिदिन शाम को भोजन लेकर निकलते हैं और चौक चौराहों पर दिखने वाले श्रमिकों, रिक्शा चालकों व अन्य जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराते हैं। अब वह गरीब बेटियों के उत्थान के लिए आगे आए हैं। अम्ल सिंह ने बताया कि वह अब तक ,32 बेटियों को गोद लो चुके हैं और उनकी पढाई लिखाई की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस वर्ष वह 11 और बेटियों को गोद लेने जा रहे हैं। इन बेटियों का रहन सहन, पढाई लिखाई और विवाह तक की जिम्मेदारी वह उठायेंगें। उन्होने कहा कि उनका उद्देश्य है कि गरीबी से कारण कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित नहीं रहनी चाहिए।



तालाब की सफाई करते कर्मी। अमृत विचार

### डीएम की नाराजगी के बाद कराई गयी तालाब की सफाई

**खरगूपुर :** खरगूपुर स्थित बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर परिसर स्थ्त तालाब में गंदगी मिलने पर डीएम की नाराजगी के बाद शनिवार को तालाब की सफाई का अभियान चलाया गया और तालाब से जलकुंभी व अन्य गंदगी हटाकर उसकी सफाई करायी गयी। कजरीतीज जलाभिषेक कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन दो दिन पहले बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया था। मंदिर परिसर में स्थित तालाब में अत्यधिक गंदगी व जलकुंभी पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की थी।

**भादो अमावस्या** | 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया स्नान, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

# सरयू घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** भादो अमावस्या पर शनिवार को सरयू नदी के कटरा घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान-दान कर पुण्य अर्जित किया और मेले का आनंद लिया। श्रद्धालु कटरा, कौड़ियां, बालपुर, जरवल और गोंडा सहित आसपास के क्षेत्रों से घाट पर पहुंचे।

मान्यता है कि इस दिन सरयू स्नान व पितरों के तर्पण से पितृ दोष का निवारण होता है। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद दान-पुण्य व जरूरतमंदों को भोजन कराकर धार्मिक अनुष्ठान पूरे किए। घाट पर बैरिकेडिंग की गई और उपनिरीक्षक सरफराज खान व महिला उपनिरीक्षक खुशबू श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुरुष व महिला पुलिसकर्मी तैनात रहे। इस मौके पर विधायक अजय सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल के साथ घाट पर चल रहे निर्माण कार्य और आगामी कांवड़ मेले की तैयारियों का जायजा लिया।



सरयू नदी पर स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु।

## कांवड़ मेले को लेकर अधिकारियों ने सरयू घाट पर डाला डेरा

**करनैलगंज :** सरयू घाट पर कांवड़ियों को सकुशल स्नान, जल भरने व मेले को संपन्न कराने के लिए अधिकारियों ने सरयू घाट पर डेरा डाल दिया है। उपजिलाधिकारी जितेंद्र गौतम, सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक दावाच्या, तहसीलदार सुभद्र प्रसाद, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार पांडेय सहित तमाम अधिकारियों ने सरयू घाट पर बारीकी से कार्य कराते रहे। उधर सरयू घाट को एक दर्जन सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। यहां तक पानी के अंदर भी निगरानी बढ़ाई गई है। करनैलगंज क्षेत्र को दो जोन और पांच सेक्टर में बांटकर ड्यूटी चार्ट तैयार किया गया है। उधर नदी के भीतर प्रकाश के लिए पहली बार व्यवस्था कराई जा रही है। इसके अलावा करनैलगंज नगर क्षेत्र से सरयू घाट तक लाइटों के बड़े इंतजाम किए गए हैं। 200 निजी वालंटियर्स तैयार किए गए हैं।

न्यूज ब्रीफ

### डाकघर में हर शनिवार लगेगा आधार शिविर

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** नानपारा डाकघर में अब हर शनिवार को आधार नामांकन एवं अपडेशन के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में नए आधार कार्ड बनाए जाने के साथ-साथ आधार में संशोधन और अपडेट की सुविधा भी उपलब्ध होगी। डाकघर नानपारा के डाकपाल प्रदीप वर्मा ने जानकारी दी कि डाकघर में प्रतिदिन आधार से संबंधित कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाता है, किंतु शनिवार को विशेष कैंप के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास रहेगा। उन्होंने बताया कि कई लोग कार्य व्यस्तता या जानकारी के अभाव में समय पर अपना आधार अपडेट नहीं करा पाते, ऐसे में शनिवार को विशेष रूप से आयोजित होने वाले इस शिविर से उन्हें सहूलियत मिलेगी।

### तहसीलदार ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** थाना नानपारा में तहसीलदार अम्बिका चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। लखैया निवासी छंगा ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विपक्षियों द्वारा खेत की मेड़ काटकर जमीन को कब्जा कर लिया गया है। मलंगपुरवा नानपारा देहाती निवासी कल्लू ने बताया कि सीमांकन के बावजूद विपक्षी कब्जा नहीं करने दे रहे हैं।

### अवैध लकड़ी लदा ट्रक पकड़ा गया

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** वन विभाग ने अवैध लकड़ी से लदे एक ट्रक को पकड़ा। बभनियांवा चौकी के पास से यह कार्रवाई की गई। मुखबिर से मिली सूचना पर डिप्टी रेंजर योगेंद्र यादव की टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को पकड़ा। टीम को देखते ही चालक मौके से फरार हो गया।

# आयुक्त ने अपने सामने बंटवायी खाद

## ग्रामीण सहकारी समिति कल्पीपारा का निरीक्षण कर किसानों से लिया फीड बैक

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा शशि भूषण लाल सुशील ने शुक्रवार को देर शाम बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति कल्पीपारा का औचक निरीक्षण कर उर्वरक वितरण कार्य का जायज़ा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद में प्राप्त होने वाली यूरिया का सुव्यवस्थित ढंग से वितरण कराया जाय ताकि किसानों को खाद प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो।

आयुक्त ने स्टॉक रजिस्टर व वितरण रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। समिति पर खाद वितरण व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए आयुक्त ने अपने समक्ष किसानों को उर्वरक का वितरण कराते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी किसानों को इसी समय उर्वरक का वितरण कराया जाय। कृषकों से फीड बैक भी लिया। इस मौके पर एएसपी सिटी रामानन्द कुशवाहा, एसडीएम सदर पूजा चौधरी, डीडीओ राज कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार देवीपाटन मण्डल अरविन्द प्रकाश, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, एआर को-आपरेटिव संजीव तिवारी आदि थे।



सहकारी समिति कल्पीपारा का निरीक्षण करते आयुक्त। ● अमृत विचार

## घाघरा व सरयू खतरे के निशान से ऊपर

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में कुछ दिनों से बरसात न के बराबर हो रही है। लेकिन नेपाल से छोड़े गए पानी के कारण अब भी घाघरा और सरयू नदी खतरे के निशान से 12 सेंटीमीटर ऊपर बह रही हैं।

इस वर्ष अधिक बरसात न होने के कारण बाढ़ की स्थिति तो उत्पन्न नहीं हुई थी। लेकिन घाघरा और सरयू नदी का पानी लगातार बढ़ता रहा। इसकी वजह रही नेपाल से छोड़ा गया पानी। दोनों नदियों में प्रतिदिन भारी मात्रा में नेपाल के बैराज से पानी छोड़ा जा रहा है। प्रशासन से मिले ताजा आंकड़े के मुताबिक घाघरा और सरयू नदी खतरे के निशान से 12 सेंटीमीटर ऊपर बह रही हैं।

# मंदिर की व्यवस्थाओं का एसडीएम ने लिया जायजा

● कजरी तीज पर जंगलीनाथ मंदिर में उमड़ेगा भक्तों का रेला

संवाददाता, मटेरा, बहराइच

**अमृत विचार :** कजरी तीज मेला को लेकर एसडीएम नानपारा ने जंगलीनाथ मंदिर की व्यवस्था का निरीक्षण किया। मंदिर समिति को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लोहे की रॉड पर टेप लगवाए। पांडव कालीन सिद्ध पीठ बाबा जंगली नाथ मंदिर में एसडीएम मोनालिसा जौहरी व सीओ प्रद्युम्न सिंह ने तैयारी का निरीक्षण किया। मंगलवार को कजरीतीज है। सिद्धपीठ बाबा जंगली नाथ मंदिर में सोमवार दोपहर से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाएगा। पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने मंदिर कमेटी के सदस्यों से कहा कि मंदिर परिसर में जो लोहे के पोल लगे हुए हैं उन पर टेप लगवाएं। सीओ प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि जंगली नाथ मंदिर को आने वाले मटेरा मार्ग इंटहा मार्ग व बघौली, पकरा देवरिया सहित सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। इस दौरान कोतवाली नानपारा प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह, मटेरा प्रभारी निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह महंत मून बाबा, पंकज गिरि, मनीष गिरि आदि थे।



विजेता बच्चों के साथ मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

### विज्ञान के बिना विकास की राह आसान नहीं : पाठक

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय परसिया आलम में द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025 पर विज्ञान प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद स्पर्धा व कार्यशाला आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक नवल कुमार पाठक ने बताया कि वर्ष 2025 का विषय है आर्यभट्ट से गगनयान : प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाएं जो भारत की खगोलशास्त्रीय विरासत से लेकर आगामी मानव अंतरिक्ष उड़ान (गगनयान) तक की यात्रा को दर्शाता है। सहायक अध्यापिका संध्या रानी ने छात्राओं को विज्ञान के बारे में कई जानकारियां साझा की। निबंध प्रतियोगिता में प्रशांत कुमार तिवारी प्रथम, पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी तिवारी, निशा बिन्दु तथा कोमल संयुक्त रूप से प्रथम तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में सुभाष, रामदेव, अनुज, अभिषेक कुमार तथा विवेक कुमार संयुक्त रूप से विजयी रहे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, सहित संतोष मिश्रा शब्बीर अहमद आदि अभिभावक उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने जंगल की सुरक्षा का लिया जायजा

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार :** डीएम अक्षय त्रिपाठी और एसपी रामनयन सिंह ने शुक्रवार की शाम नेपाल सीमा से सटे अब्दुल्लागंज जंगल पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

अब्दुल्लागंज रेंज नेपाल सीमा से लगा हुआ है। नेपाल सीमा से लगने के कारण काफी संवेदनशील माना जाता है। डीएम और एसपी ने वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू तथा उनकी टीम के साथ जंगल के अंदर जाकर पेड़ों की कटान से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने जंगल का निरीक्षण किया और कटान पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। जंगल क्षेत्र से होने वाले अपराधों तथा तस्करी पर भी प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद अतिथि गृह का निरीक्षण किया।

# समन्वय के साथ करें प्रभावी कार्रवाई

● डीएम की अध्यक्षता में हुई नार्को को-आर्डिनेशन समिति की बैठक

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** नारकोटिक्स पदार्थों के संचरण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से शुक्रवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय नार्को कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक हुई। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि ताल-मेल एवं समन्वय बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करें।

डीएम ने कहा कि एजेंसियों के बीच संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। सूचना मिलने पर सभी सम्बन्धित एजेंसी सूचनाओं को आदान-प्रदान कर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीएम ने औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिया कि मेडिकल स्टोरों की सघन चेकिंग करें। प्रतिबंधित नशीली औषधियों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि चिकित्सक के परामर्श के अनुसार ही दवाओं की बिक्री की जाए। डीएम ने डीआईओएस को निर्देश दिया कि विशेषकर छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों से दूर रखने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। समाज कल्याण अधिकारी को नशामुक्ति एवं पुनर्वास कार्यक्रम संचालित करने हेतु निर्देशित किया।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

## सीएचसी के सामने खड़ी बाइक चोरी

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** शनिवार को चोरो ने दिनदहाड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने खड़ी बाइक गायब कर दी। थाना हुजूरपुर के लौकाही निवासी संदीप भारती ने बताया कि शनिवार को करीब 11बजे सुबह सूचना मिली कि हादसे में घायल मित्र का इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। उसे देखने बाइक से पहुंचा। केंद्र के सामने मोटर साइकिल खड़ी कर दी जब मित्र को देखकर बाहर निकला तो देखा कि मौके से मोटर साइकिल गायब थी। इस संबंध में पुलिस को लिखित सूचना दी है। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखकर जांच कराई जा रही है। शीघ्र ही खुलासा किया जाएगा।



त्रिदेव मंदिर में विग्रहों का किया गया आकर्षक शृंगार। ● अमृत विचार

### भादौ अमावस्या पर हुआ रात्रि जागरण का आयोजन

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** भूपगंज बाजार के त्रिदेव मंदिर में भादो अमावस्या पर रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। मंदिर में रानी शक्ति दादी की आकर्षक झांकी सजाई गई। शुक्रवार की रात को आयोजित जागरण में श्रद्धालुओं ने रानी शक्ति दादी, खाटू श्याम प्रभु और मेहंदीपुर बालाजी की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्ण नौसरिया ने गणेश वंदना से की। उसके बाद मनोज अग्रवाल ने गुरु वंदना प्रस्तुत की जिसको लोगो ने खूब सराहा मुख्य भजन गायक श्याम बिहारी शर्मा ने झुंझुनू वाली रानी शक्ति दादी की महिमा का बखान किया। उनके भजन 'दरबार सजा है मैया का' ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# टूटी नालियां व क्षतिग्रस्त सड़कें बनीं वार्ड 18 की पहचान

संवाददाता, नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार :** जगह-जगह टूटी व बजबजाती नालियां, क्षतिग्रस्त सड़कें एवं हर तरफ फैली गंदगी नगर पालिका परिषद के पीछे स्थित वार्ड नंबर 18 ककी पहचान बन गई है।

मिशन जलजीवन के तहत पाइप लाइन तो बिछा दी गई लेकिन लेकिन सड़कों की मरम्मत नहीं की गयी है।

विकास के नाम पर संबंधित जल जीवन मिशन के विभाग के कार्मिक व ठेकेदार अक्सर रात्रि व दिन को जगह-जगह बिना पूर्व सूचना के सड़कें खोदकर भोर होते ही वहां से निकल लेते हैं, जिससे अवागमन के लिए बनी सड़कें आम जनमानस के लिए कष्टकारी साबित हो रही हैं। वार्डों में सड़क के दोनों तरफ बनीं नालियां जाम व अधूरी होने के चलते बजबजा रही हैं। कूड़े के ढेर जगह-जगह लगे हुए हैं जो सफाईकर्मियों की उदासीनता दर्शा रहे हैं। इस संबंध में नगर पालिका वार्ड नंबर 18 के निवासियों फिरोज, आमिर, शुभम पाठक, अलीशेर, अर्जुन आदि का कहना है कि वार्ड में कोई विकास कार्य नहीं किया जा रहा है। शासन व प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार लगातार बोर्ड बैठकों में वार्ड नंबर 18 के विकास के कार्यों को लेकर कोई चर्चा नहीं की गई।

वार्ड वासियों ने बताया कि वार्ड नंबर 18 कहारन टोला में जल निकासी के लिए बनाई गई नालियां टूटी व जाम हो गई है और नाले भी चोक हो चुके हैं, इससे वार्ड में जल निकासी की समस्या बनी रहती है। हालत यह है कि नालों से उठ रहे दुर्गंध ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। जर्जर सड़कें दुर्घटना का सबब बनी हुई हैं।

सफाई न होने से पूरे वार्ड में गंदगी का अम्बर लगा हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने पालिका प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।



वार्ड 18 की क्षतिग्रस्त सड़क और बजबजाती नाली ● अमृत विचार

# मथुरा की टीम ने शुरू किया बंदरों को पकड़ने का काम

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** क्षेत्र को बंदरों के आतंक से मुक्त कराने में नगर पंचायत का महकमा जुटा हुआ है। ईओ प्रमिता सिंह की देखरेख में नगर पंचायत के कस्बों व बाजारों से बंदरों को पकड़कर जंगलों में छोड़ने का काम मथुरा से आयी टीम ने शनिवार से शुरू कर दिया है।

पयागपुर स्टेशन से करीब आधा दर्जन से अधिक बन्दर मथुरा से आयी टीम ने पकड़े। भूपगंज बाजार एवं मौनी बाबा आश्रम से बंदरों को पकड़ा गया। बंदरों के आतंक से परेशान दर्जनों ग्रामीणों ने एवं विधायक सुभाष त्रिपाठी ने डीएम से मिलकर इनके आतंक से निजात दिलाने के लिये प्रार्थना पत्र दिया था। ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि 10-15 दिन बंदरों को पकड़ने का अभियान जारी रहेगा।




पकड़े गये बंदर। ● अमृत विचार

## व्यापारी की पुत्री से छेड़खानी, केस

**गैंसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना कोतवाली क्षेत्र के गैसड़ी नगर पंचायत में एक व्यापारी की पुत्री से छेड़खानी का मामला सामने आया है। पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। व्यापारी ने आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम उनकी पुत्री बाजार गई थी, तभी स्थानीय निवासी साहिल ने रास्ते में रोककर कागज पर मोबाइल नंबर देकर छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश भी की। परिजनों का कहना है कि साहिल द्वारा पहले भी स्कूल आते-जाते समय उनकी पुत्री से छेड़खानी की जाती रही है।

# मुख्यमंत्री योगी से मिले विधायक

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** यूरिया वितरण में हो रही अव्यवस्था को लेकर सदर विधायक पल्टूराम ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि वितरण व्यवस्था में सुधार लाने रिक्त पदों पर सचिवों की तैनाती करने और प्राइवेट विक्रेताओं के माध्यम से भी पर्याप्त यूरिया उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।

पिछले एक महीने से किसान खाद के लिए परेशान हैं। जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि जिले की सभी सहकारी समितियों और खुदरा उर्वरक केंद्रों पर पर्याप्त यूरिया उपलब्ध है। किसानों को आधार और खतौनी के आधार पर उनकी फसल की जरूरत के हिसाब से खाद दी जा रही है। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि किसानों को समय पर खाद मिल सके इसके लिए वितरण व्यवस्था दुरुस्त की जाए।



यूरिया खाद की किल्लत को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करते विधायक पल्टूराम।

## सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने शनिवार को सीएचसी रेहरा बाजार का निरीक्षण किया। अस्पताल भवन और परिसर में गंदगी व अव्यवस्था देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ. संदीप कुमार समेत कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सीएमओ ने इसे सेवा नियमों का उल्लंघन मानते हुए अनुपस्थिति का कारण तलब किया और सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोकने का आदेश दिया।



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात करते पूर्व सांसद दद्दन मिश्र। ● अमृत विचार

### श्रावस्ती से दिल्ली-मुंबई के लिए उड़ान की मांग

**बलरामपुर, अमृत विचार :** देवीपाटन मंडल के एयरपोर्ट श्रावस्ती को पूर्ण क्षमता से संचालित किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। इसी क्रम में पूर्व सांसद श्रावस्ती दद्दन मिश्र ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से भेंट कर उड़ानों की शुरुआत की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मंत्री को बताया कि पहले लखनऊ तक सेवा शुरू हुई थी, लेकिन यह सेवा बंद हो गई। पूर्व सांसद ने कहा कि श्रावस्ती एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल है। ऐसे में यहां से दिल्ली, मुंबई, वाराणसी व प्रयागराज के लिए उड़ानें शुरू की जानी चाहिए। नागरिक उड्डयन मंत्री ने इस पर शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

## प्रधान से आहत युवक ने नहर में लगाई छलांग

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** देवरिया जंगली के एक युवक ने प्रधान व उनके प्रतिनिधियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शनिवार को सरयू नहर में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों व पुलिस की तत्परता से उसे बचा लिया गया और सीएचसी में उसे भर्ती कराया गयाहै। रामअचल लंबे समय से विकास कार्यों की मांग कर रहा था, परंतु सुनवाई न होने से वह आहत था। उसने छलांग लगाने से पहले मीडिया को वीडियो भेजकर प्रधान, प्रतिनिधियों व सहयोगियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। डॉ. योगेन्द्र ने बताया कि युवक का उपचार सीएचसी में चल रहा है। पुलिस जांच जारी है।




प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखायी प्रतिभा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में शनिवार को हाउस वाइस गणित एवं सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रबन्ध निदेशक डॉ. एमपी तिवारी के नेतृत्व तथा उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय की संरक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई। इसमें विद्यालय के गांधी हाउस, सुभाष हाउस, टैगोर हाउस और आजाद हाउस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्री-प्राइमरी वर्ग में आजाद हाउस प्रथम, प्राइमरी वर्ग में गांधी हाउस प्रथम तथा जूनियर वर्ग में आजाद हाउस प्रथम स्थान पर रहा। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ. तिवारी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं ए.के. तिवारी, हर्षित यादव, लता श्रीवास्तव, उर्वशी शुक्ला, किरन मिश्रा, गरिमा मिश्रा, रूबी त्रिपाठी, पूनम चौहान, नीलम श्रीवास्तव, नाजिया आदि मौजूद रहे।

## रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा ओवरब्रिज

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बलरामपुर-गोंडा राजमार्ग पर जाम की समस्या को दूर करने के लिए तीन नए ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। शुक्रवार को मंडल इंजीनियर पूर्वोत्तर रेलवे विजय आनंद वर्मा की टीम ने तीनों रेलवे क्रॉसिंग का निरीक्षण किया। सदर विधायक पलटूराम ने हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर मुद्दा उठाया था। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने रेलवे से संयुक्त रूप से योजना बनाने का निर्देश दिया था। रेलवे टीम ने स्थलीय स्थिति का आकलन किया। टीम के साथ विधायक प्रतिनिधि बृजेंद्र तिवारी भी मौजूद रहे। सदर विधायक ने बताया कि टीम की रिपोर्ट आने के बाद जल्द ही तीनों रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य शुरू होगा।




युवक मंगल दलों को किट वितरित करते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

### 306 मंगल दलों को मिला खेल किट

**बलरामपुर, अमृत विचार :** युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु शनिवार को खेल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बलरामपुर सदर पलटूराम तथा विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल मौजूद रहे। विधायकों ने ज 306 मंगल दलों को खेल किट वितरित किए। इस दौरान विधायक पलटूराम ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। दोनों विधायकों ने मंगल दलों के खिलाड़ियों से संवाद कर उन्हें उत्साहित किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि किट वितरण से ग्रामीण अंचलों में खेलकूद को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## 11 बार रक्तदान कर शाकिब ने पेश की मिसाल



रक्तदान करते शाकिब महमूद।

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** समाजसेवी शाकिब महमूद ने 11वीं बार रक्तदान कर मिसाल पेश की। पूर्व विधायक अनवर महमूद के भतीजे शाकिब ने सेवा को जीवन का आधार बनाया है। ग्रामीणों और समाजसेवियों का कहना है कि 11 बार निस्वार्थ रक्तदान करना जिम्मेदारी का उदाहरण है। शाकिब महमूद का कहना है कि रक्तदान महादान है, एक बूंद खून भी किसी की जिंदगी बचा सकता है।

# संघ शताब्दी वर्ष पर होगी कार्यक्रमों की शुरुआत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष (1925-2025) को लेकर संकल्प बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता विभाग संघचालक सौम्य अग्रवाल ने की तथा जिला संघचालक अभिमन्यु उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने बताया कि शताब्दी वर्ष की शुरुआत विजयादशमी 2025 से होगी। एक वर्ष तक संघ द्वारा सात प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें 5 से 16 नवम्बर तक सामाजिक सद्भाव बैठकें, 1 से 21 दिसम्बर तक घर-घर संपर्क अभियान, जनवरी 2026 में हिन्दू सम्मेलन, फरवरी में नागरिक संवाद गोष्ठी, सितम्बर में युवराष्ट्र कार्यक्रम तथा अक्टूबर 2026 में शाखा विस्तार अभियान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पंच परिवर्तन के तहत कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वजागरण और नागरिक कर्तव्य पर विशेष बल दिया जाएगा। संघ की यात्रा हिन्दू समाज के पुनर्जागरण को समर्पित रही है। बैठक में जिला प्रचारक जितेंद्र, जिला कार्यवाह किरिट मणि, नगर प्रचारक रणवीर, विभाग कार्यवाहक अमित, विभाग प्रचार प्रमुख मनीष गुप्ता, नगर संघचालक देव प्रकाश, संस्कार भारती जिलाध्यक्ष देव कुमार मिश्रा, जिला प्रचार प्रमुख मोहनीश पाठक, जिला साहित्य आयाम प्रमुख भानु प्रकाश, सेवा भारती विभाग अध्यक्ष बीडी जायसवाल, सेवा भारती जिलाध्यक्ष रूपेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दीपावली व छठ पर दो स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ी

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए दो विशेष ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ा दी है।05297/05298 पाटलिपुत्र-बलिया स्पेशल अब 1 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2025 तक 61 फेरे लगाएगी। इसमें 8 मेमू कोच होंगे।03215/03216 पटना-थावे स्पेशल भी इसी अवधि में 61 फेरे करेगी, जिसमें 22 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 एसएलआरडी कोच सहित कुल 24 कोच होंगे।यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### थाना प्रभारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की गोष्टी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** शिवनगर डिड़ई प्रभारी निरीक्षक द्वारा आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी, कजरी तीज, वारावफात, रबी-उल-अव्वल तथा विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत थानाक्षेत्र के संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी। क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी बांसी के पर्यवेक्षण मे आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी, कजरी तीज, वारावफात, रबी-उल-अव्वल तथा विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत मनोज कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति, मौलाना, धर्मगुरू तथा ग्राम प्रहरीगण, ग्राम प्रधान के साथ गोष्ठी किया गया तथा आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने की अपील किया गया एंव उच्चाधिकारीगण व शासन से प्राप्त आदेशो निर्देशो से अवगत कराया गया ।

### मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक

**गोरखपुर , अमृत विचार :** मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में 10 करोड़ से अधिक के कार्यों की समीक्षा मंडलायुक्त सभागार मे आयोजित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल एसडीएम सदर दीपक गुप्ता डिप्टी कलेक्टर तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### बैदौला चौराहे पर लगा वाटर कूलर कई महीनों से खराब

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** नगर पंचायत डुमरियागंज के बैदौला चौराहे पर लगा वाटर कूलर कई महीनों से खराब है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर नगर पंचायत में कई बार शिकायत दर्ज करायीं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला। स्थानीय निवासी मोहम्मद वासिफ फारुकी, मलिक मुमताज और दिनेश श्रीवास्तव ने इस मुद्दे को सामने रखा। उन्होंने कहा कि वाटर कूलर की मरम्मत के लिए बार-बार अनुरोध किया। मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इस सम्बन्ध में नगर पंचायत डुमरियागंज के अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार से जब इस बारें में पूछा गया तो उन्होंने आश्वासन देकर कहा कि वे जल्द ही वाटर कूलर का निरीक्षण करेंगे। साथ ही इसकी मरम्मत का काम भी करवायेंगे।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों ने ली पद की शपथ

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश एड्स कट्रोल सोसाइटी कर्मचारी संघ जिला इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सभी ने संवर्ग के हितों की रक्षा के साथ ही संगठनात्मक मजबूती का संकल्प लिया। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के सभागार में शनिवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी एवं उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मानवेंद्र पाल, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव और महामंत्री नरेंद्र कुमार की उपस्थिति में जिला इकाई के पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ लेने वालों में सिद्धेश्वर पांडेय संरक्षक, दुर्गेश मिश्रा संयोजक, देवेश पांडेय सह संयोजक, अमित मिश्रा अध्यक्ष, आशुतोष त्रिपाठी व शीला यादव उपाध्यक्ष, आशीष कुमार महासचिव, अनुराग श्रीवास्तव सचिव, कृष्ण गोपाल पांडेय संगठन मंत्री, वसीम अकरम कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार मीडिया प्रभारी, राजमणि मिश्रा, जितेंद्र त्रिपाठी, बिजेंद्र पांडेय, अब्दुल मोबीन ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ ली।

# सिद्धार्थ विवि व आईटीआई इटवा के निर्माण कार्य 6 माह में पूरा करें

## 5 करोड़ से ऊपर की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में मंत्री अनिल राजभर ने दिए निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को श्रम एवं सेवायोजन,समन्वय विभाग के मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर की अध्यक्षता में 5 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल, प्रभारी डीएम एवं सीडीओ बलराम सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में राजकीय महाविद्यालय बिस्कोहर के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए बताया गया कि यह कार्य मार्च 2024 तक पूर्ण होना था, किंतु बजट न मिलने के कारण इसमें विलंब हुआ है। अब यह कार्य सितंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंत्री ने निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। इसके अतिरिक्त सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु और आईटीआई इटवा के निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई। प्रभारी मंत्री ने इन दोनों परियोजनाओं को अगले 6 माह के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कल्याण मंडपम नौगढ़ के निर्माण कार्य को समय से पूर्ण करने तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, भरवलिया (विकास खंड बर्डपुर) के कार्यों को भी समय से पूरा करने के निर्देश जारी किए गए।


परियोजनाओं की समीक्षा बैठक करते मंत्री वजनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर।

मंत्री अनिल राजभर ने अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सख्ती दिखाते हुए कहा कि जिन विभागों के प्रोजेक्ट मैनेजर और अधिशासी अभियंता बैठक में स्वयं उपस्थित नहीं हुए और उनके स्थान पर अवर अभियंता भेजे गए, उनसे स्पष्टीकरण लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना शासन की प्राथमिकता है और इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एएसपी प्रशान्त कुमार ने अवगत कराया कि भारत-नेपाल सीमा पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटाया गया है और बाहरी लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। पुलिस विभाग, एसएसबी और कस्टम विभाग द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। ग्राम सुरक्षा समिति के माध्यम से भी निगरानी कार्य में सहयोग लिया जा रहा है। मंत्री ने निर्देश दिया कि अवैध खनन पर विशेष निगरानी रखी जाए और इसे हर हाल में रोका जाए। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता अनुसार थानों की दशा सुधारने के प्रयास भी जारी हैं। थानों में आम नागरिकों के साथ शिष्ट व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि इनका गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को समय से न्याय मिल सके। मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, डीएफओ पुष्प कुमार के., सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया, सभी एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारीगण,कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अधिशासी अभियंता आदि उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों में बाधा बर्दाश्त नहीं : एसडीएम

**गोरखपुर, अमृत विचार :** सदर तहसील अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहे कुछ काश्तकारों जमीन मालिकों की सूची इकट्ठा कराकर उनके साथ बैठक कर आ रही गतिरोध को समाप्त करने का फैसला लिया गया। एसडीएम सदर दीपक गुप्ता संबंधित लेखपालों और कानूनगो के साथ बैठक कर लेखपालों कानूनगो को निर्देशित किया कि तहसील अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहे जमीन मालिकों काश्तकारों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराया जाये जिससे उन जमीन मालिकों से वार्ता कर अड़चन को दूर किया जाये। जिससे चल रहे विकास कार्यों को गति मिल सके एसडीएम सदर लगातार अपने सहयोगियों के साथ बैठक कर निर्देशित कर रहे हैं चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लगकर काश्तकारों से रजिस्ट्री कराने का कार्य करें जिससे तहसील के साथ साथ जनपद को विकास पथ पर ले जाया जा सके। बैठक में नायब तहसीलदार राकेश शुक्ला कानूनगो लेखपाल मौजूद रहे।

# शोहरतगढ़ विधायक ने प्रशासन व मंत्रियों पर फिर साधा निशाना

संवाददाता,सिद्धार्थनगर


शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा।

शोहरतगढ़ विधायक फिर विवादों में, वायरल वीडियो में प्रशासन और मंत्रियों पर साधा निशाना

**सिद्धार्थनगर,अमृत विचार :** अपना दल (एस) के शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा एक बार फिर अपने तीखे बयानों और आक्रामक तेवरों को लेकर चर्चा में हैं। जिले के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर की समीक्षा बैठक के बाद एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें विधायक वर्मा को कार्यक्रम में आमंत्रित न किए जाने पर खुलेआम नाराज़गी जताते हुए देखा जा सकता है।

वायरल वीडियो में विधायक विनय वर्मा ने आरोप लगाया कि जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उन्हें किसी भी सरकारी कार्यक्रम की जानकारी नहीं देते। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा, कौन विधायक हमारे जितना चलता है? इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को कटघरे में खड़ा करते हुए भ्रष्टाचार तक के आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उन्होंने जिलाधिकारी को चुनाव मैदान में उतरने की चुनौती भी दे डाली। कृषि मंत्री पर भी निशाना साधते हुए वर्मा ने कहा कि मंत्री जिले में केवल फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं, जबकि जनप्रतिनिधियों को नजरअंदाज किया जाता है। वीडियो में उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की परवाह नहीं है कि वह अगला चुनाव लड़ेंगे या नहीं।

यह पहला मौका नहीं है जब विधायक वर्मा का प्रशासन से टकराव सामने आया हो। इससे पहले भी वे पूर्व जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। यहां तक कि पुलिस अधीक्षक को हटाने की मांग को लेकर उन्होंने कई बार धरना प्रदर्शन भी किया था। राजनीतिक गलियारों में यह माना जा रहा है कि विनय वर्मा लगातार विवादों में बने रहकर खुद को चर्चा में बनाए रखना चाहते हैं। हालांकि, समर्थकों का कहना है कि वे जनहित के मुद्दों को लेकर बेबाकी से बोलते हैं।

# भूमि को उर्वरा बनाने को प्राकृतिक की खेती जरूरी : मनोज सिह

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार:** पडरौना विकास खंड में आयोजित किसान मेले को संबोधित करते हुए पडरौना ब्लॉक के प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिह ने कहा कि भूमि को उर्वरा बनाने के लिए प्राकृतिक की खेती जरुरी है। इसके लिए किसानों को अब तैयार रहना पडेगा। समय के अनुसार किसानों को अपने मे परिवर्तन करना पडेगा। और खेती को मंहगी नहीं बनानी पडेगी। बल्कि कम खर्च में अपनी खेती में फसलों को परिवर्तन करना पडेगा तभी हम लोग स्वस्थ रहेगें। समय समय पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को मेला व प्रशिक्षण व टूर कराकर उन्हें जानकारी दिया जा रहा है। गन्ना हमारे पुरानी खेती नहीं रही है इसको अंग्रेजो ने भारत में ला कर इसे प्रचार किया जिससे पूर्वांचल के किसानों को फायदा हुआ। आज यह भी खेती मंहगी होने के कारण अब लोग इससे विमुख हो रहें हैं और केले की तरफ किसानों का झुकाव हो रहा है। हमारी खेती पुरानी मडुआ, टांगुन, बाजरा, कोदो रही थी। जिसको अब सरकार विभिन्न सुविधाएं देकर प्रोत्साहित कर रही है। हमको अपनाना जरूरी है। इस किसान मेले में मल्टी परपज सीड स्टोर इंचार्ज सिद्धेश्वर प्रसाद गौड़, सहायक दीपक कुमार आदि की उपस्थिति रहे।

- किसान मेले में बताई गयी प्राकृतिक खेती करने की विधि

### रोजगार सेवकों ने क्रॉप सर्वे से हटाने की मांग की, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, कुशीनगर, अमृत विचार :** रोजगार सेवकों ने विकास खंड अधिकारी को मांगपत्र सौंप कर क्राप सर्वे नहीं कराने की मांग की है। मांग पत्र में कहा गया है कि रोजगार सेवकों को मनरेगा जैसी महत्वकांक्षी योजना का कार्य स्थल पर काम करना होता है। जिसमें मजदूरों की उपस्थिति सुबह 6 बजे से ग्यारह बजे तक प्रथम पाली में तथा दूसरी पाली में एक बजे से 3 बजे तक करना पड़ता है। इसके अलावा मतदाता पुनरीक्षण कार्य करना है ऐसे में समय नहीं बचता है। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के उपाध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने बताया कि क्राप सर्वे लेखपाल से न कराकर रोजगार सेवकों से कराये जाने का विरोध करते हैं। इसके लिए बीडीओ पडरौना को ज्ञापन सौंपा गया है।

### किडनी ऑपरेशन मामले की जांच में नया खुलासा

**संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार:** न्यू लाइफ केयर हॉस्पिटल कोटवा बाजार में कथित किडनी निकालने की वायरल खबर की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा गठित टीम ने मौके पर जांच की, जहां अस्पताल बंद पाया गया।जांच में सामने आया कि पीड़ित द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और बयान में विरोधाभास है। 25 मई 2025 की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से दोनों किडनी मौजूद पाई गईं। इसके अलावा अस्पताल का पंजीकरण 30 जुलाई 2025 को हुआ है, जबकि उपचार 13-14 अप्रैल को कराया गया था, जो नियमों का उल्लंघन है जिलाधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनरेटिव एआई डिजिटल युग की क्रांतिकारी तकनीक : स्वाति

संवाददाता,गोरखपुर

**अमृत विचार:** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एमजीयूजी में शनिवार को एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई में नवीनतम प्रवृत्तियां एवं शैक्षणिक और औद्योगिक उपयोगिता' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित फ्यूचर ओएस की संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री स्वाति उप्पदी ने अनुभव आधारित जानकारी साझा की।

सुश्री उप्पदी ने जनरेटिव एआई की कार्यप्रणाली, विकास यात्रा एवं इसकी सामाजिक और व्यावसायिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनरेटिव एआई आज के डिजिटल युग की सबसे क्रांतिकारी तकनीकों में से एक है, जो आने वाले वर्षों में लगभग हर उद्योग क्षेत्र को प्रभावित करेगी। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सतीश कारी वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक, ट्रेंडेंस इंक. ने जनरेटिव एआई के क्षेत्र में हो रहे बदलाव पर कहा कि जनरेटिव एआई न केवल कंटेंट निर्माण में उपयोगी है, बल्कि डिजाइन, उत्पाद विकास, स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय विश्लेषण एवं साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भी इसका प्रभावी उपयोग हो रहा है। दूसरे विशिष्ट वक्ता बालाजी वुप्पुलुरी वरिष्ठ प्रबंधक, अमेरिकन एक्सप्रेस ने सॉफ्टवेयर उद्योग में जनरेटिव एआई के नवाचारों एवं कार्यप्रवाह में इसके प्रभाव की विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यशाला का आयोजन प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. एम. एन. पुरोहित ने किया। संचालन अनूप मिश्रा और आभार ज्ञापन प्राची यादव ने किया। कार्यक्रम मे डॉ. विन्रम शर्मा, धनंजय पाण्डेय एवं सभी विभागध्यक्ष एवं सभी शिक्षक मौजूद रहे।



- एमजीयूजी में 'जनरेटिव एआई में नवीन प्रवृत्तियां विषयक फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन

# कुलपति प्रो हरे राम त्रिपाठी व पत्नी की सड़क हादसे में मौत,चालक गंभीर

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार :** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक (नागपुर) के वर्तमान कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी पुत्र भीम त्रिपाठी अपनी पत्नी बदामी देवी उम्र 52 वर्ष शनिवार की सुबह इनोवा गाड़ी से अपने पैतृक निवास कुशीनगर जनपद के चकिया बघउजघाट जा रहे थे। इसी दौरान वाराणसी गोरखपुर फोरलेन पर शनिवार की सुबह इनोवा गाड़ी की खड़े ट्रेलर में टक्कर हो गई हादसे में प्रोफेसर हरिराम त्रिपाठी एवं उनकी पत्नी संगीता की मौत हो गई। गाड़ी को प्रो. हरेराम त्रिपाठी स्वयं चला रहे थे। जबकि उनकी पत्नी बगल की सीट पर और चालक वैभव मिश्र उम्र 35 वर्ष निवासी गोपालगंज बिहार पिछली सीट पर बैठा था।नींद आने की बात जब उसने हरे राम त्रिपाठी को बताया तो वो खुद गाड़ी चलाने लगे।वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर पहिया पंचर होने से खड़े ट्रेलर से इनोवा गाड़ी टकरा गई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही उनके गांव सहित पूरे कुशीनगर में शोक की लहर दौड़ गई। वही जगह-जगह लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की।


कुलपति प्रोफेसर हरे राम त्रिपाठी।

# एनईआर में चला स्वच्छता अभियन

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारतीय रेलवे द्वारा 16 अगस्त से 31 अक्टूबर, 2025 तक द्वितीय चरण का स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अगस्त को पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों में व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

लखनऊ मंडल में गोंडा, गोरखपुर, लखनऊ, बस्ती, खलीलाबाद, ऐशबाग एवं बादशाहनगर स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता कर्मियों एवं रेलकर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा 'स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत' के संदेश के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। लखनऊ जं. पर यात्रियों, वेण्डरों और कर्मचारियों ने मिलकर रैली में भाग लिया। गोरखपुर स्टेशन पर भी यात्रियों को नाटक और रैली के माध्यम से जागरूक किया गया। खलीलाबाद स्टेशन पर एकत्रित कूड़ा-कचरे को कम्पोस्ट करने की पहल की गई।वाराणसी मंडल के आजमगढ़, बलिया, बनारस, गाजीपुर सिटी, छपरा, सीवान, मऊ व प्रयागराज रामबाग जैसे स्टेशनों पर डस्टबिन की व्यवस्था की गई, पोस्टर व नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई और ट्रेनों, शौचालयों की गहन सफाई की गई। इज्जतनगर मंडल में स्टेशनों, कॉलोनियों और ट्रेनों में कचरा पृथक्करण को रंगीन डस्टबिन लगाए गए।

ट्रेनों के शौचालयों, कोचों की सफाई, लिनेन निरीक्षण व रेलवे ट्रैक की सफाई स्थानीय निकायों की मदद से कराई गई। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों को उद्घोषणा व जननाट्य के माध्यम से स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है, ताकि 'स्वच्छ भारत' का संकल्प पूर्ण रूप से साकार हो सके।


गोरखपुर स्टेशन पर स्वच्छता रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए रेलकर्मी।

# एंटी रोमियो स्क्वाड पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान


छात्राओं को रोककर जानकारी लेतीं एंटी रोमियो स्क्वाड पुलिस। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी । पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र बांसी मे रतन सेन इण्टर कालेज, सोनखार,मिठवल,चौक व स्कूल-कॉलेज कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

# खाद की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर सपा व विक्रेताओं ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कमाल अहमद खान के नेतृत्व में किसानों व उर्वरक विक्रेताओं ने एकजुट होकर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सिद्धार्थनगर पिछड़े जनपद की श्रेणी में आता है, जहां किसान दैवीय आपदाओं से लगातार प्रभावित होते रहे हैं। ऊपर से खाद यूरिया, डाई, पोटाश आदि की किल्लत ने उनकी स्थिति और गंभीर कर दी है। किसानों ने कहा कि यदि समय से उचित दर पर खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो उनकी बची हुई फसलें भी नष्ट हो सकती हैं। कमाल अहमद खान ने आरोप लगाया कि नेपाल सीमा से सटे होने के कारण जिले में खाद की तस्करी व कालाबाजारी खुलेआम हो रही है, जिससे किसानों को खाद की पूर्ति नहीं मिल पा रही। उन्होंने मांग की कि प्रशासन तत्काल खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करे और कालाबाजारी व तस्करी पर सख्ती से रोक लगाए। इसी क्रम में उर्वरक फुटकर वेल्फेयर एसोसिएशन भी किसानों के साथ खड़ा दिखाई दिया। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आदर्श श्रीवास्तव के नेतृत्व में विक्रेताओं ने 12 सूत्रीय मांगपत्र प्रशासन को सौंपा और खाद वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने की अपील किया। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष ओमकार त्रिपाठी, नीरज कुमार वर्मा, मो. जफर, रियाज खान, इरशाद खान, अरबाज, सोनू, अजहर खान, कलाम हाशमी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और उर्वरक विक्रेता मौजूद रहे।


सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को ज्ञापन सौंपते सपा नेता।

# होंठ व तालु कटे 64 बच्चों के होंगे निःशुल्क ऑपरेशन

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में जन्म से होंठ कटे व तालु कटे बच्चों के ऑपरेशन व उपचार हेतु निशुल्क पंजीकरण शिविर लगाया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न ब्लाकों में कार्यरत आरबीएसके टीमों द्वारा होठ कटे व तालु कटे बच्चों को लाया गया जहां पर कुल 85 बच्चे चिन्हित किए गए जिनमें से 64 बच्चों को ऑपरेशन के लिए स्माइल ट्रेन के माध्यम से लखनऊ भेजा गया जिसे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर सिद्धार्थ नगर में निशुल्क होंठ कटे तालु कटे बच्चों का शिविर लगाया गया जहां पर विभिन्न ब्लॉकों से आरबीएसके टीमों द्वारा बच्चों को शिविर में लाया गया आरबीएसके नोडल अधिकारी डॉ बी एन चतुर्वेदी ने बताया कि होंठ कटे तालु कटे बच्चों के शिविर में विभिन्न ब्लॉकों से टीमों द्वारा बच्चों को लाया गया है। जहां पर उनको चिन्हित किया गया है। डीईआइसी मैनेजर अनंत प्रकाश ने बताया कि शिविर में विभिन्न ब्लॉकों से टीमों ले गए बच्चों में से 85 बच्चे चिन्हित किए गए हैं। जिनमें से 64 बच्चों को ऑपरेशन हेतु लखनऊ भेजा जा रहा है बच्चों के साथ आए परिजनों को इस्माइल ट्रेन बस में बैठाकर एसीएमओ सिद्धार्थ नगर डॉक्टर प्रमोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर डीपीएम राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि होठ कटे तालु कटे बच्चों को ऑपरेशन के लिए भेजा जा रहा है। विभिन्न ब्लॉकों के आरबीएसके टीमों के माध्यम से कुल 64 बच्चों का निशुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा और उन्हें एक नया जीवन मिलेगा।

# मेदांता व ग्राप ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित


स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथिगण।

**संवाददता कुशीनगर, अमृत विचार:** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन कुशीनगर व मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के द्वारा उदित नारायण इंटर कॉलेज के सभागार में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक कुशीनगर पी एन पाठक, राज्य मंत्री दर्जा राजेश्वर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष पडरौना विनय जायसवाल पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती का पूजन कर किया। मेदांता के चिकित्सक डॉ अमित कुमार,मार्केटिंग मैनेजर अमित वर्मा, टेक्निकल टीम ऋषभ पांडेय,जतिन पाल,सीमा गौरव,मनीष की टीम ने लोगों व पत्रकारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा निशुल्क जांच किया। जांच के दौरान हड्डी ,शुगर ,फेफड़े की जांच की गई।ग्रापए के जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय ने अतिथियों व चिकित्सकों का स्वागत किया। इस दौरान पत्रकार व गणमान्य उपस्थित रहे।



'तुलसी' काया खेत है,
मनसा भयौ किसान।
पाप-पुन्य दोउ बीज हैं,
बुवै सो लुनै निदान॥

गोस्वामी तुलसी दास जी कहते हैं, यह शरीर खेत समान है और मन किसान है। किसान पाप और पुण्य रूपी दो प्रकार के बीजों को बोता है। मन जैसे बीज बोएगा वैसे ही अंत में फल काटने को मिलेंगे।

# सभा की शक्ति घटी है, क्या फिर होगी महाभारत!

**संसद में आए दिन के शोर-शराबे और गतिरोध के कारण वह ठीक से नहीं चल पा रही है। बाधा-व्यवधान की वजह से संसद और विधानमंडल में कार्य दिवस घटे हैं। मानसून सत्र में लोकसभा सिर्फ 37 घंटे ही चली और राज्यसभा में कुल 41 घंटे 15 मिनट काम हुआ। मूलभूत प्रश्न है कि क्या भारतीय संसदीय व्यवस्था पूरी तौर पर असफल हो गई है? क्या इसको बचाने के लिए कोई उपाय हैं?)**

संसद तमाम प्रयासों के बावजूद ठीक से नहीं चल रही है। इसी तर्ज पर राज्यों के विधानमंडल भी हल्ले-गुल्ले का शिकार हो रहे हैं। बीते बुधवार और गुरुवार को संसदीय कार्यवाही में बाधा डाली गई। कुछ निर्वाचित प्रतिनिधियों ने सदन में विधेयकों की प्रतियां फाड़ दीं। बाधा-व्यवधान के कारण संसद और विधान मंडल में कार्य दिवस घटे हैं। शांतिपूर्ण बहसें नहीं होतीं। पूरा मानसून सत्र घोर अव्यवस्था का शिकार हुआ। मानसून सत्र में लोकसभा सिर्फ 37 घंटे ही चली और राज्यसभा में कुल 41 घंटे 15 मिनट काम हुआ। मूलभूत प्रश्न है कि क्या भारतीय संसदीय व्यवस्था पूरी तौर पर असफल हो गई है? क्या इसको बचाने के लिए कोई उपाय हैं? सदनों की घोर अव्यवस्था राष्ट्रीय चिंता है। समय-समय पर लोकसभा के अध्यक्ष के नेतृत्व में इस विषय पर गंभीर चर्चा होती रहती है। पिछली लोकसभा के समय देश के सभी विधानसभा अध्यक्षों, पीठासीन अधिकारियों और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारियों का एक सम्मेलन गुजरात के केवड़िया में हुआ था। गंभीर चर्चा हुई थी।

इसके पहले भी लगभग हर साल सदनों के व्यवधान पर पीठासीनों के सम्मेलनों में गंभीर चर्चा हुई थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदनों के व्यवधान की समस्या पर विचार-विमर्श के लिए समिति बनाई थी। मैं इस समिति का संयोजक बना था। एक विधायक के रूप में मैंने छह कार्यकाल और सदन की कार्यवाही को निकट से देखा है। सदनों में अव्यवस्था और व्यवधान की समस्या को आसानी से नहीं सुलझाया जा सकता। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श करना जरूरी है।

संसद और विधानमंडल अपने कार्य संचालन की प्रक्रिया के स्वामी हैं। संविधान में संसद परिपूर्ण विचार स्वातंत्र्य है। कार्यवाही की विधि मान्यता प्रक्रियागत त्रुटि के आधार पर चुनौती न दिए जाने के अधिकार हैं। संसदीय कार्यवाही में अध्यक्ष, पीठासीन का निर्णय सर्वोपरि माना जाता है। अध्यक्ष की एक विशेष गरिमा है। इस गरिमा का मूल आधार तठस्थता और निष्पक्षता है। दलबदल कानून को लेकर अध्यक्षों पर कई सवाल उठे हैं। बात सर्वोच्च न्यायपीठ तक पहुंची है। यह गरिमा का विषय ही था कि एक समय लोकसभा अध्यक्ष आयंगर ने कहा था, "मैं एक दल और दूसरे दल में भेद नहीं करता।" लेकिन उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल से त्यागपत्र दे दिया। कांग्रेस के सदस्य बने रहे।

संसदीय प्रणाली में आत्म रूपांतरण की शक्ति होती है, लेकिन आत्मसुधार बहुत आसान नहीं होता। स्वयं को अनुशासित बनाए रखना अग्नि पर चलने जैसा कष्ट साध्य है। कुछ परिस्थितियां ऐसी हैं, जिनमें अध्यक्ष, पीठासीन के सामने चुनौती होती है। सरकार सदनों में बजट के सारे बिंदु रखती है। बजट का पारण महत्वपूर्ण संसदीय कार्य है, लेकिन सदनों के भीतर होने वाले शोरगुल और व्यवधान बहस का समय खा जाते हैं, तब भारी व्यवधान के बीच ही बजट का पारण होता है। बजट के महत्वपूर्ण प्रावधान भी बिना बहस पारित होते हैं। यह अच्छी परंपरा नहीं है, लेकिन इसका विकल्प भी नहीं है। विधेयक पारित कराना सरकार की प्राथमिकता है। अव्यवस्थित सदन में बजट पर विचार नहीं हो पाता। समाज को प्रभावित करने वाले विधेयकों पर चर्चा नहीं होती। व्यवस्थित सदन में बिना बहस बजट का पारण होता रहा है। ऐसे ही संसदीय व्यवस्था पिटती रही है।



हृदयनारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश

व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप बहुत खतरनाक होते हैं। असहमति के अधिकार बेशक प्रत्येक के पास होते हैं, लेकिन असहमति और शत्रुता में फर्क करना चाहिए। देश के प्रायः सभी सदनों में व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप लगते हैं। शब्द का अपना सामर्थ्य होता है। शब्द की मार बड़ी है। शब्द को गाली-गलौच के लिए उपयोग करना निंदनीय है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में लिखा है, 'शब्द को निश्चित स्थान पर रखने से भाव बदलते हैं।' लेकिन मान्यवर नहीं सुनते। संकट बड़ा है। इसे राष्ट्रीय शर्म, निंदनीय और लज्जाजनक बताने मात्र से परिवर्तन नहीं होगा। दलतंत्र शब्द आक्रमण से नहीं डरता। आरोप-प्रत्यारोप ही उसका मुख्य कौशल है। लोकसभा चुनाव में हजारों प्रत्याशी टिकटार्थी कतारबद्ध रहते हैं। पार्टी के टिकट पर सांसद-विधायक बनने के प्रत्याशी होते हैं। आवेदन पत्र में प्रविष्टि होनी चाहिए कि वे सदन में जाकर कैसा आचरण करेंगे? क्या वे मर्यादा पालन करेंगे? क्या सभी दल संसदीय परंपरा के जानकार लोगों को प्रत्याशी बनाने को तैयार हैं?

भारत प्राचीन काल से ही जनतंत्री है। ऋग्वैदिक काल में सभा समितियां थीं। अथर्ववेद में स्तुति है, 'सभा में सभ्य हों, सभ्यों से सभा चले। सदस्य सभ्य रहें- सभ्यं सभा में पाहि, च सभ्याः सभासद।' अथर्ववेद के रचनाकाल में सभा समिति में सभ्य सभासदों की प्यास है। सभेय होने का अर्थ ही सभ्य होना है। सभ्य से सभ्यता है। डॉ. अंबेडकर ने संविधान बन जाने के बाद संविधान सभा (25.11.1949) में कहा, "यह बात नहीं कि भारत संसदीय प्रक्रिया से परिचित न था। बौद्ध संघ संसद थे। आधुनिक संसदीय प्रक्रिया के सभी नियम उस समय भी थे। भारत से यह लोकतंत्री व्यवस्था मिट गई। क्या वह फिर से इस व्यवस्था को मिटा देगा?" डॉ. अम्बेडकर की शंका निर्मूल नहीं कही जा सकती। संसदीय व्यवस्था का संकट अखिल भारतीय है। संसदीय व्यवस्था के शपथी ही यह व्यवस्था तोड़ रहे हैं। आखिरकार जन-गण-मन निरुपाय और लाचार क्यों है? जनशक्ति आगे आए। सदनों की अव्यवस्था को पटरी पर लाना राष्ट्रीय कर्तव्य है। जनतंत्र भारत की जीवनशैली है। भारत का राजधर्म राष्ट्रधर्म है। राष्ट्रधर्म और सनातन जीवनशैली पर हमला बर्दाश्त करना त्रासद है।

संसदीय कार्यवाही का सौंदर्य अध्यक्ष/पीठासीन पर निर्भर है। दलबदल कानून (52वें संविधान संशोधन अधिनियम 1985) विधायी सदनों के सभी सदस्यों पर लागू है, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष/विधानसभा अध्यक्ष/राज्यसभा और विधान परिषद के सभापति और उक्त सदनों के उपाध्यक्षों/उपसभापतियों को छूट है कि वे निष्पक्ष बने रहने के लिए दल त्याग कर सकते हैं। एन संजीव रेड्डी ने भी लोकसभा अध्यक्ष होते ही कांग्रेस छोड़ दी थी। पीठासीन का दल त्याग बड़ी बात है, लेकिन यहां हाईकमान की इच्छापूर्ति के लिए सदन की कार्यवाही को कुरूप बनाने की लत बढ़ी है। संसद के असभ्य कथानकों में सत्तादल की भी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। हुल्लड़ सार्वभौम है। विधायी संस्थाओं के भीतर विशेषाधिकार के चीरहरण त्रासद हैं। द्रोपदी का चीरहरण किसी निर्जन वन में नहीं हुआ था। यह सभा ही थी। सभी सभासद दोषी थे। महाभारत सभापर्व में विदुर ने कहा, "सभा में हुए पाप का आधा भाग सभाध्यक्ष पर, एक चैथाई पापकर्मियों पर और शेष एक चौथाई पाप मौन रहने वालों पर होता है।" क्या देश के माननीय पीठासीन विदुर की टिप्पणी पर ध्यान देंगे? राष्ट्र अवाक् है, व्यथित और आहत भी है। सभा की नैतिक शक्ति घटने से ही महाभारत हुआ था। सभा की शक्ति फिर से घटी है, क्या भारत एक और महाभारत की तैयारी कर रहा है?

# आत्म विकास का अवसर है चातुर्मास

मनुष्य श्रम करता है, किंतु उसका फल पाने के लिए काल की उपयुक्तता-अनुकूलता जरूरी है। जैसे स्वास्थ्य सुधारने के लिए सर्दी का मौसम अनुकूल माना जाता है, वैसे ही धर्माराधना और तप-साधना के लिए वर्षावास, चातुर्मास का समय सबसे अधिक अनुकूल माना जाता है।

संपूर्ण सृष्टि के लिए वर्षाकाल सबसे महत्वपूर्ण है। इन महीनों में आकाश से जलधारा बरसकर धरती की प्यास बुझाती है, धरती की तपन मिटाती है और भूमि की माटी को नरम, कोमल, मुलायम बनाकर बीजों को अंकुरित करने के लिए अनुकूल बनाती है। ये सृष्टि के लिए जीवनदायी है। प्राणिजगत के लिए प्राणसंवर्धक और जीवनरक्षक माने जाते हैं। वर्षावास में तप आराधना का महत्वपूर्ण समय है। पर्युषण पर्व में श्रमण संस्कृति के श्रावक-श्राविकाएं तप आराधना और धर्म-ध्यान के लिए प्रतिदिन उपाश्रय में गुरु भगवंतों के दर्शन कर अनुमोदना कर रहे हैं। पर्युषण पर्व तप आराधना का उपयुक्त समय है, जहां संतों का चतुर्मास है, वहां प्रवचन श्रवण करना, तप के लिए प्रत्याख्यान करना और सामयिक, प्रतिक्रमण की दिनचर्या का सिलसिला जारी रहता है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

वैदिक व बौद्ध परंपरा में भी इस चार मास काल को चातुर्मास कहा गया है। इस चातुर्मास के लिए परिव्राजक, ऋषि, श्रमण, निर्ग्रंथ एक स्थान पर निवास करते हैं। आज भी यह चातुर्मास परंपरा चल रही है। वैदिक संत-महात्मा आज भी वर्षाकाल में चातुर्मास करते हैं, भले ही वे चार महीने के बजाय दो महीने ही एक स्थान पर ठहरते हैं। श्रावण-भाद्रपद तक एक स्थान पर रुकते हैं। जनता को धर्माराधना, भागवत श्रवण, रामायण पाठ, व्रत-उपवास आदि की प्रेरणा देते हैं। बौद्ध भिक्षुओं में भी किसी समय चातुर्मास के चार मास एक स्थान पर ठहरने की परंपरा थी, परंतु अब वे भी दो मास में ही चातुर्मास समाप्त कर देते हैं।

जैन-परंपरा में आज भी चातुर्मास की यह परंपरा अक्षुण्ण चल रही है। आषाढ़ी पूनम से कार्तिक पूनम तक चार महीने तक पादविहारी जैन श्रमण एक ही स्थान पर निवास करते हैं। जैन श्रमणों के लिए नवकल्पी विहार बताया है- मृगसर मास से आषाढ़ मास तक आठ महीने एक-एक मासकल्प तथा श्रावण मास से कार्तिक मास तक चार महीने चातुर्मास का एक नवकल्पी विहार का विधान जैन आगमों में है। जैन समाज में भी वाहन प्रयोग कर धर्म-प्रचार के लिए जाने वाले श्रमण-श्रमणी आज दो मास ही एक स्थान पर बिताकर चातुर्मास पूरा कर लेते हैं। खैर, यह परिवर्तन अपनी-अपनी सुविधानुसार मनचाहा कर लेने के पीछे भले ही कुछ तर्क हों, लेकिन जैन-परंपरा और भगवान महावीर की वाणी के अनुसार अपनी जीवनचर्या बिताने वाले श्रमण आषाढ़ी पूनम से कार्तिक पूनम तक आज भी चार मास एक स्थान पर निवास कर चौमासा करते हैं।

वैदिक ग्रंथों में वशिष्ठ ऋषि का एक कथन है कि चातुर्मास में चार महीने विष्णु भगवान समुद्र में जाकर शयन करते हैं, इसलिए यह चार मास का काल धर्माराधना, योग, ध्यान, धर्म श्रवण, भागवत पाठ और जप-तप में बिताना चाहिए। इन चार महीने में विवाह-शादी, गृह-निर्माण आदि कार्य नहीं करने चाहिए। यात्रा नहीं करनी चाहिए, एक समय भोजन करना और रात्रि-भोजन नहीं करना चाहि। यहां तक भी कहा जाता है कि चार महीने सभी देवता शयन करते हैं।

# आवारा इंसान व जानवर दोनों से ही है खतरा

भारत का बहुसंख्यक समाज भावनात्मक रूप से काफी सीधा-साधा तथा प्रकृति व पशु प्रेमी माना जाता है। यहां इंसान से ज्यादा कभी-कभी जानवरों के प्रति करुणा और श्रद्धा दिखाई जाती है। सड़कों पर बैठी गायों को देखकर लोग हाथ जोड़ लेते हैं, कुत्तों को बिस्किट खिलाने पर लोग खुद को दयालु समझते हैं और सोशल मीडिया पर हैशटैग चलाकर खुद को पशु प्रेमी साबित करते हैं। इस चमकीली तस्वीर के पीछे एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि कई मौकों पर यह करुणा खोखली और जिम्मेदारी से बचने का बहाना नजर आती है। भारत की सड़कों पर घूमते लाखों आवारा जानवर इस बात के गवाह हैं कि भावनाओं के नाम पर हम सिर्फ नाटक कर रहे हैं। असल में न तो उनकी देखभाल करते हैं और न ही इंसानों की सुरक्षा का ख्याल रखते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि चाहे आवारा इंसान हों या आवारा जानवर, दोनों ही समाज के लिए बड़ा खतरा हैं। ऐसे लोगों से बच के रहने में ही समाज का भला है।



अजय कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

2019 की पशु गणना के अनुसार, भारत में करीब 50 लाख आवारा गायें हैं। यह संख्या किसी बाहरी संकट की वजह से नहीं, बल्कि हमारी अपनी लापरवाही से है। करीब 95 प्रतिशत गायें वे हैं, जिन्हें डेयरी किसान दूध न देने की स्थिति में खुला छोड़ देते हैं। उनका तर्क यह है कि अगर वे इन्हें पालेंगे तो चारे का खर्च बढ़ेगा, इसलिए उन्हें शहर की सड़कों पर घूमने दिया जाता है।

**सड़कों पर बैठी गायों को देखकर लोग हाथ जोड़ लेते हैं, कुत्तों को बिस्किट खिलाने से खुद को दयालु समझते हैं। इस चमकीली तस्वीर के पीछे एक कड़वी सच्चाई भी है। कई मौकों पर यह करुणा खोखली और जिम्मेदारी से बचने का बहाना नजर आती है।**

कुत्तों की समस्या और भी भयावह है। दुनिया में सबसे ज्यादा करीब 6 करोड़ कुत्ते भारत में हैं। इसका मतलब यह हुआ कि भारत की 1.4 अरब आबादी में हर 23वां इंसान एक आवारा कुत्ते के साथ बंधा हुआ है। हर साल भारत में करीब 37 लाख लोग कुत्तों के काटने का शिकार होते हैं। दुनिया में रेबीज से होने वाली कुल मौतों में 36 प्रतिशत अकेले भारत में ही होती हैं। हाल ही में सिर्फ दिल्ली में ही 2025 के मध्य तक 35,000 से ज्यादा कुत्ता काटने की घटनाएं और करीब 50 मौतें दर्ज की गईं। यानी यह समस्या अब केवल जानवरों की नहीं रही, यह सीधे इंसानों के जीवन के लिए खतरा बन चुकी है। संभवतः इसी सब को ध्यान में रखकर सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए सख्त आदेश जारी किया है।

कुत्तों की आबादी का गणित डरावना है। एक असंक्रमित मादा कुत्ता, अगर लगातार छह साल तक बच्चे पैदा करे, तो उससे सैकड़ों पिल्ले पैदा हो सकते हैं। यानी अभी कदम न उठाया गया तो आने वाले वर्षों में भारत की सड़कें कुत्तों से भर जाएंगी। इसे रोकने का उपाय केवल संगठित नसबंदी और टीकाकरण अभियान ही है।

जयपुर मॉडल इसका सफल उदाहरण है। 1994 में नगर निगम और एक एनजीओ ने मिलकर इसे शुरू किया था। इसमें कुत्तों को पकड़ा जाता है, उनकी नसबंदी और टीकाकरण किया जाता है और फिर उन्हें छोड़ा जाता है। इससे कुत्तों की आबादी नियंत्रित होती है और रेबीज के मामले घटते हैं।

# बच्चों में हिंसा: यह कहां आ गए हम!

**महीने भर के भीतर देश के तमाम हिस्सों में कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं, जो चिंता में डालती हैं। बच्चों ने मामूली बात पर अपने साथी का खून कर दिया। एनसीआरबी के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार हर साल 11 हजार से ज्यादा गंभीर अपराध नाबालिग करते हैं।**

अहमदाबाद के एक निजी स्कूल में हाल ही में घटी दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे देश का ध्यान खींचा है। 10वीं के छात्र नयन की हत्या उसके ही जूनियर छात्र ने स्कूल परिसर में चाकू मारकर कर दी। चौंकाने वाला पहलू यह है कि आरोपी छात्र ने इसे दोस्त से हुई चैट में बताया भी। यह बताता है कि आज का किशोर अपराध करके भी उसे गंभीर बात नहीं मानता, बल्कि उसे अपनी ताकत या 'इमेज' बनाने का जरिया समझता है। यह सोच इस बात का संकेत है कि बच्चों में अपराध को सामान्य मानने की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है।

बच्चों में बढ़ती आपराधिक प्रवृत्ति केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि समाज, परिवार, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य का सम्मिलित संकट है। हमें समझना होगा कि बच्चे अपराधी पैदा नहीं होते। समाज की उपेक्षा, परिवार की उदासीनता और सिस्टम की कमजोरी ही उन्हें अपराध की ओर धकेलती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी ) के आंकड़े भी इसी खतरे की पुष्टि करते हैं। ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार हर साल 11 हजार से ज्यादा गंभीर अपराध नाबालिग करते हैं। 2022 में कुल 78,443 किशोर गिरफ्तार हुए। इनमें से 40,663 के मामले पिछले सालों से लंबित थे और 37,780 उसी वर्ष पकड़े गए।

अमेरिकी समाजशास्त्री रॉबर्ट मार्टिन की स्ट्रेन थ्योरी कहती है कि जब बच्चों को अपना मनचाहा लक्ष्य या वस्तु नहीं मिलती तो वे दबाव, गुस्से और झुंझलाहट में अपराध का रास्ता चुनते हैं। एक सीनियर साइकोलॉजिस्ट मानते हैं कि कम से कम छह बड़े कारण बच्चों को अपराध की ओर धकेलते हैं- पियर प्रेशर, बेरोजगारी और भविष्य की असुरक्षा, समाज में व्याप्त हिंसा और गैंग संस्कृति, सामाजिक भेदभाव और बेइज्जती, बचपन में झेली गई हिंसा और मानसिक अवसाद। इन कारणों को समझे बिना हम समस्या की जड़ तक नहीं पहुंच सकते।



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

पियर प्रेशर आज की सबसे बड़ी चुनौती है। किशोर अपने दोस्तों के दबाव और दिखावे की होड़ में गलत कदम उठा लेते हैं। कूल दिखने और महंगी चीजें हासिल करने की चाह उन्हें अपराध की ओर खींचती है। बेरोजगारी और असुरक्षा का माहौल भी उन्हें हिंसक बना देता है। सामाजिक भेदभाव और बेइज्जती भी बच्चों के मन में गुस्सा और बदले की भावना भर देती है। बचपन में झेली गई घरेलू हिंसा और प्रताड़ना उन्हें कंट्रोल और पावर दिखाने की प्रवृत्ति की ओर धकेल देती है। इसके साथ ही मानसिक अवसाद और परिणामों की अनजानियत भी एक बड़ा कारण है।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग की रिपोर्ट बताती है कि पकड़े गए 70% किशोर अपराधियों को यह तक नहीं पता था कि उनके काम का अंजाम क्या होगा। यानी कई बार वे अपराध सिर्फ भावनाओं के बहाव में कर बैठते हैं। यह स्थिति स्कूलों की सुरक्षा और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर सवाल खड़े करती है। जुलाई 2023 में सीबीएसई ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए थे कि वे सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाएं। एंट्री-एग्जिट, कॉरिडोर, क्लास रूम और लैब में निगरानी रखी जाए। यह कदम बुलिंग, हिंसा और दुराचार जैसी घटनाओं पर नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल कैमरे लगाना पर्याप्त है? निगरानी का इंतजाम जरूरी है, लेकिन इससे भी ज्यादा जरूरी है बच्चों की मानसिकता, उनके व्यवहार और भावनाओं पर समुचित ध्यान देना।

समाधान तलाशने की दिशा में हमें कई स्तरों पर काम करना होगा। सबसे पहले, स्कूलों और समाज को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। हर स्कूल में काउंसलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि बच्चे गुस्सा, तनाव और दबाव को सही दिशा में व्यक्त कर सकें। दूसरा, उनको बताना होगा कि जीवन में सम्मान और पहचान पाने के और भी रास्ते हैं। तीसरा, माता-पिता को बच्चों पर सिर्फ पढ़ाई और करियर का दबाव डालने के बजाय भावनात्मक सहयोग देना होगा। परिवार का सुरक्षित और सहयोगी माहौल बच्चे को गलत राह से बचाने की सबसे बड़ी ढाल है। शिक्षा प्रणाली में लाइफ और कम्युनिकेशन स्किल, गुस्से पर नियंत्रण और सहिष्णुता जैसे मूल्य शामिल किए जाने चाहिए। वहीं दूसरी ओर किशोर अपराधियों को सुधारगृहों में शिक्षा, स्किल ट्रेनिंग और काउंसलिंग देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में वापस लाना होगा।

# अनैतिक रुपये-पैसे से बिगड़ जाता है रूप और स्वरूप

वास्तविक रुपये उसे ही कहेंगे जो रूप-स्वरूप बेहतर बना दे। आशय है कि रुपये-पैसे के लिए अनैतिक कार्य करने पर रूप-स्वरूप बिगड़ता है। प्रथमतः तो इस मामले में मन ही खराब होता है कि एक अज्ञात भय मन के किसी कोने में समा जाता है। अनैतिक ढंग से रुपये-पैसे लेने वाला कभी सही काम नहीं कर सकता है। उसके गलत कामों का असर जब होने लगता है तब सबसे पहले काना-फूसी होती है कि काम गलत हुआ है। गलत ढंग से रुपये लेने वाला एकांत में ही क्यों न हो जब सोचता है, तब उसके अंदर बैठा मन रूपी न्यायाधीश खुद गलत आदमी होने का फैसला देता है। यह अलग बात है कि इस न्यायाधीश के आगे मन बड़ा हो जाता है और न्यायाधीश की आवाज दबा देता है।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

अब गलत रुपये लेने का दुष्परिणाम यह होता है कि जिसने गलत काम के लिए गलत तरीके से रुपये दिए, उसकी मुट्ठी में रुपये लेने वाला हो जाता है। गलत कमाई वाला किसी एक से नहीं बहुतों से रुपये-पैसे लेने का आदी हो जाता है। धीरे-धीरे बात एक कान से दूसरे कान तक जाती है, तब बेईमानी का ठप्पा लगने लगता है। इसी बीच गलत काम करने वाले को ब्लैक-मेल भी लोग करने लगते हैं।

बदनामी न हो, दुष्प्रचार न हो, इसके एवज में एक की नहीं बहुतों की खुशामद करनी पड़ती है। प्रथमतः तो अधीनस्थ सिर पर चढ़ने लगते हैं और जब बात बढ़ती है, तब उच्च पदस्थ लोग भी या तो हिस्सेदारी की बात करते हैं या जांच आदि बैठाकर दंडित करने लगते हैं।

इसे ही कहेंगे कि रुपये ने रूप बदसूरत कर दिया, जबकि नैतिक ढंग से काम करने वाला हमेशा लोगों से आंख में आंख मिलाकर बात करता है, जबकि अनैतिक व्यक्ति जरा-सी बंदर-घुड़की से डर जाता है, इसलिए इतने बहुमूल्य जीवन को रुपये के पीछे बदसूरत नहीं करना चाहिए।

# दाता-पाता का नाता निभाते लोकतंत्र के भाग्य विधाता

स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व, न्याय, समान अवसर, समान अधिकार और गरिमामय जीवन लोकतंत्र के बुनियादी आधार हैं। प्रकारांतर से राजनीतिक जगत में लोकतंत्र का आविर्भाव ही समानता, स्वतंत्रता, न्याय, समान अधिकार, समान अवसर तथा गरिमामय जीवन के लिए अतीत में हुए सुदीर्घ संघर्षों के फलस्वरूप हुआ। स्वस्थ और सचमुच के लोकतंत्र का परीक्षण इन्हीं बुनियादी आधारों पर किया जाता है। इन समस्त बुनियाद पर आधारित स्वस्थ, समरस और बेहतर समाज बनाने के लिए आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, कानूनी और समाज में व्याप्त अन्य विविध प्रकार की असमानताओं को तिरोहित करना आवश्यक है। आर्थिक असमानता को न्यूनतम करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि अन्य सभी प्रकार की असमानताओं का जन्म आर्थिक असमानता की कोख से होता है। हालांकि भारत में जहां हमारा समाज कठोर श्रृंखलाबद्ध जातिवादी संरचना में आबद्ध है, वहां सामाजिक असमानता को विशेषकर अंबेडकरवादी दलित चिंतक जननी मानते हैं।

ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि जब हम असमानता को समाप्त करने की बात करते हैं तो इसका तात्पर्य मानव निर्मित असमानताओं को कमतर करने का प्रयास होना चाहिए। इसके साथ ही असमानता पर विचार करते समय इस तथ्य पर पर भी ध्यान देना चाहिए कि हर देश में हर नागरिक को उसकी प्रतिभा, योग्यता और परिश्रम के अनुरूप आर्थिक और सामाजिक उन्नति का पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। आर्थिक समानता लाने का तात्पर्य यह कतई नहीं है कि निठ्ठल्ले, निकम्मे, कामचोर लोगों को, अपनी उद्यमिता, परिश्रम और प्रतिभा के बल पर उन्नति करने वाले लोगों के समानांतर और समकक्ष खड़ा कर दिया जाए।



मनोज कुमार सिंह
लेखक

किसी भी समाज की सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों का सूक्ष्मता से विश्लेषण करने पर पता चलता है कि आर्थिक असमानता अन्य समस्त असमानताओं की जननी है। आर्थिक समानता के बिना कानूनी स्वतंत्रता, राजनीतिक स्वतंत्रता और अन्य संविधान प्रदत्त स्वतंत्रताएं और संविधान प्रदत्त समस्त अधिकार व्यर्थ, बेमानी, कागजी और औपचारिक रह जाते हैं। आर्थिक असमानता की खाई जब अत्यधिक गहरी हो जाती है तो समाज में विविध प्रकार की आर्थिक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं तथा उस समाज में राजतंत्रात्मक और सामंती प्रवृत्तियां पुनर्जीवित होने लगती हैं। आर्थिक असमानता बढ़ने से समाज में लोगों के परस्पर संबंध और संवाद स्वस्थ्य, समान, सहज, समरस और स्वाभाविक नहीं रह जाते हैं और गहरे रूप से अमीर और गरीब में विभाजित समाज के रिश्ते-नाते गैर लोकतंत्रिक राजतंत्रीय परंपराओं के अनुरूप दाता और पाता की तरह व्यवहृत होने लगते हैं। स्वाधीनता के 78 वर्ष बाद भी सरकार और आम जनमानस के मध्य रिश्ता दाता और पाता का बना हुआ है।

किसी देश की माली हालत का आकलन करने वाली विभिन्न राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के अनुमान के मुताबिक भारत सहित पूरी दुनिया में अमीरी और गरीबी की खाई बढ़ती ही जा रही है। यह स्थिति समानता और न्याय पर आधारित समाज में विश्वास करने वालों के लिए चिंताजनक है। आर्थिक रूप से समान समाज बनाने का प्रयास प्राचीन काल से चिंतकों और विचारकों द्वारा किया जाता रहा है। भारत में आर्थिक समानता और आर्थिक न्याय की स्थापना के लिए भारत की लगभग समस्त दार्शनिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं में अपरिग्रह का सिद्धांत पाया जाता है। विशेष रूप से महावीर स्वामी और महात्मा बुद्ध ने इस पर अत्यधिक जोर दिया था। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के दौर में क्रांतिदृष्टा कबीर ने अपनी रचनाओं के माध्यम से इसे फिर से पुनर्जीवित किया।

स्वाधीनता संग्राम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आर्थिक न्याय की स्थापना और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए न्यासधारिता का सिद्धांत प्रस्तुत किया। इसके अनुसार संपत्ति स्वामी खुद को संपत्ति का संरक्षक समझे और अपनी जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही उस संपत्ति से खर्च करे। स्वाधीनता उपरांत प्रसिद्ध गांधीवादी संत विनोबा भावे ने भूदान आंदोलन के माध्यम से आर्थिक असमानता तथा देश में विद्यमान भूमि के असमान वितरण को दूर करने के लिए सराहनीय प्रयास किया।

भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था है। आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए कृषि के साथ-साथ कृषि आधारित लघु-कुटीर उद्योग-धंधों को मजबूत करना आवश्यक है। इसके द्वारा आर्थिक विकेंद्रीकरण को गति मिलेगी और आर्थिक असमानता को कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जमाखोरी, मुनाफाखोरी, काला बाजारी रिश्वतखोरी, आर्थिक भ्रष्टाचार और आर्थिक अनियमितताओं पर नियंत्रण कर आर्थिक असमानता को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। कार्ल मार्क्स ने आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए निजी संपत्ति के उन्मूलन का सिद्धांत दिया था। परंतु यह सिद्धांत व्यवहारिक नहीं है और विसंगतियों से भरा हुआ है, लेकिन निजी संपत्ति की अधिकतम सीमा का निर्धारण अवश्य होना चाहिए। अमीरी और गरीबी की बढ़ती दरार को कम करना होगा। दाता और पाता का नाता तोड़ कर भ्राता का नाता बनाकर ही हम स्वस्थ्य समरस भारत बना सकते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

भारतीय फिल्म और ग्लैमर उद्योग, जो अपनी चमक-दमक और सितारों के लिए जाना जाता है, वर्तमान में महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। नई प्रतिभाओं के उदय के साथ पारंपरिक पहचान की रेखाएं धुंधली हो रही हैं। नए चेहरे, चाहे वे फिल्मी विरासत से आ रहे हों या डिजिटल दुनिया से लगातार अपनी पहचान बनाकर बॉलीवुड और फैशन की दुनिया में नई ऊर्जा का संचार कर रहे हैं।



# नए चेहरे बोल्ड...बिंदास अंदाज
## ग्लैमर और फैशन के सरताज





### ‘नेचुरल ब्यूटी व ग्लोइंग स्किन की मलिका नितांशी गोयल

‘लापता लेडीज’ में अपने प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली नितांशी गोयल अपने डेब्यू के विपरीत, पहले से ही उद्योग में सक्रिय हैं। 2024 में आईफा में ‘बेस्ट परफॉरमेंस इन अ लीडिंग रोल (फीमेल)’ का पुरस्कार जीता था। नितांशी अपनी एक्टिंग के साथ नेचुरल ब्यूटी और ग्लोइंग स्किन के लिए खूब चर्चा में रहती हैं। स्किन को फ्रेश और खूबसूरत बनाने का राज वह टमाटर के टुकड़े पर शुगर क्यूब लगाकर चेहरे पर धीरे-धीरे रब करना बताती हैं। कम उम्र के बावजूद उनके आउटफिट दमदार ड्रेसिंग सेंस दिखाते हैं। कान्स में नितांशी ने परफेक्ट और इंप्रेसिव लुक दिखाकर बाजी मार ली थी।

### ‘बागी- 4’ में झुमाएगी हरनाज की टाइगर श्रॉफ संग केमिस्ट्री

- मिस यूनिवर्स 2021, हरनाज कौर संधू, टाइगर श्रॉफ के साथ ‘बागी- 4’ से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म के गीत बाली सोणी... में उनका डांस सराहा जा रहा है। टाइगर श्राफ के साथ उनकी केमिस्ट्री झूमने को मजबूर करती है। हरनाज कौर के पास कुछ पंजाबी फिल्में भी हैं। एक बीमारी से पीड़ित होने के कारण उनका वजन बढ़ गया था, जिसे हरनाज ने अपनी लाइफस्टाइल बदलकर ऐसा तराशा कि हर कोई उनका बदला लुक देखकर हैरान रह गया था।

### आजाद रही फ्लाप पर राशा ने ऊई अम्मा... डांस से दिल जीता

- रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की अजय देवगन के भतीजे आमान देवगन के साथ डेब्यू फिल्म ‘आजाद’ भले ही बॉक्स आफिस पर नहीं चली, लेकिन इस फिल्म का गीत ‘ऊई अम्मा...’ सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस गाने पर राशा के डांस ने यूट्यूब पर करीब 40 करोड़ व्यूज के साथ लोगों को दिल जीत लिया है।





लेखक: मनोज त्रिपाठी

### ‘इक्कीस’ में अमिताभ के नाती संग अक्षय की भतीजी सिमर का डेब्यू

सुपरस्टार अक्षय कुमार की भतीजी सिमर भाटिया, श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित फिल्म ‘इक्कीस’ से अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के साथ डेब्यू कर रही हैं। यह फिल्म सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के जीवन पर आधारित है। अपने डेब्यू से पहले सिमर रेड कार्पेट कार्यक्रमों तथा ग्लैमरस इवेंट में उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

### ‘तू या मैं‘ में दिखेंगी शनाया कपूर

- संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर की विक्रांत मैसी के साथ ‘आंखों की गुस्ताखियां’ को जहां दर्शकों के बड़े वर्ग ने नकार दिया, वहीं कुछ लोग उनकी एक्टिंग की तारीफ करते नहीं थके। शनाया अब भानुशाली स्टूडियोज की फिल्म ‘तू या मैं’ में नजर आएंगी। शनाया को फैशन ट्रेंड्स के लिए बड़ी संख्या में फॉलो किया जाता है। खासतौर पर बोल्ड ब्लाउज डिजाइन में उनका ग्लैमरस स्टाइल ट्रेंड सेटर रहता है।

### आर्यन खान ने ‘द बैड्स ऑफ बॉलीवुड’ बनाई, और भी कमाई

बॉलीवुड किंग शाहरुख खान के बेटे, आर्यन ने अभिनय के बजाय निर्देशन में कदम रखा है। उनका डेब्यू प्रोजेक्ट नेटफ्लिक्स की व्यंग्यात्मक सिरीज ‘द बैड्स ऑफ बॉलीवुड’ है, जो फिल्म उद्योग के अंदरूनी पहलुओं पर एक हास्यपूर्ण और सूचनात्मक नजर डालती है। ‘द बैड्स ऑफ बॉलीवुड’ को 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा। इस शो को आर्यन की मां गौरी खान ने प्रोड्यूस किया है। इसके साथ ही आर्यन ने अपने दोस्तों के साथ स्ट्रीट वियर लाइफ स्टाइल ब्रांड डी-यावोल खोल रखा है। इसके कपड़े काफी महंगे आते हैं। यह एक अनपेक्षित मार्ग है, जो दर्शाता है कि स्टार किड्स अपने लिए अलग रास्ते चुन रहे हैं।



# फैशन गढ़ रहा नए स्टाइल की कहानियां

### जादूगर जैसी डिजाइनों के साथ दिखाते शिल्प कौशल

फैशन डिजाइनर गौरव गुप्ता भी दिल्ली से आते हैं। उनके डिजाइन जादू की तरह हैं, जो उत्कृष्ट शिल्प कौशल और ईथरियल ड्रेप्स के लिए जाने जाते हैं। उनके डिजाइन प्रकृति के तत्वों से प्रेरित रहते हैं। वह बॉलीवुड हस्तियों और फैशनपरस्तों के पसंदीदा हैं, जो शानदार कपड़ों और त्रुटिहीन विवरणों के साथ कृतियां बनाते हैं।



### भविष्यवादी ग्लैमर मास्टर को तकनीक ने दी पहचान

- दिल्ली के फैशन डिजाइनर अमित अग्रवाल को भविष्यवादी ग्लैमर के मास्टर के रूप में जाना जाता है। इसकी वजह उनका फैशन के पीछे की गणित समझने का अंदाज है। वह सामग्री के अभिनव उपयोग, तकनीक-प्रेरित डिजाइन और जटिल बनावट के लिए प्रसिद्ध हैं।



### आधुनिकता से कालातीत लालित्य का खास मिश्रण

- कनिका गोयल का लेबल ब्रांड परिष्कृत अग्रणी और लग्जरी है। उनके डिजाइन आधुनिकता को दर्शाते हैं जबकि कालातीत लालित्य बनाए रखते हैं, जिसमें साफ लाइनें, चिकना कट और समकालीन सिल्हूट शामिल हैं। कनिका ने अपनी रचनात्मकता से साबित किया है कि डेनिम उनके लिए कपड़ा नहीं, जीने का स्टाइल है।



भारतीय फैशन उद्योग लगातार नए डिजाइनरों और प्रभावशाली मॉडलों के साथ विकसित हो रहा है, जो परंपरा और आधुनिकता का अनूठा मिश्रण प्रस्तुत कर रहे हैं।

### जीवंत और बेबाक रूप से मजेदार चंचल प्रिंट

शुभिका ने अपना फैशन डिजाइन का लग्जरी ब्रांड ‘पापा डोंट प्रीच’ मुंबई में खोला है। उनके डिजाइन विचित्र, जीवंत और बेबाक रूप से मजेदार हैं, जिनमें चंचल प्रिंट और बोल्ड, अतिरंजित सिल्हूट शामिल रहते है। शुभिका परीकथा जैसे ब्राइडल लहंगे तैयार करने के लिए भी जानी जाती हैं।

लेखिका
दृष्टि श्रीवास्तव
कानपुर

## तमिलनाडु में द. कोरियाई लगाएगी फुटवियर संयंत्र

**चेन्नई।** दक्षिण कोरिया के ह्वासेंग फुटवियर ग्रुप ने तमिलनाडु में 1,720 करोड़ का निवेश करके गैर-चमड़े के जूते-चप्पल बनाने की फैक्ट्री लगाने का फैसला किया है। यह भारत में समूह की पहली ऐसी फैक्ट्री होगी। उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने बताया कि यह फैक्ट्री तूतीकोरिन में बनेगी, जिससे इस क्षेत्र में 20,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने ह्वासेंग फुटवियर ग्रुप के अधिकारियों से मुलाकात की।

### बिजनेस ब्रीफ

#### अंडमान के 'होमस्टे' में मिलेगा जनजातीय व्यंजन

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में 'होमस्टे' आगंतुकों को स्थानीय जनजातीय व्यंजन और द्वीपसमूह के इतिहास एवं संस्कृति के बारे में कहानी सुनाने के लिए विशेष सत्र की पेशकश कर सकते हैं। पर्यटन अधिकारियों ने बताया कि हालांकि बहुत से जनजातीय व्यंजन अब लुप्त हो चुके हैं, लेकिन कुछ व्यंजन आज भी प्रचलित हैं और उन्हें पर्यटकों को परोसा जाएगा ताकि उनका अनुभव यादगार बन सके। शुक्रवार को पर्यटन विभाग ने पंजीकृत होमस्टे मालिकों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें पर्यटकों के लिए होमस्टे की गुणवत्ता कैसे बेहतर की जाए, इस पर चर्चा हुई।

#### ओला को मिली राशि के आवंटन की मंजूरी

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये जुटाई धनराशि को फिर से आवंटित करने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। इससे कंपनी को अपने अगले चरण की वृद्धि के लिए पूंजी मिल सकेगी और उसकी वित्तीय स्थिति भी मजबूत होगी। ओला इलेक्ट्रिक ने शेयर बाजार में सूचिबद्ध होने के बाद अपनी पहली सालाना आम बैठक की। कंपनी के अनुसार, 99 प्रतिशत शेयरधारकों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जो निवेशकों के भरोसे और कंपनी की दीर्घकालिक दृष्टि को दर्शाता है।

#### ग्लोबटियर इन्फोटेक का आईपीओ 25 को

**मुंबई।** ग्लोबटियर इन्फोटेक ने अपने 1.02 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य 72 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह निर्गम 25 अगस्त को अभिदान के लिए खुलेगा। कंपनी ने कहा कि आईपीओ में 38.11 लाख नए शेयर और पांच लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है। निश्चित मूल्य वाला यह निर्गम 25 अगस्त को बीएसई एसएमई मंच पर अभिदान के लिए खुलेगा और 28 अगस्त को बंद होगा। इस निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा अपनी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के वित्तपोषण, ऋण चुकाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

# चावल सस्ता, गेहूं और चीनी महंगे

## घरेलू थोक बाजारों में दालों और खाद्य तेलों में कीमतों में दिखा उतार-चढ़ाव



नई दिल्ली, एजेंसी

- चावल की औसत कीमत 13 रुपये घटी, आटे की 13 रुपये बढ़ी

घरेलू थोक बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत में कमी देखी गयी जबकि गेहूं के भाव बढ़ गये। चीनी भी महंगी हुई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 13 रुपये घटकर 3,831.01 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं छह रुपये महंगा होकर 2,841.88 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 13 रुपये बढ़कर 3,307.05 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। सरसों तेल औसतन 12 रुपये और मूंगफली तेल 92 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। वनस्पति में 69 रुपये तेजी देखी गयी। पाम ऑयल की कीमत 14 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल में 21 रुपये की तेजी रही। सोया तेल 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गयी। तुअर दाल 56 रुपये टूट गयी जबकि मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 26 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब 35 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी की कीमतों में 12 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।

### विदेशी बाजारों में तेजी से अधिकांश तेल-तिलहन की कीमतें रहीं मजबूत

- त्योहारी मांग बढ़ने से सरसों तेल तिलहन में दिखा सुधार

**नई दिल्ली।** विदेशों में कल रात मजबूती के रुख तथा त्योहारी मांग के कारण घरेलू तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। इस सुधार के कारण सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें मजबूत बंद हुई। साधारण और सुस्त कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे। शिकॉगो एक्सचेंज में कल रात 3-3.5 प्रतिशत से भी अधिक की मजबूती रही थी जिसका मलेशिया एक्सचेंज पर असर सोमवार को दिखेगा। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में मजबूती और त्योहारी मांग बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन में सुधार देखा जा रहा है। वैसे देखा जाये तो सरसों के भाव ऊंचा बोले जा रहे हैं लेकिन इस मंहगे दाम पर उठाव कम ही है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार शिकागो एक्सचेंज में कल रात की तेजी, सोयाबीन के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की स्थानीय मांग सुधरने और त्योहारी मांग से सोयाबीन तेल-तिलहन में भी मजबूती है। एक बात ध्यान योग्य है कि आयातकों के द्वारा बैंकों का ऋण चुकाने की जल्दबाजी के कारण बंदरगाहों पर आयातित तेल लागत से 3-3.5 प्रतिशत नीचे दाम पर बेचे जा रहे हैं। आयातित तेलों के दाम में मजबूती बने रहने के कारण पाम-पामोलीन तेल कीमतों में भी सुधार दिख रहा है। लेकिन इनके भाव सोयाबीन के आसपास होने के कारण मांग और उठाव प्रभावित है। सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम अपरिवर्तित रहे।

## केरल में 600 करोड़ में बनेगा अडाणी का लॉजिस्टिक्स पार्क

**कोच्चि।** अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) केरल के कोच्चि में 600 करोड़ रुपये की लागत से लॉजिस्टिक्स पार्क बनाएगा। इसके भूमि पूजन समारोह में शनिवार को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन भी शामिल हुये।

अडाणी पोर्ट्स ने शनिवार को बताया कि केरल में निवेश करें पहल के तहत कोच्चि के कलामस्सेरी में विकसित यह ऐतिहासिक परियोजना राज्य को लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक हब में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रणनीतिक रूप से स्थित यह पार्क 70 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला है। इससे परिवहन लागत कम करने, समय पर संचालन को सक्षम बनाने और ई-कॉमर्स, एफएमसीजी/एफएमसीडी, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोटिव और खुदरा सहित प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे 1,500 लोगों को नौकरी मिलेगी और स्थानीय रोजगार, कौशल विकास तथा आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# गैर-पारदर्शी खरीद से प्याज किसानों को हानि

नासिक, एजेंसी



महाराष्ट्र में प्याज किसानों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संगठन ने शनिवार को आरोप लगाया कि एक केंद्रीय एजेंसी फसल की गैर-पारदर्शी खरीद कर रही है, जिससे कारण उत्पादकों को वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

राज्य प्याज उत्पादक संघ के अध्यक्ष भरत दिघोले ने कहा कि किसान त्योहारों के दौरान भी विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार या तो निष्पक्ष खरीद सुनिश्चित करे या नैफेड की प्याज खरीद बंद कर दे। नासिक जिले के एक किसान ने पोला त्योहार के अवसर पर अपने बैलों के साथ नैफेड के खिलाफ एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। यह त्योहार बैलों और सांडों के महत्व को स्वीकार करने के लिए मनाया जाने वाला एक धन्यवाद उत्सव है।

दिघोले ने एक बयान में कहा कि कई वर्षों से नैफेड (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ) बफर स्टॉक के लिए प्याज खरीद रहा है। हालांकि, किसानों का आरोप है कि इस प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं होती हैं, जिससे उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता और सालाना करोड़ों रुपये का नुकसान होता है।किसानों ने प्याज की खरीद में पारदर्शिता और उचित एवं सुनिश्चित कीमतों की गारंटी के लिए एक व्यवस्था बनाने की मांग की। किसान तात्यासाहेब पवार ने मालेगांव तहसील के धवलेश्वर में अपने बैलों पर 'नेफेड वापस जाओ'लिखकर प्रदर्शन किया। इस कदम का मकसद प्याज उत्पादकों की दुर्दशा को उजागर करना है, जिन्हें बफर स्टॉक खरीद में कथित भ्रष्टाचार और पारदर्शिता की कमी के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# देश का समुद्री खाद्य निर्यात 2024-25 में 7.45 अरब अमेरिकी डॉलर पर स्थिर रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



देश का समुद्री खाद्य निर्यात 2024-25 के दौरान 7.45 अरब अमेरिकी डॉलर पर स्थिर रहा। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, मात्रा के हिसाब से देखें तो पिछले वित्त वर्ष में समुद्री खाद्य की खेप घटकर 16,98,170 टन रह गई।

मंत्रालय के 19 जून के बयान के अनुसार, 2023-24 में भारत का समुद्री खाद्य निर्यात 17,81,602 टन था, जिसकी कीमत 60,523.89 करोड़ रुपये (7.38 अरब अमेरिकी डॉलर) थी। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश ने 16,98,170 टन समुद्री खाद्य का निर्यात किया, जिसकी कीमत 62,408.45 करोड़ रुपये (7.45 अरब अमेरिकी डॉलर) थी। समुद्री खाद्य पदार्थों में, 'फ्रोजन श्रिम्प' मात्रा और मूल्य दोनों लिहाज से सबसे ज्यादा निर्यात की जाने वाली वस्तु रही। वहीं, अमेरिका और चीन भारत के समुद्री खाद्य के प्रमुख खरीदार बनकर उभरे। फ्रोजन श्रिम्प का निर्यात 5.17 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इसका मात्रा में 43.67% और कुल कमाई में 69.46% योगदान था। निर्यात के लिहाज से फ्रोजन फिश का दूसरा स्थान रहा, जिससे 62.26 करोड़ अमेरिकी डॉलर की कमाई हुई। मंत्रालय ने बताया कि मूल्य के लिहाज से अमेरिका भारतीय समुद्री खाद्य का सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है।

## वीएलसीसी पर भ्रामक विज्ञापनों के लिए तीन लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने वजन घटाने के इलाजों से जुड़े भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने को वीएलसीसी लिमिटेड पर तीन लाख का जुर्माना लगाया है।

सीसीपीए ने कहा कि यह जुर्माना वीएलसीसी पर 'कूलस्कल्प्टिंग' मशीन का उपयोग करके मोटापे और वजन घटाने के उपचार के बारे में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए लगाया गया है। जांच में पाया गया कि वीएलसीसी एक ही सत्र में तेजी से वजन घटने के बढ़ा-चढ़ाकर दावे कर रही थी, जो कूलस्कल्प्टिंग मशीन को मिली वास्तविक मंजूरी से काफी ज्यादा थे, जिससे उपभोक्ताओं को गुमराह किया गया। सीसीपीए ने वीएलसीसी पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया और कुछ दिशानिर्देश भी जारी किए हैं, जिनका पालन कंपनी को अपने भविष्य के विज्ञापनों में सख्ती से करना होगा।

# थोक सौदे के मसौदे में संशोधन करने पर विचार कर रहा सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी

- न्यूनतम ऑर्डर आकार को मौजूदा 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 25 करोड़ करने का प्रस्ताव

बाजार नियामक सेबी ने थोक सौदों के लिए न्यूनतम ऑर्डर आकार को मौजूदा 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 25 करोड़ करने का प्रस्ताव दिया है। मौजूदा सीमा 2017 से लागू है।

थोक सौदों की शेयर बाजार के कुल कारोबार में बड़ी हिस्सेदारी है। ये सौदे शेयर बाजार में एक ही लेनदेन के जरिये खरीदार और विक्रेता के बीच होते हैं। इसे शेयर बाजार द्वारा दिन में सिर्फ दो बार खोली जाने वाली 15-मिनट की विशेष विंडो के दौरान ही किया जा सकता है। सेबी ने परामर्श पत्र में कहा कि थोक सौदों के लिए न्यूनतम ऑर्डर आकार 25 करोड़ होगा। थोक सौदा विंडो में निष्पादित प्रत्येक कारोबार डिलीवरी के लिए होना चाहिए। न्यूनतम ऑर्डर आकार बढ़ाने के साथ ही सेबी ने ऐसे कारोबार के लिए मूल्य निर्धारण तंत्र की समीक्षा करने का प्रस्ताव दिया है। सेबी गैर-डेरिवेटिव शेयरों के लिए मूल्य दायरे को 3% बढ़ाने पर विचार कर रहा है, जबकि वायदा और विकल्प (एफएंडओ) शेयरों के लिए मौजूदा 1% के दायरे को बरकरार रखा जाएगा। इस कदम से बाजार में हेरफेर का जोखिम कम होने की उम्मीद है।



# क्या विपक्ष भ्रष्टाचार के पक्ष में है : मेघवाल

## केंद्रीय मंत्री ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक को प्रगतिशील कानून बताते हुए विरोध कर रहे विपक्ष से पूछे सवाल

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी



- कानून के दुरुपयोग पर केंद्रीय कानून मंत्री बोले- विपक्ष पूरा विधेयक पढ़ता नहीं

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को 130वें संविधान संशोधन विधेयक को 'प्रगतिशील कानून' बताया और पूछा कि विधेयक को लेकर विरोध जता रहा विपक्ष क्या भ्रष्टाचार के पक्ष में है? मेघवाल ने देश के सबसे स्वच्छ शहर में 'अपने इंदौर के लिए एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

उन्होंने इसके बाद 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर कहा कि मेरे ख्याल में यह बहुत शानदार और प्रगतिशील कानून है। विपक्ष को इस कानून का समर्थन करना चाहिए, लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध किया। क्या विपक्ष भ्रष्टाचार के पक्ष में है? विपक्ष की ओर से इस प्रस्तावित कानून के दुरुपयोग की आशंका जताए जाने पर केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि विपक्ष पूरा विधेयक पढ़ता नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमने देखा है कि दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल जाने के बावजूद अपना पद नहीं छोड़ा था। मेघवाल ने यह भी कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने देश का मान-सम्मान बढ़ाया और इस अभियान को लेकर संसद के मॉनसून सत्र में शानदार चर्चा हुई।

उन्होंने इंदौर में पौधारोपण अभियान में शामिल होने के दौरान सिंदूर का पेड़ लगाया। केंद्रीय कानून मंत्री ने इस मौके पर एक सभा में कहा, ''पेड़ धरती मां का शृंगार हैं। धरती को हरा-भरा रखने के लिए हमें एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के कबीना मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद थे।

### विधेयकों पर जेपीसी 'तमाशा', सदस्य नामित नहीं करेंगे : टीएमसी

**नई दिल्ली।** टीएमसी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को हटाने की रूपरेखा तय करने वाले तीन विधेयकों पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को शनिवार को 'तमाशा' करार दिया और कहा कि वह इसमें अपना कोई सदस्य नहीं भेजेगी।

केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025, संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 बुधवार को लोकसभा में पेश किए गए। इन्हें संसद की एक संयुक्त समिति को भेज दिया गया है। टीएमसी ने कहा कि हम 130वें संविधान संशोधन विधेयक का पेश होने के चरण से ही विरोध कर रहे हैं और हमारा मानना है कि जेपीसी दिखावा है। इसलिए हम तृणमूल से किसी को नामित नहीं कर रहे हैं। प्रस्तावित विधेयक गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने के लिए कानूनी रूपरेखा प्रदान करते हैं।

मानसून सत्र के समापन से ठीक पहले लाए इन विधेयकों का विपक्ष से विरोध किया है। समिति को शीतकालीन सत्र में सदन को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। सत्र संभवतः नवंबर के तीसरे सप्ताह में आयोजित होगा। इससे पहले राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा कि केंद्र पूरे मानसून सत्र में रक्षात्मक मुद्रा में रहा और उसने कार्यवाही में व्यवधान डालने के लिए अनेक उपाय किए। ओ'ब्रायन ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में सत्तारूढ़ गठबंधन को कमज़ोर करार दिया। पूरे मानसून सत्र, 239 सीटों वाला मोदी गठबंधन रक्षात्मक मुद्रा में रहा। भारत के उपराष्ट्रपति लापता रहे और भाजपा को अभी तक नया राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं मिला।

### संशोधन विधेयक का अर्थ विपक्ष का उत्पीड़न

सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक की खिलाफत करते हुए कहा कि इसका मतलब विपक्ष के नेताओं का उत्पीड़न करना है। इडी और सीबीआई में जो केस दर्ज हैं वो विपक्ष के नेताओं के खिलाफ हैं। मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को हटाना एक सूत्र कार्यक्रम है। केंद्र 130 वें संविधान संशोधन विधेयक पास कराना चाहती है जिसमें किसी मंत्री या मुख्यमंत्री किसी आपराधिक मामले में 30 दिन जेल में रहता है तो उसका पद समाप्त हो जाएगा। इस विधेयक के खिलाफ विपक्ष लगातार विरोध जता रहा है।

## हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के आतंकवादियों का मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस के राज्य अन्वेषण अभिकरण (एसआईए) ने आतंकवादी संगठन हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के लिए 'स्लीपर सेल' के रूप में काम करने वाले व्यक्ति को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

एसआईए ने कहा, एसआईए कश्मीर ने शोपियां में बेहराम के रेबन गुंड क्षेत्र निवासी अल्ताफ हुसैन वागे को गिरफ्तार किया है। वह आतंकवादी संगठन हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के लिए 'स्लीपर सेल' के रूप में काम करता था। एसआईए कश्मीर ने ऐसे साक्ष्य जुटाए, जिनसे गिरफ्तार आरोपी का संबंध हिज्ब-उल-मुजाहिदीन से जुड़े एक आतंकी आका से स्थापित होता है, जो सीमा के उस पार से गतिविधियां कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि वह आतंकी आका के इशारे पर आतंकवादी साजिश में सक्रिय रूप से शामिल था और भारत विरोधी विचारों का प्रचार एवं प्रसार करके आतंकवादी, गैरकानूनी और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

# प्रौद्योगिकी से भारतीय कृषि को बनाएं आत्मनिर्भर

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी



- भागवत ने ज्येष्ठ पशुवैद्य प्रतिष्ठान के 28वें स्थापना दिवस को किया संबोधित

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि भारत आधुनिक प्रौद्योगिकी को पारंपरिक कृषि व पशुपालन के साथ मिलाकर तथा देशी मवेशी पालन करके कृषि में आत्मनिर्भर बन सकता है। भागवत ने ज्येष्ठ पशुवैद्य प्रतिष्ठान के 28वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया, जहां किसानों, पशु चिकित्सा स्नातकों और विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया।

भागवत ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताएं भारत के लिए कृषि में आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। कृषि और पशुपालन की भारतीय पद्धतियों के साथ आधुनिक पद्धतियों को मिश्रित करने से किसानों को लाभ होगा और देश आत्मनिर्भरता प्राप्त करेगा। पशु चिकित्सकों को उन जीवों के दर्द को समझने की कला आती है, जो न तो बोल सकते हैं और न ही इलाज के दौरान विरोध कर सकते हैं, फिर भी वे उन्हें ठीक कर देते हैं। उन्होंने कहा, प्राचीन पशु चिकित्सा विशेषज्ञ शालिहोत्र ने घोड़े की आयु और गुण निर्धारित करने का विज्ञान बताया था। यह परंपरा हमारे लिए गर्व की बात है। यदि जहां आवश्यक हो, पश्चिमी तकनीक और आधुनिकता को अपनाया जाए और भारतीय कृषि एवं पशुपालन पद्धतियों के साथ समन्वय किया जाए, तो किसानों को लाभ होगा। स्वदेशी मवेशियों और पारंपरिक कृषि प्रणालियों में लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। भारतीय कृषि के आधुनिक स्वरूपों को विकसित करके हम कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकते हैं।

# देश की प्रगति के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव जरूरी : चौहान

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय मंत्री ने कहा- एक साथ चुनाव कराने के लिए लोगों को कर रहे हैं जागरूक

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को देश की प्रगति के लिए जरूरी बताते हुए देशवासियों से इस अभियान के लिए लोगों में अलख जगाने की अपील की। राष्ट्रीय राजधानी के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को चौहान ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लेकर देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम हो रहे हैं, लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने इसका समर्थन करते हुए इसे देश की प्रगति और विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव देश के संसाधनों, समय और ऊर्जा की बर्बादी के साथ ही इससे विकास कार्य बाधित होते हैं। चौहान ने सभा में मौजूद लोगों से अपील करते हुए कहा कि गांव-गांव जाना है, जागरण का मंत्र फूंकना है और एक राष्ट्र-एक चुनाव और स्वदेशी की अलख जगाना है।

उन्होंने कहा कि इसका परिणाम यह होगा कि देश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ने के साथ दुनिया का नंबर एक देश बन जाएगा। इसलिए हमें हम सभी को इसके लिए संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में सभी वर्ग आगे आ रहे हैं। इससे राष्ट्र के विकास की गति तेज होगी और चुनावी हिंसा में भी कमी आएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगने और पूरे देश की मशीनरी चुनाव संपन्न कराने में जुट जाती है जिससे दैनिक कामकाज प्रभावित होता है और विकास कार्य बाधित होता है।

चुनाव में कलेक्टर से लेकर शिक्षक, इंस्पेक्टर और पूरा सरकारी महकता मतदाता सूची से लेकर मतगणना होने तक व्यस्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब हर पांच साल में एक बार चुनाव होंगे, तो मतदाता सूची एक ही बार बनेगी, जिससे मतदाता सूची पर विवाद खत्म हो जाएगा और इसके साथ ही चुनाव कराने में होने वाले लाखों करोड़ों रुपये का खर्च भी बचेगा। उन्होने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' देशहित में बताते हुए इससे सभी के जुड़ने की भी अपील की।

## धर्मस्थल में लोगों को दफनाने का दावा करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के धर्मस्थल नामक स्थान पर पिछले दो दशकों के दौरान कथित तौर पर हुई कई हत्याओं, दुष्कर्म और शवों को दफनाने का आरोप लगाने वाले शिकायतकर्ता को जांच के लिए गठित एसआईटी ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों ने बताया कि जांच दल के समक्ष नकाब पहनकर पेश होना वाला सीएन चिन्नैया है। चिनैय्या को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट विजयेंद्र के समक्ष पेश किया गया और एसआईटी ने विस्तृत जांच के लिए 10 दिन की हिरासत की मांगी। अदालत ने एसआईटी का अनुरोध स्वीकार कर लिया।

# वैन और ट्रक की भिड़ंत में आठ की मौत, चार गंभीर

पटना, एजेंसी



पटना के बाहरी इलाके में शनिवार को एक मिनी वैन और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के पटना-नालंदा बॉर्डर के पास शाहजहांपुर में हुई।

उसने बताया कि मृतकों में सात महिलाएं शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विक्रम सिंह ने बताया कि घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना में हुई लोगों की मौतों पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने पटना में हुई इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

## झारखंड में भारी बारिश से पांच की मौत, एक लापता

**रांची/सरायकेला।** झारखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश से पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए वहीं एक व्यक्ति लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि सरायकेला-खरसावां जिले में मकान ढहने से एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई। राजनगर प्रखंड के दांडू गांव में आठ लोग घायल भी हो गए। राजनगर के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मलय दास ने बताया कि जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान महिला और उसके बेटे की मौत हो गई वहीं संतोष लोहार नामक व्यक्ति का कच्चा मकान गिरने से आठ अन्य लोग घायल हो गए।

## अंतरिक्ष दिवस



नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) के प्रथम स्वरूप के अनावरण के दौरान ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर और ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन व अन्य।

## वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग

# हिंद महासागर

हिंद महासागर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है, जो एशिया, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच स्थित है। यह महासागर कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह भारत और दुनिया के लिए बेहद जरूरी है क्योंकि यह वैश्विक व्यापार के एक प्रमुख मार्ग का प्रतिनिधित्व करता है, जहां अधिकांश वैश्विक कंटेनर यातायात होता है। यह भारत को भू-राजनीतिक और सामरिक लाभ प्रदान करता है, भारत की अनन्य आर्थिक क्षेत्र का विस्तार करता है, मानसून लाता है जो कृषि को संचालित करता है, और खनिज और मछली जैसे प्राकृतिक संसाधनों का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसके अतिरिक्त, दुनिया का एकमात्र महासागर जिसका नाम किसी देश के नाम पर है, हिंद महासागर भारत की समुद्री सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि का आधार है। भारत ऊर्जा सुरक्षा के लिए महासागर पर बहुत निर्भर करता है तथा इसका 80% कच्चा तेल आयात इसी जलमार्ग से होता है।



### चीन की चुनौती

- चीन हिंद महासागर में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है, जिसमें नौसैनिक गश्त और पनडुब्बियों की तैनाती शामिल है।
- भारत ने इस चुनौती का सामना करने के लिए अपनी नौसेना को मजबूत करने और 'क्वाड' देशों के साथ सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है।

### भारत की रणनीति

- भारत हिंद महासागर में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए एक्ट ईस्ट पॉलिसी और सागर पहल जैसे प्रयास कर रहा है।
- यह कदम चीन की बढ़ती उपस्थिति के जवाब में उठाया जा रहा है, जो भारत के लिए एक सुरक्षा चुनौती बन गई है। नौसेना को मजबूत करने और क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- भारत हिंद महासागर में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है, जिसमें पनडुब्बियों और युद्धपोतों की तैनाती शामिल है।

### भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण

**भू-राजनीतिक महत्व:**

- **व्यापारिक मार्ग:** यह मार्ग मध्य पूर्व, अफ्रीका व एशिया के बीच व्यापार को सुविधाजनक बनाता है।
- **ऊर्जा संसाधन:** तेल, गैस के विशाल भंडार हैं, जो दुनिया की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में भूमिका निभाते हैं।

**आर्थिक महत्व:**

- **मछली पालन:** मछली पालन एक महत्वपूर्ण उद्योग है, जो लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है।
- **पर्यटन:** महासागर के तटीय क्षेत्र पर्यटन के लिए आकर्षक हैं, जो स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देते हैं।

**रणनीतिक महत्व**

- **सैन्य महत्व:** हिंद महासागर का रणनीतिक महत्व है, क्योंकि यह दुनिया के प्रमुख जलमार्गों में से एक है।
- **क्षेत्रीय सुरक्षा:** हिंद महासागर में क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए कई चुनौतियाँ हैं, जैसे कि समुद्री डकैती और आतंकवाद।

**पर्यावरणीय महत्व**

- **जैव विविधता:** हिंद महासागर में जैव विविधता बहुत अधिक है, जिसमें कई प्रजातियों के पौधे और जानवर पाए जाते हैं।
- **जलवायु:** हिंद महासागर परिवर्तन के प्रभावों को महसूस कर रहा है, जैसे कि समुद्र के स्तर में वृद्धि व तटीय क्षरण।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### चीन में पुल ढहने से 12 श्रमिकों की मौत

**बीजिंग।** चीन में शुक्रवार को एक प्रमुख नदी पर निर्माणाधीन रेलवे पुल के ढह जाने से कम से कम 12 श्रमिकों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की ओर से जारी तस्वीर में पुल के घुमावदार नीले मेहराब का एक बड़ा हिस्सा गायब दिखाई दे रहा है। इस तस्वीर में पुल का एक मुड़ा हुआ हिस्सा नीचे पीली नदी में लटका हुआ नजर आ रहा है। शिन्हुआ के अनुसार, शुक्रवार देर रात लगभग तीन बजे उत्तर-पश्चिमी चीन के किंघई प्रांत में एक पुल पर 16 मजदूर काम कर रहे थे, तभी एक स्टील केबल टूट गई, जिससे वे (मजदूर) नदी में गिर गए। शिन्हुआ के मुताबिक, नावों, हेलीकॉप्टर और रोबोट की मदद से लापता श्रमिकों की तलाश की जा रही है।

### अल सल्वाडोर तट पर 6.0 तीव्रता का भूकंप

**सैन सल्वाडोर।** ग्वाटेमाला और अल सल्वाडोर के तट के पास शनिवार सुबह प्रशांत महासागर में बड़ा भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। सुबह 4:14 बजे 10 किलोमीटर की गहराई पर 6.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसका केंद्र अल सल्वाडोर के अकाजुटला से 81 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम और ग्वाटेमाला के प्यूर्टो सैन जोस से 107 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में था। अकाजुटला, अल सल्वाडोर का प्रमुख वाणिज्यिक बंदरगाह है और इसका उपयोग क्रूज जहाजों द्वारा भी किया जाता है। प्यूर्टो सैन जोस, ग्वाटेमाला के प्रशांत तट पर स्थित सबसे बड़ा शहर है। किसी प्रकार के नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं मिली।

### रानिल विक्रमसिंघे जेल अस्पताल में स्थानांतरित

कोलंबो, 23 अगस्त (भाषा) श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को जेल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, क्योंकि एक अदालत ने उन्हें उनके कार्यकाल के दौरान सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के मामले में गिरफ्तारी के बाद जमानत देने से इनकार कर दिया। विक्रमसिंघे (76) को कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट की अदालत द्वारा 26 अगस्त तक हिरासत में भेजे जाने के बाद शुक्रवार आधी रात के करीब मुख्य मैगजीन रिमांड जेल ले जाया गया। जेल प्रवक्ता जगत वीरसिंघे ने शनिवार को बताया कि विक्रमसिंघे को जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया, क्योंकि उनकी रक्त शर्करा और रक्तचाप का स्तर अधिक था। पूर्व राष्ट्रपति को शुक्रवार को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) मुख्यालय में गिरफ्तार किया गया था, जहां उन्हें 1.66 करोड़ श्रीलंकाई रुपये के सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की जांच के संबंध में बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया था।

# अमेरिकी व्यापार समझौते में भारत के समक्ष हैं कुछ सीमाएं : जयशंकर

## विदेश मंत्री ने कहा- किसानों व छोटे उत्पादकों के हितों से नहीं करेंगे कोई समझौता

- **बोले- राष्ट्रपति ट्रंप का दुनिया से व्यवहार का तरीका पारंपरिक तरीके से अलग**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में भारत की कुछ सीमाएं हैं और भारत किसानों तथा छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं करेगा। जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत जारी है।

इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में जयशंकर ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दुनिया के साथ व्यवहार करने का तरीका पारंपरिक तरीके से बहुत अलग है और पूरी दुनिया इसका सामना कर रही है। उन्होंने कहा, अब तक ऐसा कोई अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं रहा, जिसने विदेश नीति को मौजूदा राष्ट्रपति की तरह सार्वजनिक रूप से संचालित किया हो।

यह अपने आप में ऐसा बदलाव है, जो केवल भारत तक सीमित नहीं है। ट्रंप के भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिए जाने के बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि व्यापार दोनों देशों के बीच वास्तव में सबसे बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा, बातचीत अभी भी जारी है और मुख्य बात यह है कि हमारे बीच कुछ सीमाएं हैं। जयशंकर ने कहा कि सीमाएं मुख्य रूप से देश के किसानों और कुछ हद तक छोटे उत्पादकों के हित में हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए जब लोग कहते हैं कि हम सफल हुए या असफल... इस पर मेरा जवाब है-एक सरकार के रूप में हम अपने किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस पर पूरी तरह से दृढ़ हैं। विदेश मंत्री ने ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लगाए गए आरोपों का भी जवाब दिया कि भारत रूस से रियायती मूल्य पर कच्चा तेल खरीदकर तथा फिर परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों को यूरोप और अन्य स्थानों पर ऊंची कीमतों पर बेचकर मुनाफाखोरी कर रहा है। उन्होंने कहा, यह हास्यास्पद है कि व्यापार-समर्थक अमेरिकी प्रशासन के लोग दूसरों पर व्यापार करने का आरोप लगा रहे हैं।



इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में विदेश मंत्री जयशंकर विचार रखते हुए।

### रूसी तेल बेचने पर विदेश मंत्रीने कहा- जिन्हें दिक्कत, वो नहीं लें, हम मजबूर नहीं करते

रूसी तेल बेचने के सवाल पर विदेश मंत्री जयशंकर ने ने कहा- जिन्हें दिक्कत, वो नहीं लें, हम मजबूर नहीं करते। कहा, यह वाकई अजीब है। अगर आपको भारत से तेल या परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने में कोई समस्या है, तो उसे न खरीदें। कोई आपको खरीदने के लिए मजबूर नहीं करता। लेकिन यूरोप खरीदता है, अमेरिका खरीदता है, इसलिए अगर आपको वह पसंद नहीं है, तो उसे न खरीदें। विदेश मंत्री ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव के मद्देनजर चीन के साथ भारत के रिश्ते बेहतर हो रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एक बहुत ही अलग स्थिति के लिए हर चीज को एक साथ जोड़कर इस तरह की राय बनाने की कोशिश करना गलत विश्लेषण होगा।

### भारतीय राजनयिक ने कई अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय राजनयिक विनय मोहन क्वात्रा ने अपनी कूटनीतिक भागीदारी जारी रखते हुए नयी दिल्ली और वाशिंगटन के बीच टैरिफ को लेकर जारी तनाव के बीच संतुलित व्यापार संबंधों पर चर्चा के लिए कई और अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की। भारतीय राजदूत के सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, उन्होंने 9 अगस्त से अब तक 19 अमेरिकी सीनेटर और कांग्रेस सदस्यों से मुलाकात की है। क्वात्रा ने शुक्रवार को वेज एंड मीन्स कमेटी और हाउस इंटेलिजेंस कमेटी की सदस्य क्लाउडिया टेनी से मुलाकात की तथा निष्पक्ष एवं संतुलित व्यापार संबंधों के महत्व पर गहन चर्चा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, हमने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों और निष्पक्ष एवं संतुलित व्यापार रिश्तों के महत्व पर चर्चा की। क्वात्रा ने कहा कि उन्होंने टेनी के साथ बैठक में नयी दिल्ली की अमेरिका से बढ़ती हाइड्रोकार्बन खरीद को भारत की ऊर्जा सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में रेखांकित किया। ऐसी ही एक अन्य बैठक में, क्वात्रा ने प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों और कृषि समिति के डेमोक्रेट सदस्य जोनाथन एल जैक्सन के साथ सार्थक बातचीत की। उन्होंने कहा, हमने व्यापार और आर्थिक साझेदारी पर चर्चा की।

## गैंगस्टर मयंक को अजरबैजान से किया प्रत्यर्पित

**रांची।** अजरबैजान से प्रत्यर्पण के बाद झारखंड आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा गैंगस्टर मयंक सिंह को शनिवार सुबह रांची वापस लाया गया। झारखंड एटीएस के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ऋषव कुमार झा के नेतृत्व में एटीएस के दल ने दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के अनुसार औपचारिकताएं पूरी कीं और फिर सिंह उर्फ सुनील मीणा को वापस लाने के लिए आजरबैजान का दौरा किया।

रांची हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद झा ने कहा, झारखंड पुलिस के इतिहास में यह पहला सफल प्रत्यर्पण है। हमें उम्मीद है कि विदेश में मौजूद बाकी अपराधियों को भी जल्द ही प्रत्यर्पण या निर्वासन के जरिए वापस लाया जाएगा। यह एक बड़ी उपलब्धि है और इसका श्रेय हमारे पुलिस महानिदेशक, मुख्यमंत्री और राज्य व केंद्र सरकार के सहयोग को जाता है।

# ट्रंप के करीबी सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत नामित

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने करीबी सहयोगी सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नामित किया है। सर्जियो गोर वर्तमान में 'व्हाइट हाउस प्रेसिडेंशियल पर्सनल ऑफिस' के निदेशक हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गोर (38) मेरे बहुत अच्छे मित्र हैं और कई वर्षों से मेरे साथ हैं।

उन्होंने कहा, सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका के अगले राजदूत के रूप में नामित करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। ट्रंप ने कहा कि गोर दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की भूमिका भी निभाएंगे। यह घोषणा अमेरिका और भारत के बीच शुल्क को लेकर जारी तनाव के बीच की गई है। ट्रंप ने कहा कि गोर और उनकी टीम ने संघीय विभागों और एजेंसियों में लगभग 4,000 अधिकारियों की भर्ती रिकॉर्ड समय में की है जिससे 95 प्रतिशत से अधिक पद भरे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि गोर के नाम पर मुहर लगने तक वह 'व्हाइट हाउस' में अपनी वर्तमान भूमिका में बने रहेंगे। इससे पहले एरिक गार्सेटी मई 2023 से जनवरी 2025 तक भारत में अमेरिका के राजदूत थे।



- **व्हाइट हाउस प्रेसिडेंशियल पर्सनल ऑफिस के निदेशक पद पर तैनात थे अब तक**

# भारत को अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों के मजबूत समूह की आवश्यकता : एसआईएमसी

**सिंगापुर, एजेंसी**

- **सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र के शीर्ष अधिकारी ने दी प्रतिक्रिया**

सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएमसी) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत को व्यापार और अनुबंध विवादों के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों का एक मजबूत समूह बनाना होगा।

एसआईएमसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चुआन वी मेंग ने शुक्रवार को कहा, हम भारत में मध्यस्थता मामलों की बढ़ती संख्या देख रहे हैं। भारत एक वैश्विक बाजार व वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक प्रमुख सदस्य है। इसका मतलब है कि देश में मध्यस्थता क्षमता का निर्माण करने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता विवादों को सुलझाने का पसंदीदा तरीका बनता जा रहा है क्योंकि यह तेज और कम खर्चीला है। एसआईएमसी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत के कानून विशेषज्ञों समेत अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम फिर से शुरू करने की योजना बना रहा है।

केंद्र ने इससे पहले 2018 और 2023 में भारत में ऐसे दो सत्र आयोजित किए थे। चुआन ने कहा कि एसआईएमसी ने विवाद समाधान को बढ़ावा देने के लिए हैदराबाद में स्थित अंतर्राष्ट्रीय माध्यस्थम एवं मध्यस्थता केंद्र जैसे भारतीय संगठनों के साथ काम किया है।

## गाजा में इजराइल के हमले में 25 की मौत, भुखमरी का संकट बढ़ा

**खान यूनिस, एजेंसी**

गाजा में शनिवार को इजराइल के हमलों और गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए। स्थानीय अस्पतालों ने यह जानकारी दी। नासिर अस्पताल के मुर्दाघर के रिकॉर्ड और स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, तड़के दक्षिणी गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में कम से कम 14 लोग मारे गए।

हमलों में खान यूनिस में विस्थापित लोगों के लिए बने तंबुओं को निशाना बनाया गया। गाजा के अन्य स्थानों से भागकर आए लाखों लोगों ने यहां शरण ले रखी है। मृतकों में आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे थे। शेख रादवान फील्ड अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी गाजा में ज़िकिम क्रॉसिंग के पास इजराइली गोलीबारी में पांच लोग मारे गए। ये लोग वहां राहत सामग्री के लिए इकट्ठा हुए। इस क्रॉसिंग के जरिये संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियों के काफिले एन्क्लेव में प्रवेश करते हैं। शनिवार को गाजा में अन्य जगहों पर हुए हमलों में छह लोग मारे गए। राहत समूह महीनों से आगाह कर रहे हैं कि युद्ध से भुखमरी का संकट पैदा हो रहा है।

# भारत स्वास्थ्य संकट के कगार पर, मधुमेह, हृदय रोग व कैंसर बढ़ रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पद्म पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टरों के एक समूह ने कहा कि भारत स्वास्थ्य संकट के कगार पर खड़ा है, जहां मधुमेह, हृदय रोग और कैंसर जैसी गैर-संक्रामक बीमारियां (एनसीडी) महामारी के स्तर पर पहुंच रही हैं।

हाल में पैसिफिक वनहेल्थ द्वारा आयोजित एक सत्र में, डॉक्टरों ने चेताया कि तत्काल कार्रवाई के बिना, भारत इस एनसीडी महामारी से बहुत ज्यादा प्रभावित होगा। सर गंगाराम अस्पताल के न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ डी एस राणा ने सार्वभौमिक पहुंच और नैतिक विनियमन की आवश्यकता पर बल दिया। पद्मश्री से सम्मानित डॉ राणा ने कहा, हमारा अंतिम लक्ष्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा होना चाहिए। भारत ने प्रगति की है, लेकिन असमानताएं अभी तक बनी हुई हैं। स्वास्थ्य सेवा को समतापूर्ण बनाने के लिए हमें मजबूत नैतिक प्रथाओं और नियामक साहस की आवश्यकता है, विशेष रूप से दवाओं के मूल्य निर्धारण और अस्पताल की लागत के मामले में। हृदय रोग के बढ़ते मामलों पर, मेदांता के इंटरवेंशनल और स्ट्रक्चरल हार्ट कार्डियोलॉजी के अध्यक्ष, डॉ प्रवीण चंद्रा ने कहा कि हृदय कई रोगों के लिए जिम्मेदार है। पद्मश्री से सम्मानित डॉ चंद्रा ने निवारक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा, गोल्डन ऑवर (जान बचाने के लिहाज से कीमती समय) के दौरान आपातकालीन एंजियोप्लास्टी से अनगिनत लोगों की



- **पद्म पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टरों के समूह ने चेताया**

### दिल्ली में हर तीन में से एक मधुमेह से पीड़ित

पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. अनूप मिश्रा ने मधुमेह पर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। 'फोर्टिस सी-डॉक हॉस्पिटल फॉर डायबिटीज एंड एलाइड साइंसेज' के चेयरमैन और दिल्ली एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के पूर्व प्रोफेसर (मेडिसिन) ने कहा, दिल्ली में हर तीन में से एक निवासी मधुमेह से पीड़ित है, जबकि 30 प्रतिशत लोग प्री-डायबिटिक हैं। यह गर्व करने लायक बात नहीं है- रोकथाम और प्रारंभिक नियंत्रण बेहद महत्वपूर्ण हैं। ओजेम्पिक जैसी दवाएं आशाजनक परिणाम दे सकती हैं, लेकिन जीवनशैली और जागरूकता ही हमारे पास सबसे मजबूत हथियार हैं। सर गंगाराम अस्पताल में इंटरनल मेडिसीन के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. मोहसिन वली ने विश्वास आधारित देखभाल के महत्व पर जोर दिया और अपने अस्पताल के गैर-लाभकारी मॉडल का हवाला देते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य सेवा जैसी होनी चाहिए के आदर्श वाक्य को मूर्त रूप देता है। पद्मश्री से सम्मानित डॉ. वली ने कहा, "ऐसे मॉडल को अपनाकर हम गैर-संक्रामक रोगों के बढ़ते बोझ को प्रभावी ढंग से दूर कर सकते हैं और स्वस्थ भारत की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 24 अगस्त, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 11.48 तक तत्पश्चात द्वितीया।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वर्षा। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 25 अगस्त 02.05, तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष:** आज अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। मित्र के साथ आप गूढ़ चर्चा कर सकते हैं। मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी। संतान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृष:** आज आप जो भी काम करेंगे उसे अच्छी तरह से करेंगे। बौद्धिक कार्यों में आपकी रुचि जागृत होगी। नई डील करने में जल्दबाजी न करें। जीवनसाथी की आपको उत्तम सलाह प्राप्त होगी। लेकिन उनसे वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं।

**मिथुन:** आज का दिन उत्साह से पूर्ण रहेगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। दोस्तों और भाई-बहनों के साथ संबंध मजबूत होंगे। नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** आज आपको सहकर्मियों से सावधानी रखनी चाहिए। घर के सदस्यों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। घर में अनुशासन का वातावरण रहेगा। विवाहेतर संबंधों में रुचि न लें।

**सिंह:** आज रुके हुए कार्यों में गति आयेगी। कठोर परिश्रम के माध्यम से स्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। जीवनसाथी का उचित सहयोग प्राप्त होगा। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कन्या:** आज परिजन आपसे किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में संवादहीनता जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। दोस्तों के साथ व्यर्थ कार्यों में समय बर्बाद न करें। गलत खानपान के कारण पेट में अपच हो सकता है।

**तुला:** आज दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा। आपके व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। रचनात्मक लेखन और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज आपकी प्रतिभा लोगों के सामने आयेगी। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रूचि बढ़ेगी। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। कारोबार को लेकर दूरदर्शी निर्णय ले सकते हैं। समाज में छवि अच्छी बनेगी।

**धनु:** आज घर में सुकून और शांति का वातावरण रहेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। छात्रों को नया अनुभव और ज्ञान प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में अपने लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त कर लेंगे। महिलाओं को मायके पक्ष से खुशखबरी मिल सकती है।

**मकर:** आज आप गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। किसी व्यक्ति की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। इसके कारण आपको आत्मिक प्रसन्नता मिलेगी।

**कुंभ:** आज पति-पत्नी के मध्य के आपसी संबंध और मधुर होंगे। बड़े-बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आपके विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। बेरोजगार युवकों को नई नौकरी मिल सकती है।

**मीन:** आज आप नई ऊर्जा के साथ अपने काम में लगेंगे। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ समय बिताने का प्रयास करें। किसी बात को लेकर आप उलझन में रहेंगे। नई संपत्ति में आप निवेश कर सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको अच्छा धन लाभ मिलेगा।

## सुडोकू-78

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | 1 | | 2 |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 8 | | | | 1 | | 4 | | |
| 6 | | | 4 | 2 | | | 5 | |
| 9 | | 2 | | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | 6 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 2 | | 4 | | 6 | | 5 | | |

### सुडोकू - 77 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 |
| 2 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 9 |



“ उच्चतम न्यायालय में हुई कार्यवाही के अनुसार एआईएफएफ आठ दिसंबर 2025 को समाप्त होने वाले मास्टर राइट्स एग्रीमेंट के संबंध में फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड के साथ सद्भावनापूर्वक बातचीत करेगा।
**–कल्याण चौबे, एआईएफएफ अध्यक्ष**



हाईलाइट



मारिया शारापोवा। एजेंसी

### शारापोवा टेनिस हाल ऑफ फेम में शामिल होंगी

**लंदन :** रूस की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी मारिया शारापोवा और अमेरिका के युगल विशेषज्ञ बॉब और माइक ब्रायन को टेनिस हाल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। कैरियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने वाली 10 महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा ने 2004 में दो बार की गत चैंपियन सेरेना विलियम्स को हराकर विम्बलडन जीता था। उन्होंने 2006 में अमेरिकी ओपन, 2008 में आस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 तथा 2014 में फ्रेंच ओपन जीता था ।वह डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली पहली रूसी खिलाड़ी भी रहीं। उन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में रजत पदक भी जीता जिसमें फाइनल में वह सेरेना से हारी थी। वहीं ब्रायन बंधुओं ने 16 पुरूष युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं जो एक रिकॉर्ड है।

### गोल्फर अदिति ने कट हासिल किया

**मिसिसॉगा (कनाडा) :** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर सीपीकेसी महिला ओपन के दूसरे दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेलकर कट में जगह बनाई। अदिति ने पहले दौर में 71 का कार्ड बनाया था जिससे दो दौर में उनका कुल स्कोर दो अंडर का है जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। वह शीर्ष पर काबिज अकी इवाई (64, 69) से सात शॉट पीछे हैं। अदिति ने दूसरे दौर में पांच बर्डी लगाईं जबकि दो बोगी कर बैठी। वहीं भारतीय मूल की अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर ने भी कट हासिल कर लिया है। वह 74 और 68 के कार्ड खेलकर संयुक्त 45वें स्थान पर हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने विवाद खत्म करने को कहा

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) से मास्टर राइट्स समझौते के नवीनीकरण से संबंधित मुद्दे को सुलझाने को कहा है क्योंकि इससे ही इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आगामी सत्र शुरू नहीं हो सका है। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए एआईएफएफ और एफएसडीएल को इस मुद्दे पर चर्चा करने और अगली सुनवाई की तारीख 28 अगस्त तक समाधान निकालने का निर्देश दिया।

### हरियाणा ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

**जालंधर :** हरियाणा ने अंतिम क्वार्टर में तीन गोल दागकर शनिवार को यहां एक रोमांचक फाइनल में ओडिशा को 3-2 से हराकर जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप जीत ली। पंजाब ने उत्तर प्रदेश को शूटआउट में 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता। फाइनल के दूसरे क्वार्टर में ओडिशा ने दीपक प्रधान (17वें मिनट) और प्रताप टोप्पो (19वें मिनट) की मदद से लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर 2-0 की बढ़त बना ली। चिराग (50वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर हरियाणा के लिए पहला गोल किया और अगले ही मिनट में उनके साथी नितिन (51वें मिनट, 60वें मिनट) ने एक मैदानी गोल करके मैच बराबरी पर ला दिया। इसके कुछ ही क्षण बाद नितिन ने हरियाणा के लिए विजयी गोल दागा।

### कुश्ती टीम ने जीती उपविजेता ट्रॉफी

**नई दिल्ली :** भारतीय महिला कुश्ती टीम ने बुल्गारिया के समोकोव में आयोजित 2025 अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में एक बार फिर इतिहास रचते हुए उपविजेता ट्रॉफी जीती और कुल 7 पदक - 2 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य - हासिल किए। पदक विजेता - महिला कुश्ती स्वर्ण पदक (57 किग्रा) : तपस्या ने नॉर्वे की फेलिसिटास डोमजेवा को 5-2 के स्कोर से हराकर भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक (72 किग्रा) : काजल ने चीन की युकी लियू को 8-6 से कड़े मुकाबले में हराकर भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

## भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ महिला टीम खेलेगी वर्ल्ड कप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व हरफनमौला रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों के मिश्रण को शानदार करार देते हुए कहा कि यह विश्व कप में अब तक की सबसे मजबूत और घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने की दावेदार टीम है।

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का आयोजन 30 सितंबर से दो नवंबर तक होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज शुरुआती दिन गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ करेगी। भारत की 15 सदस्यीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के शानदार मिश्रण का जिक्र करते हुए रीमा ने कहा यह किसी भी महिला विश्व कप को देखे तो भारत की सबसे मजबूत टीम है। इसमें हरमनप्रीत (कौर), स्मृति मंधाना, जैमी (जेमिमा रोड्रिग्स), दीप्ति (शर्मा) जैसी अनुभवी खिलाड़ी है तो वहीं अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, श्री चरणी और ऋचा घोष जैसे दमखम वाले युवा भी है।

उन्होंने कहा टीम में जोश और होश का अच्छा मिश्रण है। मुझे नहीं लगता कि आपको विश्व कप के लिए इससे अच्छी टीम मिलेगी। आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा टीम में जगह बनाने में नाकाम रही लेकिन रीमा ने उनकी जगह प्रतिका रावल के चयन को सही करार देते हुए कहा कि दिल्ली की इस बल्लेबाज के प्रदर्शन में निरंतरता रही है। प्रतिका ने भारत के लिए 14 एकदिवसीय में 54.07 के औसत से 754 रन (एक शतक और पांच अर्धशतक) रन बनाए हैं।

शेफाली के नाम 29 एकदिवसीय में लगभग 23 के औसत से 644 रन (चार अर्धशतक) है। इस दौरान शेफाली का स्ट्राइक रेट 83.20 का रहा है तो वहीं प्रतिका ने इस मामले में भी बेहतर करते हुए 87.43 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। भारत के लिए 41 एकदिवसीय और 22 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली रीमा ने कहा शेफाली बड़ा नाम है। वह ऐसा एक्स फैक्टर (अपने दम पर मैच पासा पलटने वाला खिलाड़ी) है जिसे आप अपनी टीम में चाहते हैं। जब एक्स फैक्टर का सामना प्रदर्शन में निरंतरता से होता है तो मुझे लगता है कि कप्तान और चयनकर्ताओं ने नियमित अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को तरजीह दी है और यह सही भी है।

उन्होंने कहा प्रतिका ने मौकों को भुनाकर टीम में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने पिछली कुछ श्रृंखलाओं में खुद को साबित किया है। रीमा ने कहा कि भारत की बल्लेबाजी हमेशा मजबूत रही है लेकिन मौजूदा टीम में अब तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाज के साथ गेंदबाजी भी में काफी विविधता है। उन्होंने कहा इस टीम में तेज गेंदबाजी में रेणुका सिंह ठाकुर, अमनजोत और अरुंधति रेड्डी का विकल्प है तो वहीं स्पिन में दीप्ति और राधा यादव के साथ स्नेह राणा भी है। स्नेह राणा सफेद गेंद के मैचों के लिए काफी परिपक्व हो चुकी है और उन्हें पता है कि वनडे में कैसी गेंदबाजी करनी है। भारतीय परिस्थितियों में यह तिकड़ी काफी कारगर साबित होगी।

### दो बार फाइनल तक पहुंची टीम

- भारत दो बार फाइनल में पहुंचने के बावजूद महिला क्रिकेट विश्व कप अभी तक नहीं जीत पाया है। 2017 के फाइनल में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ नौ रनों से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि 2005 के फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया ने 98 रनों से हराया था। आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर रीमा ने कहा हम कुछ मौकों पर खिताब के करीब पहुंचे, लेकिन चैंपियन बनने से दूर रह गए। लेकिन यह अलग टीम है। जब आप अच्छा करके बड़े टूर्नामेंट में जाते है तो आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा होता है। आईसीसी टूर्नामेंट जीतने के लिए आपको मजबूत आत्मविश्वास चाहये। इस टीम के पास विश्व कप जीतने का आत्मविश्वास है।

**● पूर्व खिलाड़ी रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला टीम को ट्रॉफी का सबसे बड़ा दावेदार बताया**



रीमा मल्होत्रा।

## विशाखापट्टनम से महिला विश्व कप अभियान का आगाज करेगा भारत

### एक सप्ताह के शिविर में ऑस्ट्रेलिया से खेले जाएंगे तीन वनडे मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम का विश्व कप 2025 से पहले विशाखापट्टनम में 25 अगस्त से एक सप्ताह का शिविर शुरू होगा। शिविर के बाद तैयारी के तहत भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगी। एक सप्ताह तक चलने वाला यह शिविर 25 अगस्त से शुरू होगा और इसके लिए खिलाड़ियों को एक दिन पहले रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है।

इस शिविर में विश्वकप के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम के अलावा, स्टैंड-बाय के रूप में घोषित छह खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इनमें सयाली सतघरे भी हैं, जो कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए घोषित टीम में शामिल हैं। वह विश्वकप में ऑलराउंडर अमनजोत कौर की जगह लेगी। वर्तमान में ब्रिस्बेन में लाल गेंद के मैच में भारत ए की कप्तानी कर रही राधा यादव 24 अगस्त को मैच समाप्त होने के बाद सीधे शिविर से जुड़ जाएंगी।



इस शिविर में बाद में भारत ए टीम के भी शामिल होने की संभावना है, जिसका अधिकांश हिस्सा वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ एक अनौपचारिक टेस्ट मैच खेल रहा है। भारत ए टीम को अपना पहला आधिकारिक विश्व कप अभ्यास मैच बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंट (सीओई) में न्यूजीलैंड से भिड़ना है। श्रीलंका, पाकिस्तान, बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका की टीमें शुरुआत में सह-मेजबान शहर कोलंबो में ठहरेंगी और अपने दोनों अभ्यास मैच वहीं खेलेंगी। इस शिविर के लिए स्थल का चुनाव एक रणनीतिक कदम है, क्योंकि भारत को घरेलू विश्व कप के राउंड-रॉबिन चरण में विशाखापट्टनम के एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में दो प्रतिद्वंद्वियों, नौ अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना है। भारतीय महिला टीम ने आखिरी बार 2014 में विशाखापट्टनम में एकदिवसीय मैच खेला था।

विशाखापट्टनम के अलावा, गुवाहाटी, इंदौर और नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम आठ टीमों के इस वैश्विक आयोजन की मेजबानी करने वाले अन्य भारतीय शहर हैं। 14 सितंबर को मुल्लांपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू सीरीज से पहले टीम के एक छोटे ब्रेक के लिए रवाना होने से पहले दूधिया रोशनी में मैच भी खेले जाने की उम्मीद है।

### भारतीय टीम

ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है :- **हरमनप्रीत कौर (कप्तान)**, स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), स्नेह राणा। स्टैंडबाय खिलाड़ी : तेजल हसब्निस, प्रेमा रावत, प्रिया मिश्रा महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए भारतीय की टीम इस प्रकार है :- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), स्नेह राणा स्टैंडबाय खिलाड़ी : तेजल हसब्निस, प्रेमा रावत, प्रिया मिश्रा, उमा छेत्री, मिन्नू मणि, सयाली सतघरे।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगातीं शेफाली वर्मा। एजेंसी

## भारत ए टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर कसा शिकंजा

**ब्रिसबेन :** मध्यक्रम बल्लेबाज राघवी बिष्ट (86 रन) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (52 रन) के अर्धशतकों की बदौलत भारत ए महिला टीम ने शनिवार को चार दिवसीय एकमात्र अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए पर अच्छी पकड़ बना ली। शेफाली और राघवी की पारियों की बदौलत भारत ए ने दिन का खेल समाप्त होने तक आठ विकेट पर 260 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 254 रन तक पहुंचा ली। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने सुबह पांच विकेट पर 158 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। पूरी टीम अपनी पहली पारी में 305 रन पर सिमट गई जिससे उसने छह रन की मामूली बढ़त हासिल की।

सियाना जिंजर ने 24 रन को शतक में तब्दील कर ऑस्ट्रेलिया को उबारने में मदद की। उन्होंने निचले क्रम की बल्लेबाजों के साथ भागीदारी बनाते हुए 138 गेंद में 103 रन की शतकीय पारी खेली। जिंजर और निकोल फाल्टम ने छठे विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की जिससे ऑस्ट्रेलिया ए की टीम भारत के स्कोर को पार करने में सफल रही। ऑफ स्पिनर एम एडगर ने फिर भारत के नियमित अंतराल पर विकेट झटके।

उन्होंने 53 रन देकर चार विकेट हासिल किए। लेकिन पहले शेफाली और फिर बिष्ट ने छोटी ही सही लेकिन महत्वपूर्ण साझेदारियां करके भारतीय पारी को आगे बढ़ाया। इनमें सबसे अहम साझेदारी बिष्ट और तनुश्री सरकार के बीच पांचवें विकेट के लिए 68 रन की रही। बिष्ट दिन के अंत में एडगर का शिकार हुईं। तब सात ओवर का खेल बचा था। उन्होंने 119 गेंद में अर्धशतकीय पारी खेली।

## अर्जुन और इलावेनिल ने मिश्रित में जीता स्वर्ण

**शिमकेंट (कजाखस्तान), एजेंसी**

एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

भारत के अर्जुन बाबूता और इलावेनिल वालारिवन ने यहां चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17.11 से हराया। चीनी जोड़ी शुरुआती दौर में आगे थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 9.5 और 10.1 के स्कोर से उबरते हुए शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। इलावेनिल इससे



पहले महिला वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण जीत चुकी हैं। वहीं बाबूता ने रूद्रांक्ष पाटिल और किरण जाधव के साथ पुरूष 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पीला तमगा जीता है। भारत की शांभवी श्रवण और नारायण प्रणव की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर वर्ग में स्वर्ण जीता। उन्होंने चीन को 16.12 से हराया।

भारतीय टीम क्वालीफिकेशन में दो चीनी टीमों के पीछे थी लेकिन एक देश से एक ही टीम भाग ले सकती है तो चीन के तांग हुइकी और हान यिनान क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के कारण फाइनल में पहुंचे। भारतीय टीम ने 629.5 स्कोर किया जबकि चीन 2 का स्कोर 632.5 और चीन 1 का स्कोर 630 था। शांभवी ने 105.4, 105.2 और 104.4 स्कोर किया जबकि प्रणव ने 103.7, 105.7 और 105.1 स्कोर किया।

## सैफ अंडर-17 में भारतीय टीम जीती

**नई दिल्ली :** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भूटान के थिम्पू स्थित चांगलिमथांग स्टेडियम में बांग्लादेश को 2-0 से हरा दिया।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने विज्ञप्ति में कहा भारत की अंडर-17 महिला टीम ने संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की।



रियो डी जेनेरियो के कैरिओका एरिना में 41वीं एफआईजी रिदमिक जिम्नास्टिक विश्व चैंपियनशिप के व्यक्तिगत ऑल-अराउंड फाइनल के दौरान प्रदर्शन करती हुईं जर्मनी की अनास्तासिया सिमाकोवा। एजेंसी

## इस बार यूएस ओपन 15 दिन खेला जाएगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

इस बार रविवार से शुरू हो रहा वर्ष का चौथा और आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन 15 दिनों तक खेला जाएगा।

टूर्नामेंट आयोजकों ने कहा कि अतिरिक्त दिन से न केवल खिलाड़ियों पर कार्यक्रम संबंधी दबाव में कमी आएगी और बल्कि प्रशंसकों का अनुभव भी बेहतर होगा। पिछले साल 2024 के संस्करण 832,000 से अधिक रिकार्ड दर्शकों को आकर्षित किया था। इस बार साल 70 हजार अतिरिक्त प्रशंसकों के आने की उम्मीद है। अमेरिकी सनसनी बेन शेल्टन आर्थर ऐश स्टेडियम में एक क्वालीफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का मुकाबला रेबेका मासरोवा से होगा, जबकि रात के सत्र में 19 वर्षीय कैलिफोर्नियाई लर्नर टीएन और चार बार के यूएस ओपन विजेता नोवाक जोकोविच के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एम्मा राडुकानू अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगी, जबकि चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना हमवतन अमेरिकी एमिलियो नवा से होगा। बाद में शाम कोउवर्तमान 13वीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव का सामना फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी से होगा।

## केरल आएंगे मेसी नवंबर में खेलेंगे दोस्ताना मैच

**तिरूवनंतपुरम :** केरल के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने शनिवार को पुष्टि की कि फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी समेत अर्जेंटीना की टीम इस साल नवंबर में केरल में दोस्ताना मैच खेलने आएगी।

अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि मैनेजर लियोनेल स्कालोनी की अर्जेंटीना टीम अंगोला के लुआंडा और केरल में दोस्ताना मैच खेलेगी। इसके बाद केरल के खेलमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि केरल ने एएफए से मैच इस साल अक्टूबर या नवंबर में खेलने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा पहले एएफए 2026 में ये मैच खेलना चाहता था। हमने उनसे अनुरोध किया कि केरल में मैच इसी साल खेले। अब एएफए ने इसकी पुष्टि कर दी है।

परेशानी

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कथित तौर पर हैं अस्वस्थ

## दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शुभमन गिल कुछ दिनों में बेंगलुरु में शुरू होने वाली आगामी दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं, क्योंकि भारतीय टेस्ट कप्तान कथित तौर पर अस्वस्थ हैं। उन्हें उत्तर क्षेत्र टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था।

उत्तर क्षेत्र की चयन समिति पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में 28 अगस्त से शुरू होने वाली अंतर-क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए गिल की अनुपलब्धता की संभावना पर विचार कर रही है। हालांकि, शुक्रवार (22 अगस्त) तक उन्हें उत्तर क्षेत्र संघों से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली थी। हालांकि, क्रिकबज को पता चला है कि फिजियो ने हाल ही में उनकी



जांच की और लगभग 24 घंटे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को स्वास्थ्य स्थिति रिपोर्ट सौंपी। फिलहाल, गिल (25) चंडीगढ़ में हैं और घर पर आराम कर रहे हैं। बीसीसीआई और चयन समिति (राष्ट्रीय और क्षेत्रीय) के अधिकारियों ने गिल की उपलब्धता के बारे में पूछे गए विशिष्ट सवालों का तुरंत जवाब नहीं दिया, लेकिन भारतीय टेस्ट कप्तान के करीबी सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। गिल किसी भी हालत में पूरे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाते, क्योंकि उन्हें 9 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप में राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना था। दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितंबर तक चलेगी, और ज्यादा से ज्यादा वह केवल शुरुआती मैच के लिए ही उपलब्ध हो सकते थे। उत्तर क्षेत्र को बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर अपने क्वार्टर फाइनल में पूर्व क्षेत्र का सामना करना है। इस महीने की शुरुआत में, गिल इंग्लैंड के बेहद सफल दौरे से लौटे थे, जहां उन्होंने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैचों में 754 रन बनाए थे, जिसके बाद राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने उन्हें एशिया कप के लिए भारत की ट्वेंटी-20 टीम में चुना।

### शुभम को चुना गया था गिल की जगह

- उत्तर क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने गिल के प्रतियोगिता से बाहर रहने की स्थिति में उनके प्रतिस्थापन की व्यवस्था पहले ही कर ली थी। टीम की घोषणा के समय शुभम रोहिल्ला को गिल की जगह चुना गया था। अंकित कुमार को उत्तर क्षेत्र की टीम का उप-कप्तान बनाया गया है, जिसका अर्थ है कि अब वह दलीप ट्रॉफी में क्षेत्र की कप्तानी करेंगे। एशिया कप टीम में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा, दोनों ही पहले मैच के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए क्षेत्रीय टीम छोड़ देंगे। अगर उत्तर क्षेत्र पहले मैच, जो एक नॉकआउट मैच है।